@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/qaumipatrika

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
वीरवार, 26 दिसंबर 2024

# कौमी पत्रिका
## राष्ट्रीय दैनिक अखबार

VISIT: www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 18 अंक 46 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## भारत में एक देश एक चुनाव असांविधानिक और अव्यावहारिक: प्रशांत भूषण

नई दिल्ली, 25 दिसंबर। सुप्रीम कोर्ट के जाने माने वकील और कार्यकर्ता प्रशांत भूषण ने एक देश एक चुनाव पर अपने विचार व्यक्त किए। जहां उन्होंने मंगलवार को इसे अव्यावहारिक और असंवैधानिक बताते हुए कहा कि संसदीय लोकतंत्र में एक साथ चुनाव कराना व्यावहारिक नहीं है क्योंकि सरकार का कार्यकाल बहुमत पर निर्भर करता है। प्रशांत भूषण ने बात पर भी जोर दिया कि हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने धार्मिक स्थलों पर कब्ज़ा करने और बुलडोजर न्याय के खिलाफ जो फैसले दिए वे महत्वपूर्ण थे। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने मस्जिदों को मंदिरों के लिए अधिग्रहित करने से जुड़ी सभी मुकदमों पर रोक लगाई है जो एक अच्छा कदम है।



प्रशांत भूषण ने बुलडोजर न्याय पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने ये भी कहा कि यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर न्याय पर भी रोक लगाई है, जिससे अवैध रूप से संपत्ति ध्वस्त करने पर काबू पाया गया है। इसके अलावा, उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की शक्तियों के दुरुपयोग पर भी चिंता जताते हुए कहा कि ईडी को विपक्षी नेताओं, पत्रकारों और कार्यकर्ताओं को परेशान करने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था। इसके साथ ही प्रशांत भूषण ने आर्थिक लोकतंत्र और राजनीतिक लोकतंत्र के बीच अंतर को समझने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि देश में आर्थिक असमानता इतनी बढ़ चुकी है कि कुछ बड़े परिवारों के पास देश के निचले 50 प्रतिशत लोगों से ज्यादा संपत्ति है। उन्होंने प्रगतिशील कर और संपत्ति कर की बात की, जो आर्थिक असमानता को कम कर सकते थे। उन्होंने कहा कि सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हर व्यक्ति को बुनियादी सुविधाएं जैसे भोजन, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा मिल सके ताकि वह एक सम्मानजनक जीवन जी सके।

# पानी के लिए आंबेडकर ने काम किया, कांग्रेस ने सच्चाई छिपाई: पीएम मोदी

**सिम्मी कौर बब्बर**

भोपाल, 25 दिसंबर। पीएम नरेंद्र मोदी ने केन-बेतवा लिंक परियोजना का शिलान्यास कर दिया है। इस परियोजना से मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के लोगों को फायदा होगा। किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा और शहरों में पेयजल भी उपलब्ध कराया जा सकेगा। पीएम मोदी ने कहा कि आने वाले समय में मध्य प्रदेश देश के टॉप की इकॉनमी में से एक होगा। इसमें बुंदेलखंड की बड़ी भूमिका होगी। विकसित मध्य प्रदेश और विकसित भारत बनाने में बुंदेलखंड अपनी भूमिका निभाएगा। पीएम मोदी ने कहा कि पानी हर किसी के जीवन से जुड़ा है। इसलिए ही आज यह लोगों की भीड़ मुझे आशीर्वाद देने आई है। पीएम मोदी ने बाबा साहब आंबेडकर को जल शक्ति योजनाओं का क्रेडिट दिया। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय जलआयोग के पीछे बाबा साहब आंबेडकर का हाथ था। लेकिन कांग्रेस ने कभी बाबा साहेब को क्रेडिट नही दिया। सभी कामों के लिए एक व्यक्ति को क्रेडिट दिया गया। देश के राज्यों के बीच पानी को लेकर विवाद थे। देश में जल शक्ति के लिए बाबा साहब आंबेडकर ने प्रयास किए। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने कभी भी जल संकट के स्थाई सामाधान के लिए नहीं सोचा। भारत के लिए नदी जल का महत्त्व क्या है इसको समझने वाले लोगों में बाबा साहब आंबेडकर पहले व्यक्ति थे। देश आजाद होने के बाद सबसे पहले जल शक्ति के लिए, पानी के लिए दूरदृष्टि आयोजन , पानी का सामर्थ के बारे में सबसे पहले बाबा साहब ने सोचा था। इस सच्चाई को दबाकर रखा गया। एक ही व्यक्ति को क्रेडिट देने के नशे में सच्चे सेवक को भुला दिया गया। देश आजाद होने के बाद भारत की जल शक्ति, नदियों के लिए बड़े बांध बनाने की दूरदृष्टि , बड़ी नदी घाटी योजनाओं के लिए बाबा साहब ने काम किया। जल शक्ति आयोग भी बाबा साहेब की देन है। पीएम मोदी ने कहा देश में जब जब भाजपा को जहां जहां सेवा करने का मौका मिला है। हमनें पुराने रिकॉर्ड तोड़कर काम किया है। आजादी के दिवानों ने जो सपने देखे थे, उन्हें साकार करने के लिए हम दिन रात पसीना बहा रहे हैं। अतीत में कांग्रेस की सरकारें सिर्फ घोषणाएं करने का काम करती थी। अखबरों में विज्ञापन देना, दीए जलाना ही उनका काम था। 35-35 साल बीते के बाद भी योजनाओं का काम शुरू नहीं होता था। केन-बेतवा लिंक परियोजना के शिलान्यास के बाद पीएम मोदी अब कार्यक्रम को संबोधित कर रहे हैं। उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत बुंदेलखंड की भाषा से की।




उन्होंने इसाई समाज के लोगों को क्रिसमस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की मोहन यादव सरकार को एक साल पूरा हो गया है। मप्र के लोगों को मैं इसके लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं। इस एक साल में प्रदेश में विकास की अगल रफ्तार दिख रही है। केन-बेतवा लिंक परियोजना का शिलान्यास हुआ है। ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सौर परियोजना का लोकार्पण भी हुआ है। पीएम मोदी ने कहा कि आज अटलजी की जयंती को 100 साल हो गए हैं। यह हमारे लिए सुशासन दिवस है। पीएम मोदी ने कहा- मप्र में 1100 से अधिक अटल ग्राम सेवा सदन के निर्माण का काम आज से शुरू हो रहा है। इसके लिए पहली किस्त जारी की गई है। अटल ग्राम सेवा सदन गांवों के विकास को नई गति देंगे। हमारे लिए सुशासन दिवस एक दिन का कार्यक्रम भर नहीं है। सुशासन भाजपा सरकारों की पहचान है। देश की जनता ने लगातार तीसरी बार केंद्र में भाजपा की सरकार बनाई। मप्र में आप सभी लगातार भाजपा को चुन रहे हैं।

## प्रवेश वर्मा को पेश कर सकती है भाजपा: अरविंद केजरीवाल

**कौमी संवाददाता**

दिल्ली, 25 दिसंबर। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को दावा किया कि भाजपा दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए प्रवेश वर्मा को अपने मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित करने की योजना बना रही है। अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर लिखा, भाजपा प्रवेश वर्मा को अपना सीएम चेहरा घोषित करने जा रही है। क्या दिल्ली के लोग ऐसे वयक्ति को अपना सीएम बनाना चाहेंगे? एक अन्य पोस्ट में केजरीवाल ने आरोप लगाया कि एक भाजपा नेता मतदाताओं को पैसे बांटते हुए पकड़ा गया। मैं अनपी नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र के कई इलाकों से लौटा हूं। हर जगह लोगों ने मुझे



बताया कि ये लोग (भाजपा) खुलेआम वोट खरीद रहे हैं। वे एक वोट के लिए 1100 रुपये की पेशकश कर रहे हैं। केजरीवाल ने कहा, अगर आपने (भाजपा) मुझे गाली देने के बजाय पिछले दस वर्षों में जनता के लिए काम किया होता तो आपको इस चुनाव में वोट खरीदने के की जरूरत नहीं पड़ती। वहीं, सीएम आतिशी ने कहा, नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग इलाकों की झुग्गियों से महिलाओं को वहां बुलाकर एक लिफाफे में 1100 रुपये दिए गए। मैं ईडी और सीबीआई से कहना चाहती हूं कि प्रवेश वर्मा के घर पर अभी भी करोड़ों रुपये की नकदी पड़ी है, आप अभी जाइए।

## मेरे भविष्य की भूमिका के बारे में भाजपा करेगी फैसला: रघुबर दास

नई दिल्ली, 25 दिसंबर। ओडिशा के निवर्तमान राज्यपाल रघुबर दास ने बुधवार की सुबह पुरी में जगन्नाथ मंदिर में देवताओं की पूजा अर्चना की। मंदिर से बाहर निकलने के बाद उन्होंने कहा कि उनकी भविष्य की भूमिका के बारे में भाजपा फैसला करेगी। उन्होंने कहा कि ओडिशा में उन्हें सुखद अनुभव हुआ। रघुबर दास ने बताया कि ओडिशा उनके लिए एक यादगार पल रहेगा। लोगों को सलाम करते हुए उन्होंने उम्मीद जताई कि ओडिशा 2036 में एक विकसित राज्य बन जाएगा। बता दें कि 2036 में राज्य अपने गठन के 100 साल पूरे कर लेगा। मीडिया से बात करते हुए रघुबर दास ने कहा, मैं एक श्रमिक परिवार से हूं। मैंने 1980 में भाजपा की सदस्यता ली थी। मैंने बूथ स्तर की समिति के अध्यक्ष से लेकर मंडल, राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक विभिन्न भूमिकाओं में काम किया। मुझे झारखंड की जनता की सेवा करने का अवसर मिला, इसलिए हमारी पार्टी मेरी भविष्य की भूमिका के बारे में फैसला करेगी।

## चुनावी मैदान में शाहरुख पठान उतार सकती है ओवैसी की पार्टी

नई दिल्ली, 25 दिसंबर। असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के दिल्ली प्रमुख शोएब जमाई ने दिल्ली दंगों के आरोपी शाहरुख पठान के परिवार से मुलाकात की है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार ओवैसी की पार्टी शाहरुख पठान को इस बार के विधानसभा चुनाव में मैदान में उतार सकती है। बता दें कि दिल्ली दंगों के आरोपी शाहरुख पठान फिलहाल जेल में है। शोएब जमई ने एक्स पर लिखा, पिछले दिनों जेल में बंद शाहरुख पठान के घर पर उनकी मां से मेरी मुलाकात हुई। दिल्ली मजलिस (ढ्स्ढ्रू) का एक डेलिगेशन उनके परिवार से मुलाकात करके उनके हालात और कानूनी सहायता के सिलसिले में बातचीत की है। उन्होंने आगे लिखा, दिल्ली में इंसाफ की मुहीम में हमारा यह छोटा सा कदम कई परिवारों को हौसला देगा, जिनके बच्चे बिना ट्रायल के सालों से जेल में बंद है। सुप्रीम कोर्ट के अनुसार जमानत उन कैदियों का अधिकार है जिनके मामले लंबित हैं. उनकी मां का कहना है कि अरविंद केजरीवाल के इशारे पर ही उनके बेटे पर केस दर्ज किया गया और यह बात वह भूल नहीं सकेंगे। पिछले दिनों जेल में बंद शाहरुख पठान के घर पर उनकी मां से मेरी मुलाकात हुई। दिल्ली मजलिस (ढ्स्ढ्रू) का एक डेलिगेशन उनके परिवार से मुलाकात करके उनके हालात और कानूनी सहायता के सिलसिले में बातचीत की है। पठान पर दंगा करने, विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने वाले गैरकानूनी जमावड़े सहित कई अपराधों का आरोप है। पठान हिंसा के दौरान हेड-कांस्टेबल दीपक दहिया पर पिस्तौल तानने और रोहित शुक्ला नामक व्यक्ति की हत्या की कोशिश के दो मामलों में आरोपी है।

# तृणमूल सरकार ने जिहादियों के लिए राज्य को बनाया सुरक्षित पनाहगाह: सुकांत मजूमदार

**सौरभ शर्मा**

कोलकाता, 25 दिसंबर। केंद्रीय मंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने बुधवार को पश्चिम बंगाल में अंसार-अल इस्लाम बांग्लादेश के कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी की खबरों पर चिंता जताई और आरोप लगाया कि ममता बनर्जी सरकार ने राज्य को पड़ोसी देश के जिहादी तत्वों के लिए सुरक्षित पनाहगाह में बदल दिया है। पत्रकारों से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने कहा कि रिपोर्टों के अनुसार प्रतिबंधित संगठन के गिरफ्तार सदस्यों ने मुर्शिदाबाद जिले में मतदाता पहचान पत्र, पासपोर्ट और अन्य दस्तावेज भी हासिल कर लिए थे और पुलिस के साथ-साथ राज्य खुफिया विभाग भी उन्हें पकड़ने में विफल रहा। उन्होंने कहा, ममता बनर्जी सरकार के उदासीन रवैये के कारण, इस्लामी कट्टरपंथी पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले जैसी जगहों पर अपने ठिकाने बना रहे हैं, असली दस्तावेज हासिल कर रहे हैं और मुर्शिदाबाद जैसी जगहों पर युवाओं को भड़का रहे हैं। मुख्यमंत्री अपनी तुष्टिकरण नीति को आगे बढ़ाने में व्यस्त हैं और इस्लामी कट्टरपंथियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही हैं। उन्होंने कहा, हम राज्य में सबसे असुरक्षित स्थिति में रह रहे हैं। मुर्शिदाबाद और उत्तर 24



परगना जिले के बशीरहाट जैसे स्थानों से अंतर-राज्यीय एसटीएफ बलों की तरफ से आतंकवादियों को पकड़ा जा रहा है। जबकि हम वाजपेयी जी की तरफ से प्रधानमंत्री रहते हुए लाए गए सुशासन की बात कर रहे हैं, हम ममता बनर्जी के शासन में पश्चिम बंगाल में अपशासन देख रहे हैं। वहीं पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता और नंदीग्राम से भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि नंदीग्राम, पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की तरफ से जिहादी कार्यकर्ताओं को अपना आश्रय बनाने में मदद की जा रही है। पुलिस और जिला प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी के नेतृत्व वाली सरकार की तुष्टिकरण नीति मुर्शिदाबाद जैसे कुछ सीमावर्ती जिलों और उत्तर 24 परगना के कुछ हिस्सों में जनसंख्या के जनसांख्यिकीय प्रोफाइल परिवर्तन की खतरनाक स्थिति पैदा कर सकती है, जो देश की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर सकती है। उन्होंने कहा कि शेख हसीना सरकार के हटने और इस्लामी ताकतों के उदय के बाद बांग्लादेश में हाल ही में हुए घटनाक्रमों से स्थिति और बिगड़ गई है और राज्य सरकार इन खतरों के प्रति उदासीन है। हाल ही में असम पुलिस ने पश्चिम बंगाल और केरल पुलिस के सहयोग से अंसार-अल इस्लाम बांग्लादेश के आठ संदिग्ध कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है।

# डॉ. आंबेडकर के अपमान के लिए देश से माफी मांगे कांग्रेस: सीएम फडणवीस

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

नागपुर, 25 दिसंबर। आंबेडकर मुद्दे पर भाजपा शासित राज्यों के सीएम लगातार कांग्रेस पर हमलावर हो रहे हैं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी आंबेडकर के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरा। फडणवीस ने कहा कि कांग्रेस को डॉ. बीआर आंबेडकर के बार-बार अपमान के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए। प्रेस वार्ता में फडणवीस ने कहा कि कांग्रेस ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भाषण को तोड़-मरोड़कर पेश किया है। हमेशा डॉ. आंबेडकर का अपमान करने वाली कांग्रेस को देश कभी माफ नहीं करेगा। कांग्रेस को हमेशा यह चिंता रही कि किसी भी कद नेहरू और गांधी परिवार से बड़ा न हो जाए। कांग्रेस ने लोगों को गुमराह करने के लिए आंबेडकर पर की गईं टिप्पणियों को तोड़-मरोड़कर पेश किया है। भाजपा और शाह सपने में भी डॉ. आंबेडकर का अपमान नहीं कर सकते। सीएम ने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा में उनके खुद भाषण को भी इस तरह से तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया। इसमें उन्होंने कहा था कि नक्सली देश के संविधान में विश्वास नहीं करते। फडणवीस ने कहा कि अब हमारे पास ऐसी तकनीक है जिससे हम ऐसे संदेशों को प्रसारित करने वालों की पहचान के लिए संपूर्ण डिजिटल फुटप्रिंट प्राप्त कर सकते हैं। फडणवीस ने कहा कि कांग्रेस भी जानती है कि ईवीएम से छेड़छाड़ नहीं की



जा सकती, लेकिन कोई उस व्यक्ति को नहीं जगा सकता जो सोने का नाटक कर रहा हो। महायुति को विधानसभा चुनावों में भारी जनादेश मिला है, क्योंकि हमने लोकसभा चुनावों में विपक्ष की ओर से फैलाए गए झूठ को बेनकाब कर दिया। फडणवीस ने कहा कि यह जनादेश बहुत सारी अपेक्षाएं और चुनौतियां लेकर आया है। फडणवीस ने कहा कि मैं जनता को बताना चाहता हूं कि सत्ता मेरे सिर पर नहीं चढ़ती। मैं आपको कभी निराश नहीं करूंगा। मेरा मानना है कि सत्ता सेवा का एक साधन है। राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले सहयोगी दलों एनसीपी और शिवसेना के साथ जिलों के संरक्षक मंत्रियों की नियुक्ति के मुद्दे पर चर्चा करेंगे। वह जो भी निर्णय लेंगे, वह मेरे लिए बाध्यकारी होगा। अगर अनुमति मिले तो मैं गढ़चिरौली का संरक्षक मंत्री बनना चाहूंगा। फडणवीस ने कहा कि नक्सलवाद कम हो रहा है। गढ़चिरौली जिले में काफी विकास हो रहा है। बीड में सरपंच की हत्या को लेकर फडणवीस ने कहा कि इस मामले को हमने गंभीरता से लिया है। हम अराजकता बर्दाश्त नहीं करेंगे। बीड जिले को बदनाम करना गलत है। शाह ने पिछले हफ्ते राज्यसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान आंबेडकर पर बयान दिया था। कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि शाह ने आंबेडकर का अपमान किया। इसके विरोध में कांग्रेस ने आंबेडकर सम्मान सप्ताह शुरू किया है, जिसके तहत पार्टी कार्यकर्ता और नेता देशभर में रैली और प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करेंगे, ताकि आंबेडकर के योगदान को याद किया जा सके।

## परमाणु ऊर्जा संयंत्र मामले में हसीना के विरुद्ध जांच शुरू

ढाका, 25 दिसंबर। बांग्लादेश में एक भ्रष्टाचार रोधी समिति ने रूपपुर एटमी ऊर्जा संयंत्र में पांच अरब डॉलर के गबन के आरोपों को लेकर पूर्व पीएम शेख हसीना और उनके परिवार के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। बांग्लादेश में रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र के निर्माण में भारतीय कंपनियां भी शामिल हैं। इसका निर्माण रूस की सरकारी कंपनी रोसातम कर रही है। रूस द्वारा डिजाइन किया गया पहला बांग्लादेशी परमाणु ऊर्जा संयंत्र, रूपपुर बांग्लादेश की राजधानी ढाका से 160 किलोमीटर पश्चिम में बनाया जा रहा है। 'बीडीन्यूज' की रिपोर्ट के मुताबिक, इस बारे में हसीना के साथ उनके बेटे सजीब वाजेद जॉय और उनकी भांजी एवं ब्रिटेन की वित्त मंत्री ट्यूलिप सिद्दीक से भी पूछताछ की गई। रिपोर्ट में कहा गया कि ऊर्जा संयंत्र परियोजना में पांच अरब डॉलर के गबन का आरोप है। रूसी निकाय ने आरोपों का खंडन करते हुए कहा है कि वह अपनी सभी परियोजनाओं में खुलेपन की नीति पर प्रतिबद्ध है। उसने कहा, रोसाटॉम स्टेट कॉर्पोरेशन रूपपुर एनपीपी परियोजना के कार्यान्वयन में एक पारदर्शी खरीद प्रणाली बनाए रखा है।

## संजय राउत ने वाजपेयी को बताया दूसरा नेहरू

मुंबई, 25 दिसंबर। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने दिवंगत भाजपा नेता और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को भारतीय राजनीति का दूसरा नेहरू बताया। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि जब भी राजधर्म खतरे में आएगा, वाजपेयी को याद किया जाएगा। बता दें कि बुधवार 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती मनाई जा रही है। शिवसेना (यूबीटी) ने कहा कि भले ही उनकी पार्टी भाजपा के साथ नहीं है, लेकिन इसके बावजूद वाजपेयी को हमेशा याद किया जाएगा। संजय राउत ने कहा, वर्तमान समय में भाजपा पंडित जवाहर लाल नेहरू की विरासत क बदनाम कर रही है, लेकिन अटल बिहारी वाजपेयी दूसरे नेहरू थे। वे गैर कांग्रेसी पार्टी के नेहरू थे। उन्होंने आगे कहा, कट्टर हिंदित्ववादी होने के बावजूद वाजपेयी का मानना था कि देश सभी का है। वाजपेयी के नेतृत्व के दौरान लोगों का मानना था कि उनकी पार्टी भारत को एकजूत रखना चाहती है। शिवसेना (यूबीटी) नेता ने बताया कि पंडित नेहरू ने वाजपेयी की सराहना करने के साथ उन्हें आशीर्वाद भी दिया था। उन्होंने कहा, बालासाहेब ठाकरे (शिवसेना संस्थापक) के मन में वाजपेयी के लिए बहुत सम्मान था।

# सड़क का नाम सिद्धारमैया आरोग्य मार्ग रखने के प्रस्ताव पर बवाल

**नरेश मल्होत्रा**

मैसूर, 25 दिसंबर। मैसूर शहर में एक सड़क का नाम कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के नाम पर रखे जाने के मैसूर नगर निगम के प्रस्ताव का विपक्षी दलों ने विरोध किया है। जेडीएस ने केआरएस रोड का नाम सिद्धारमैया आरोग्य मार्ग रखे जाने के कदम को निंदनीय करार दिया। जेडीएस ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि सिद्धारमैया मुडा मामले में आरोपी हैं। उनके खिलाफ लोकायुक्त जांच चल रही है। मैसूर नगर निगम में कोई निर्वाचित बोर्ड नहीं है। कांग्रेस सरकार की ओर से नगर निगम में नियुक्त किए गए अधिकारियों ने अपना ऋण चुकाने के लिए सिद्धारमैया के नाम पर सड़क का नाम रखने का फैसला किया है। मुडा घोटाले में शामिल मुख्यमंत्री के नाम पर सड़क का नाम रखना ऐतिहासिक शहर मैसूर और पूरे राज्य के साथ विश्वासघात और अपमान है। सीएम सिद्धारमैया के खिलाफ मुडा घोटाले की शिकायत करने वाले आरटीआई कार्यकर्ता स्नेहमयी कृष्णा ने कहा कि जिस सड़क का नाम सिद्धारमैया के नाम पर रखने का प्रस्ताव है, वह ऐतिहासिक है। महाराजा नलवाड़ी कृष्णराज वाडियार ने टीबी के कारण मरने वाली अपनी बहन राजकुमारी कृष्णजम्मानी और उनके बच्चों की याद में एक विशाल भूमि दान की थी और वहां एक टीबी अस्पताल की स्थापना की थी। कृष्णा ने कहा कि अधिकारियों ने सिद्धारमैया के नाम पर एक सड़क का नाम रखने का फैसला किया है, जो मुडा मामले में आरोपी हैं, जबकि उनके पास



ऐसा करने का कोई अधिकार नहीं है। कई नागरिकों ने इस प्रस्ताव पर अपनी आपत्ति जताई है। मैं इसके खिलाफ कानूनी रूप से भी लड़ रहा हूं। अगर प्रस्ताव वापस नहीं लिया जाता है, तो हम इसे उच्च न्यायालय में चुनौती देंगे और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करेंगे। मैसूर नगर निगम परिषद ने चामराजा कांग्रेस विधायक हरीश गौड़ा के सुझाव पर लक्ष्मी वेंकटरमणस्वामी मंदिर से आउटर रिंग रोड जंक्शन तक केआरएस रोड के एक हिस्से का नाम सिद्धारमैया आरोग्य मार्ग रखने का प्रस्ताव 22 नवंबर को पारित किया था। इसके बाद 13 दिसंबर को अधिसूचना जारी कर जनता से 30 दिनों के भीतर प्रस्ताव पर राय मांगी। मैसूर सीएम सिद्धारमैया का गृह जिला है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उनकी पत्नी पार्वती बीएम और उनके भाई मल्लिकार्जुन स्वामी मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) जमीन आवंटन मामले में आरोपी हैं। मुडा शहरी विकास के दौरान अपनी जमीन खोने वाले लोगों के लिए एक योजना लेकर आई थी। 50~50 नाम की इस योजना में जमीन खोने वाले लोग विकसित भूमि के 50त्न के हकदार होते थे। यह योजना 2009 में पहली बार लागू की गई थी। जिसे 2020 में उस वक्त की भाजपा सरकार ने बंद कर दिया। सरकार द्वारा योजना को बंद करने के बाद भी मुडा ने 50~50 योजना के तहत जमीनों का अधिग्रहण और आवंटन जारी रखा। सारा विवाद इसी से जुड़ा है। आरोप है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती को इसी के तहत लाभ पहुंचाया गया। मुख्यमंत्री की पत्नी की तीन एकड़ और 16 गुंटा भूमि मुडा द्वारा अधिग्रहित की गई।

## महाराष्ट्र चुनाव के मतदान के आंकड़े वोट जिहाद के दावे को करते हैं खारिज

मुंबई, 25 दिसंबर। समाजवादी पार्टी विधायक रईस शेख ने बताया कि महाराष्ट्र में बड़ी संख्या में मुस्लिम उपस्थिति वाले विधानसभा क्षेत्रों के नतीजे इस दावे को खारिज करते हैं कि अल्पसंख्यक समुदाय भाजपा के खिलाफ वोट करता है। आकड़ों का हवाला देते हुए भिवंडी (पूर्व) के विधायक ने दावा किया कि भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन ने विधानसभा चुनाव में 38 में से 21 सीटें जीतीं। इन क्षेत्रों में मुस्लिम आबादी 20 से 52 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि जीतने वाले ज्यादातर उम्मीदवार हिंदू थे। आरोप लगाते हुए भिवंडी विधायक ने कहा, अगर वोट जिहाद होता तो यह स्थिति नहीं होती। महायुति के कुछ उम्मीदवार 1500 वोटों के अंतर से भी जीते, लेकिन वोट जिहाद का इस्तेमाल केवल मुस्लिम समुदाय को बदनाम करने के लिए किया गया है। रईस शेख ने बताया कि उन्होंने मुस्लिम बहुल निर्वाचन क्षेत्र में 52,000 वोटों के अंतर से जीत हासिल की। इसमें हिंदुओं के 18,000 वोट भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि भाजपा के विभाजनकारी नारे (बटेंगे तो कटेंगे और एक है तो सेफ है) का मतदाताओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। समाजवादी पार्टी के विधायक रईस शेख ने बताया कि मुस्लिम उम्मीदवार हसन मुश्रीफ और अब्दुल सत्तार हिंदू-बहुल कागल और सिल्लोड सीटों से चुने गए। शेख ने यह भी कहा कि महाराष्ट्र की आबादी में मुसलमान 11.56 प्रतिशत हैं, लेकिन नई विधानसभा में उनका प्रतिनिधित्व केवल 3.47 प्रतिशत है। चुनाव प्रचार के दौरान, भाजपा नेता और वर्तमान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विपक्ष पर मतदाताओं का ध्रुवीकरण करने की कोशिश करने का आरोप लगाया था।

## एर्दोगन ने तुर्की में न्यूनतम वेतन में 30 प्रतिशत वृद्धि की घोषणा की

**एजेंसी**
**मॉस्को।** तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने कहा कि देश में न्यूनतम वेतन 30 प्रतिशत बढ़ाकर 22,104 तुर्की लीरा (लगभग 630 डॉलर) कर दिया गया है। श्री एर्दोगन ने 'एक्स' पर कहा, 2025 में, शुद्ध न्यूनतम वेतन 30 प्रतिशत वृद्धि के साथ 22,104 तुर्की लीरा होगा। इसे हमारे देश और इसके लोगों के लिए फायदेमंद होने दें। पिछले साल सरकार ने न्यूनतम वेतन 49 प्रतिशत बढ़ाकर 17,002 तुर्की लीरा कर दिया था। हालाँकि, कन्फ़ेडरेशन ऑफ़ टर्किश ट्रेड यूनियन्स, जिसने न्यूनतम वेतन 29,583 लीरा का आह्वान किया है, ने इस मुद्दे पर हाल की बैठक में भाग नहीं लिया। न्यूनतम वेतन में 30 प्रतिशत की वृद्धि की तुर्की में विपक्षी समूहों ने कड़ी आलोचना की है और सोशल मीडिया पर इसकी व्यापक चर्चा हो रही है। नवंबर में, तुर्की में वार्षिक मुद्रास्फीति दर 47.1 फीसदी थी।

## ग्रीनलैंड खरीदने को लेकर ट्रंप सौ प्रतिशत गंभीर

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ग्रीनलैंड और पनामा नहर को खरीदने को लेकर गंभीर हैं, क्योंकि उनका मानना ??है कि अमेरिका एक ऐसा साम्राज्य है जो अगर विकसित नहीं हुआ तो ढह जाएगा। न्यूयॉर्क पोस्ट अखबार ने सूत्रों के हवाले यह खबर दी है। आने वाले अमेरिकी नेता के करीबी एक सूत्र ने कहा, श्री ट्रम्प का मानना है कि जो साम्राज्य विकसित नहीं होते हैं वे असफल होने लगते हैं। वह इतिहास के छात्र हैं, और यह विचारधारा के विद्यालयों में से एक हैज वह वास्तव में पिछले राष्ट्रपतियों के पक्षधर हैं जो महाद्वीप पर विस्तारवादी थे। वह जानते हैं यह एक विरासत वस्तु है जिसे राजनीतिक विरोध द्वारा विकृत या छीना नहीं जा सकता है। जबकि दूसरे ने कहा कि वह इस मामले पर ÷ 100 प्रतिशत गंभीर है। सूत्रों ने कहा कि इसके अलावा श्री ट्रम्प के पिछले कार्यकाल के दौरान, उनके प्रशासन ने वास्तव में इस मुद्दे को संबोधित किया, जिसमें खरीद के तरीकों का निर्धारण करना और लेनदेन में संभवतः उपयोग की जाने वाली संपत्तियों की पहचान करना शामिल है।

## बाइडेन ने 895 अरब डॉलर के रक्षा बजट पर किये हस्ताक्षर

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने 895 अरब डॉलर के रक्षा बजट पर हस्ताक्षर किये हैं।अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय 'व्हाइट हाउस'



सूत्रों ने बताया कि श्री बाइडेन अमेरिकी कांग्रेस के दोनों सदनों की 895 अरब डॉलर के रक्षा बजट पर सहमति बनने के बाद इस पर हस्ताक्षर किये हैं। यह अगले साल 2025 से प्रभावी होगा। गत 18 दिसम्बर को बताया गया कि मसौदा बजट में भारत-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी उपस्थिति को मजबूत करने, सैन्य वेतन में वृद्धि, सात नए जहाजों का निर्माण और देश के रक्षा उद्योग को मजबूत करने के उपाय शामिल हैं।


## रूस का मालवाहक जहाज 'उर्सा मेजर' विस्फोट के बाद भूमध्य सागर में डूबा, स्पेन ने 14 क्रू मेंबर को बचाया, 2 लापता

**मॉस्को।** स्पेन और अल्जीरिया के बीच भूमध्य सागर में एक रूसी मालवाहक जहाज उर्सा मेजर डूब गया। उसके चालक दल के दो सदस्य लापता हैं। स्पेन की समुद्री बचाव एजेंसी के मुताबिक उर्सा मेजर के चालक दल के 14 सदस्यों को सुरक्षित बचा कर स्पेन भेजा गया है। यह जहाज इंजन रूम में विस्फोट के बाद डूबने लगा। स्पेन मैरीटाइम रेस्क्यू सर्विस ने दो जहाज और एक हेलीकॉप्टर घटनास्थल पर भेजकर उर्सा मेजर के 14 क्रू मेंबर्स को सुरक्षित बचाकर उन्हें उन्हें कार्टाजेना पोर्ट पर पहुंचाया। रूसी विदेश मंत्रालय के अनुसार जहाज के 16 चालक दल के सदस्यों में से 14 को रेस्क्यू करके स्पेन लाया गया लेकिन दो सदस्य अभी भी लापता हैं। जहाज के इंजन रूम में विस्फोट का कारण क्या था, इसके बारे में अभी पता नहीं चला है। यह मालवाहक जहाज रूस के पूर्वी बंदरगाह व्लादिवोस्तोक जा रही थी और जहाज पर दो विशाल पोर्ट क्रेन लदे थे। इस जहाज को 2009 में समुद्र में उतारा गया था, जिसके ऑपरेशन की जिम्मेदारी रूसी रक्षा मंत्रालय के सैन्य निर्माण कार्यों की देखरेख करने वाली कंपनी ओबोरोनलॉजिस्टिका के पास थी। ओबोरोनलॉजिस्टिका द्वारा संचालित यह सबसे बड़ा मालवाहक जहाज था, जो सैन्य व नागरिक सामान का परिवहन करता है।

# फ्रांस में चक्रवाती तूफान से करीब 35 लोगों की मौत

**एजेंसी**
**पेरिस।** फ्रांस के प्रधानमंत्री फ्रांस्वा बायरू कहा है कि 14 दिसंबर को फ्रांस के हिंद महासागर क्षेत्र मायोट में चक्रवात चिडो के आने से करीब 35 लोगों की मौत हुई है। श्री बायरू ने बीएफएमटीवी से कहा कि उन्हें लगता है कि जो भयावह और कभी-कभी भयावह संख्याएं सामने आती हैं, वे वास्तविकता में सही नहीं होती हैं।

रिपोर्ट के अनुसार मायोट में अब तक 35 लोगों के मारे की पुष्टि हुई है, लेकिन चक्रवात के तुरंत बाद स्थानीय प्रीफेक्ट फ्रांस्वा-जेवियर बियुविले ने आशंका जताई कि यह संख्या निश्चित रूप से कई सौहोगी और हजारों तक पहुंच सकती है। प्रीफेक्ट ने फ्रांस इन्फो रेडियो से कहा था कि क्षेत्र में जांच अच्छी तरह से आगे बढ़ रही है, जिससे हमें लगता है कि हम 35 के इस आंकड़े की पुष्टि करेंगे। उन्होंने कहा,मैं कभी भी भयावह नहीं रहा, मैं बस पीड़ितों की



संख्या नहीं बता सकता अधिकारियों ने कहा कि 10 दिन पहले हुई आपदा के बाद मौतों के पैमाने का निर्धारण करना मुश्किल है, क्योंकि मैयट के कई इलाकों तक पहुँचना मुश्किल है और पीड़ितों को इस्लामी रीति-रिवाजों के अनुसार 24 घंटे के भीतर दफना दिया गया है। फ्रांसीसी हिंद महासागर क्षेत्र मैयट की वास्तविक आबादी के बारे में भी अनिश्चितता है। आधिकारिक तौर पर इसमें 320,000 निवासी हैं, लेकिन अधिकारियों का अनुमान है कि लगभग 100,000 से 200,000 अनिर्दिष्ट प्रवासी भी वहाँ रह रहे होंगे।

फ्रांस के प्रधानमंत्री ने सोमवार रात बीएफएमटीवी से कहा, ÷मुझे लगता है कि मृतकों की संख्या दर्जनों में होगी, न कि हजारों में।÷ गौरतलब है कि यह द्वीपसमूह फ्रांस के सबसे गरीब हिस्सों में से एक है, जहाँ के कई निवासी झुग्गी-झोपड़ियों में रहते हैं। चक्रवात चिडो 90 वर्षों में इस क्षेत्र में आने वाला सबसे भयानक तूफान था, जिसने 260 किमी/घंटा (160 मील प्रति घंटे) की गति से हवाएँ चलाईं और उन क्षेत्रों को तहस-नहस कर दिया, जहाँ लोग धातु की छतों वाली झुग्गियों में रहते थे। फ्रांस ने सोमवार को चक्रवात के मद्देनजर एक दिन का राष्ट्रीय शोक मनाया। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने पिछले सप्ताह इस क्षेत्र का दौरा किया था, और उन्हें गुस्साए स्थानीय लोगों ने घेर लिया था, जो तबाह हुए क्षेत्रों में और अधिक सहायता की मांग कर रहे थे।

## इजरायली हमलों के कारण गाजा पट्टी में 20 से अधिक लोगों की मौत



**एजेंसी**
**काहिरा।** पिछले दिनों गाजा पट्टी पर इजरायली हमलों में कम से कम 21 लोग मारे गए और 51 घायल हो गए। गाजा पट्टी के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा, पिछले 24 घंटों के दौरान, इजरायली कब्जे ने गाजा पट्टी में परिवारों का तीन नरसंहार किया, जिसमें 21 लोग मारे गए और 51 को अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

मंत्रालय ने कहा कि कुल मिलाकर, 2023 में संघर्ष शुरू होने के बाद से गाजा में मरने वालों की संख्या बढ़कर 45,338 हो गई है, जबकि 107,000 से अधिक लोग घायल हुए हैं। सात अक्टूबर, 2023 को इजराइल पर गाजा पट्टी से अभूतपूर्व रॉकेट हमला किया गया। इसके अलावा, फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के लड़ाकों ने सीमावर्ती क्षेत्रों में घुसपैठ की, सेना और नागरिकों पर गोलीबारी की और बंधक बना लिया। इज़रायली अधिकारियों का कहना है कि छापे के दौरान लगभग 1,200 लोग मारे गए। जवाब में, इज़रायल रक्षा बलों ने गाजा में ऑपरेशन आयरन स्वॉर्ड्स शुरू किया और एन्क्लेव की पूर्ण नाकाबंदी की घोषणा की।

## वेस्ट बैंक में विस्फोट में इजरायली कर्नल घायल

**एजेंसी**
**यरूशलम।** इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) के कर्नल अयूब कयूफ बुधवार को वेस्ट बैंक पर एक बख्तरबंद वाहन में हुए विस्फोट में घायल हो गए। आईडीएफ ने बताया कि तुलकेरेम शहर के पास आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान वाहन पर हमला किया गया। विस्फोट के समय यहूदिया और सामरिया डिवीजन के कमांडिंग ऑफिसर ब्रिगेडियर जनरल याकी डॉल्फ़ भी वाहन में थे। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा, मेनाशे क्षेत्रीय ब्रिगेड के कमांडर [कायॉफ़] मामूली रूप से घायल हो गए और उन्हें चिकित्सा उपचार के लिए ले जाया गया। उनके परिवार को सूचित कर दिया गया है। वाहन में सवार बाकी यात्रियों को कोई चोट नहीं आई। इज़रायल रक्षा बल (आईडीएफ) आतंकवादी प्रयासों को रोकने के लिए वेस्ट बैंक में छापेमारी जारी रखता है। अक्टूबर 2023 से




इजरायली सेना ने आतंकवादी गतिविधियों में 6 हजार से अधिक संदिग्धों को हिरासत में लिया है। ऐसा माना जाता है कि बंदियों में से लगभग 2 हजार तीन सौ का संबंध फिलिस्तीनी आंदोलन हमास से है।

## द. कोरियाई सरकार ने राष्ट्रपति यून, उनकी पत्नी की जांच विधेयक को किया खारिज : रिपोर्ट

**एजेंसी**
**सोल।** दक्षिण कोरिया की कैबिनेट ने देश के राष्ट्रपति यून सुक-योल और प्रथम महिला किम केओन-ही की गतिविधियों की जांच करने के लिए एक विशेष अभियोजक नियुक्त करने के लिए दो विधेयकों को खारिज कर दिया, जिसकी मंजूरी देने के लिए मुख्य विपक्षी दल ने मांग की थी।यह जानकारी योनहाप समाचार एजेंसी ने दी। देश में मार्शल लॉ लागू करने की यून की अल्पकालिक घोषणा की जांच करने के लिए विशेष अभियोजक की नियुक्ति की आवश्यकता वाले बिल, साथ ही उनकी पत्नी किम के खिलाफ भ्रष्टाचार के कई आरोपों वाले कथित बिल पर प्रधानमंत्री और कार्यवाहक राष्ट्रपति हान डक-सू के नेतृत्व वाली



कैबिनेट की बैठक में विचार नहीं किया गया। समाचार एजेंसी ने कार्यवाहक राष्ट्रपति हान के हवाले से कहा मेरा मानना है कि हमें सत्तारूढ़ और विपक्षी दलों के साथ इस तरह से समझौता पर बहस और बातचीत शुरू करनी चाहिए जिससे अधिकांश लोग यह समझ सकें कि विशेष वकील ने जांच और नियुक्तियों को संविधान और कानून के अनुसार बिना किसी पूर्वाग्रह के पूरा किया है। रिपोर्ट के अनुसार, हान संवैधानिक न्यायालय में न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए भी जिम्मेदार हैं, जहां यून के खिलाफ महाभियोग पर विचार करने के लिए नौ सदस्यीय पैनल में फिलहाल तीन न्यायाधीश हैं जो कि कम है, रिपोर्ट में कहा गया कि महाभियोग प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए कम से कम छह वोटों की आवश्यकता है। दक्षिण कोरिया की संसद ने 14 दिसंबर को यून को मार्शल लॉ की विवादास्पद घोषणा करने के लिए महाभियोग चलाने के लिए मतदान किया। संवैधानिक न्यायालय 11 जून, 2025 तक इस मामले पर अंतिम निर्णय लेगा। यून को पद से निलंबित कर दिया जाएगा।

## पाकिस्तान के हवाई हमले में 15 लोगों की मौत से भड़के अफगानिस्तान ने कहा- जवाब देंगे

**एजेंसी**
**काबुल।** अफगानिस्तान के पक्तिका प्रांत के बरमल जिले में पाकिस्तान के हवाई हमले में महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है। इस हमले से बौखलाए अफगानिस्तान ने पाकिस्तान को जवाब देने की धमकी दी है।

समाचार पत्र डॉन ने सुरक्षा अधिकारियों के हवाले से बताया है कि पाकिस्तानी फाइटर जेट्स ने मंगलवार रात अफगानिस्तान के पूर्वी इलाके के पक्तिका इलाके के तहरीक-ए-तालिबान के चार स्थानों पर बमबारी की। जिसमें कई लोग मारे गए हैं और कई घायल हुए हैं। हालांकि पाकिस्तान की तरफ से आधिकारिक तौर पर अफगानिस्तान में एयर स्ट्राइक की पुष्टि नहीं की गई है। पाकिस्तान फाइटर जेट्स ने 24 दिसंबर की रात को अफगानिस्तान के जिन इलाकों को निशाना बनाया, उनमें पक्तिका प्रांत के बरमल जिले में महिलाओं और बच्चों समेत कम से कम 15 लोग मारे गए हैं। हमले



का निशाना बने गावों में लामन भी शामिल है जहां एक ही परिवार के पांच सदस्य मारे गए। बरमल का मुर्ग बाज़ार गांव पूरी तरह से नष्ट हो गया है और कई लोग हमले में घायल भी हैं। तालिबान के रक्षा मंत्रालय ने हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि पाकिस्तान के बर्बर हवाई हमलों का जवाब दिया जाएगा। मंत्रालय की तरफ से कहा गया है कि तमाम अंतरराष्ट्रीय कानूनों को दरकिनार कर यह हमला किया गया है। जबकि पाकिस्तान को यह सोचना चाहिए कि इन हमलों से समस्याओं का समाधान नहीं निकलने वाला है। हाल के महीनों में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनावपूर्ण संबंधों के बीच पाकिस्तान का ताजा हमला, दोनों देशों के बीच चल रहे टकराव को बढ़ा सकता है। पाकिस्तान आरोप लगाता है कि अफगानिस्तान में तालिबान इन आतंकवादियों को पनाह दे रहा है जबकि अफगान तालिबान इस आरोप से इनकार करता है।

## भारत से निमंत्रण नहीं मिलने पर अब पाकिस्तान और बांग्लादेश जाने की तैयारी में प्रधानमंत्री ओली

**एजेंसी**
**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली का भारत भ्रमण का निमंत्रण पाने के लिए किए गए सारे प्रयास विफल होने के बाद अब बांग्लादेश और पाकिस्तान की यात्रा की तैयारियों में जुटे हैं। इसके लिए उन्होंने दोनों देशों के राजदूतों से अलग-अलग मुलाकात कर भ्रमण की तारीख तय करने को कहा है। काठमांडू में पाकिस्तान के राजदूत अबरार हाशमी ने प्रधानमंत्री ओली से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान ही प्रधानमंत्री की तरफ से पाकिस्तान की यात्रा की इच्छा जताई गई। पांच दिन पहले ही बांग्लादेश के राजदूत सलाहुद्दीन चौधरी ने भी ओली से मुलाकात की थी, जिसमें उन्होंने ढाका की यात्रा की इच्छा जताई थी। हालांकि इन दोनों ही मुलाकात को लेकर प्रधानमंत्री के सचिवालय की तरफ से कुछ और जानकारी दी गई है। बांग्लादेश के राजदूत के साथ प्रधानमंत्री ओली की मुलाकात को विदाई भेंट कहा गया था। प्रधानमंत्री के प्रमुख सलाहकार विष्णु रिमाल ने बताया कि राजदूत चौधरी को बांग्लादेश की सरकार ने यूएन में राजदूत बनाकर भेजने का निर्णय किया है जिसके बाद उन्होंने विदाई भेट की



थी। पाकिस्तान के राजदूत हाशमी के साथ कल हुई मुलाकात को लेकर भी रिमाल ने बताया कि यह एक सामान्य शिष्टाचार मुलाकात थी जिसमें सार्क को पुनः सक्रिय करने को लेकर बातचीत हुई है। रिमाल के मुताबिक प्रधानमंत्री ने सार्क को सक्रिय करते हुए पाकिस्तान में प्रस्तावित सार्क शिखर सम्मेलन के जल्द से जल्द संपन्न कराने को लेकर अपनी तरफ से पूरा प्रयास करने की बात हुई है। नेपाल इस समय सार्क का अध्यक्ष देश है और पाकिस्तान में प्रस्तावित सार्क सम्मेलन में पाकिस्तान को अध्यक्षता सौंपने की बात है। हालांकि भारत के विरोध के बाद अब तक सार्क सम्मेलन नहीं हो पाया है। प्रधानमंत्री के प्रमुख सलाहकार चाहे जो भी दलीलें दें लेकिन बांग्लादेश और पाकिस्तानी दूतावास के अधिकारियों ने प्रधानमंत्री ओली की तरफ से अपने-अपने देशों में भ्रमण की इच्छा जताने और इसके लिए इस्लामाबाद से लेकर ढाका तक में संदेश पहुंचने की बात स्वीकार की है।

# पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की तबियत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

**एजेंसी**
**वाशिंगटन ।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन (78) को बुखार आने के बाद वाशिंगटन डीसी के मेडस्टार जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह जानकारी उनके डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ एंजेल उरेना ने दी।

उरेना ने सीएनएन को बताया, 'पूर्व राष्ट्रपति क्लिंटन की तबीयत ठीक है।' उन्होंने आगे कहा कि वे अच्छे मूड में हैं और क्रिसमस तक घर लौटने की उम्मीद कर रहे हैं। क्लिंटन वाशिंगटन में अपने आवास पर थे जब उन्हें अस्पताल ले जाने का फैसाल किया गया। पूर्व राष्ट्रपति कथित तौर पर 'होश में हैं और अलर्ट' हैं। डॉक्टर उनकी जांच कर रहे हैं और उनकी स्थिति पर नजर रख रहे हैं। उनकी मेडिकल टीम उनके ठीक होने को लेकर आशावादी है। बिल क्लिंटन जनवरी 1993 से जनवरी 2001 तक अमेरिका के



राष्ट्रपति पद रहे । 42वें राष्ट्रपति के रूप में उन्होंने करीब 25 साल पहले व्हाइट हाउस छोड़ा था। पिछले कुछ वर्षों में वह कई स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। 2004 उनकी क्यूडेरपल बाईपास हार्ट सर्जरी हुई, जबकि 2005 में फेफड़े की सर्जरी हुई। 2010 में उन्हें कोरोनरी स्टेंट लगाए गए और 2021 में गंभीर ब्लड इंफेक्शन के लिए उनका इलाज किया गया। इस दौरान उन्हें लॉस एंजिल्स में छह दिनों के लिए अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। इन शारीरिक परेशानियों के बावजूद, क्लिंटन सार्वजनिक रूप से काफी एक्टिव रहते हैं। उन्होंने इस गर्मी में शिकागो में डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन में भाषण दिया और अपनी पुस्तक ÷सिटीजन÷ माई लाइफ आफ्टर द व्हाइट हाउस÷ के प्रचार के लिए यात्रा करते हुए काफी समय बिताया।

अगस्त में डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन में बोलते हुए क्लिंटन ने कहा, भले ही मैं 23 साल से अधिक समय से व्हाइट हाउस से दूर हूं, लेकिन एक भी दिन ऐसा नहीं जाता जब मैं भगवान को इस बात के लिए धन्यवाद न दूं कि मुझे सेवा करने का मौका मिला और इसके क्या मायने हैं।

## ईरान सरकार का बदल रहा रुख, नए हिजाब कानून पर रोक, व्हाट्सएप व गूगल प्ले से पाबंदी हटाई

**एजेंसी**
**तेहरान।** अपने सख्त इंटरनेट प्रतिबंधों के लिए मशहूर ईरान अब अपना रुख बदल रहा है। ताजा घटनाक्रम में ईरान ने मेटा के मैसेजिंग प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप और गूगल प्ले पर से पाबंदी हटा ली है। नए सख्त हिजाब कानून से जुड़े विधेयक को रोके जाने के बाद यह ईरान की सरकार के बदलते तेवर की एक और कड़ी है। ईरान की न्यूज एजेंसी आईआरएनए ने राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन की अध्यक्षता में हुई बैठक के हवाले से बताया है कि व्हाट्सएप और गूगल प्ले जैसे कुछ लोकप्रिय विदेशी प्लेटफॉर्म से प्रतिबंध हटाने पर सकारात्मक बहुमत के बाद यह फैसला लिया गया है। देश के सूचना और संचार प्रौद्योगिकी मंत्री सत्तार हाशमी ने इसे इंटरनेट से प्रतिबंध हटाने की दिशा में पहला कदम बताया है। ईरान में अब लोग मेटा मैसेजिंग प्लेफॉर्म व्हाट्सएप और



गूगल प्ले का इस्तेमाल कर सकेंगे। ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शनों में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का व्यापक इस्तेमाल किया गया था, जिसके बाद सरकार ने इसपर सख्त प्रतिबंध लगा दिए थे। हालांकि सितंबर में अमेरिका ने बिग टेक कंपनियों से अपील की थी कि वे उन देशों में ऑनलाइन सेंसरशिप को खत्म करने में मदद करें, जहां इंटरनेट पर भारी प्रतिबंध लगाए हैं। इससे पहले 18 दिसंबर को ईरान ने महिलाओं के हिजाब पर नए सख्त कानून को लागू किए जाने की प्रक्रिया रोक दी थी। यह कानून सितंबर 2022 में संसद द्वारा स्वीकृत हुआ था लेकिन इसे अब सरकार के पास नहीं भेजा जाएगा।इस कानून में हिजाब पहनने से इनकार करने वाली महिलाओं के लिए कठोर दंड का प्रावधान है। साथ ही उन व्यवसायों पर भी जुर्माना लगाया जाना था जो ऐसी महिलाओं को सेवाएं प्रदान करते हैं।

## चुनाव नतीजों की पुष्टि के बाद मोजाम्बिक में झड़पों में 21 की मौत

**एजेंसी**
**मापुटो।** मोजाम्बिक में राष्ट्रपति चुनाव के अंतिम नतीजों की घोषणा के बाद 24 घंटों में कम से कम 21 लोग मारे गए हैं। लूसा समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी ने आंतरिक मंत्री पास्कोल रोंडा का हवाला देते हुए कहा कि पिछले 24 घंटों में, देश की पुलिस ने गंभीर हिंसा की कुल 236 घटनाएं दर्ज की हैं,

# विमान खरीद मामले में अमेरिकी कंपनी पर 55 मिलियन डॉलर का जुर्माना

**एजेंसी**
**काठमांडू।** अमेरिकी सरकार ने एएआर कॉर्प पर नेपाल एयरलाइंस कॉर्पोरेशन के लिए दो वाइडबॉडी विमानों की खरीद में नेपाली अधिकारियों को रिश्वत देने का दोषी पाए जाने के बाद 55 मिलियन डॉलर का जुर्माना लगाया है। अमेरिकी कंपनी एएआर कॉर्प ने एयरबस खरीद समझौते को लेकर रिश्वत में 2.5 मिलियन डॉलर का भुगतान किया था।अमेरिकी न्याय विभाग ने एक बयान में कहा कि एएआर कॉर्प ने भ्रष्टाचार विरोधी कानूनों का उल्लंघन किया है। इसके कारण उस पर जुर्माना लगाया गया है। एएआर के एक अधिकारी ने नेपाल और दक्षिण अफ्रीका में सरकारी अधिकारियों को रिश्वत देने और अवैध मुनाफे में 24 मिलियन डॉलर के मुनाफ की बात स्वीकार की है। दिसंबर 2016 में नेपाल एयरलाइंस



कॉर्पोरेशन (एनएसी) ने लंबी दूरी की उड़ान क्षमताओं की आवश्यकता को पूरा करने के लिए एएआर कॉर्प से दो वाइडबॉडी विमान खरीदे। एनएसी के नैरो बॉडी विमानों के मौजूदा बेड़े के साथ लंबी दूरी के मार्गों को संभालने में असमर्थ होने के कारण तत्कालीन प्रचंड सरकार ने वाइडबॉडी विमान खरीदने का निर्णय लिया गया था। 26 जनवरी, 2017 को एनएसी के बोर्ड ने 274 यात्रियों के बैठने की क्षमता वाले दो एयरबस ए-330 विमानों की खरीद को मंजूरी दी थी।26 सितंबर, 2016 को इस संबंध में जारी टेंडर के बाद 10 कंपनियों ने प्रस्ताव पेश किए। एएआर कॉर्प को अंततः चुना गया था। फरवरी 2017 में एनएसी ने एएआर कॉर्प को एक मिलियन डॉलर का अग्रिम भुगतान किया। विवाद तब सामने आया जब भुगतान विवरण 2017 के मध्य में सार्वजनिक हो गया। 2018 में त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दोनों विमानों के पहुंचने के बाद इसकी खरीद के लिए अनियमितताओं का आरोप लगा।

**NAME CHANGE**
I, hitherto known as GAURAV KUMAR S/O SUKRAMPAL R/O 1119, SAROOR-PUR KALAN, BAGHPAT, UTTAR PRADESH-250619 have changed my name and shall hereafter be known as AJAY KUMAR.

**कौमी पत्रिका**
**संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर**
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
**मोबाइल नंबर** : 9312262300

**E - mail address :** qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

## ओडिशा के राज्यपाल रघुबर दास का इस्तीफा स्वीकार, दो राज्यों के राज्यपाल बदले गए

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ओडिशा के राज्यपाल पद से रघुबर दास का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। उनकी जगह अब हरिबाबू को राज्यपाल बनाया गया है। इसके अलावा राष्ट्रपति ने दो राज्यों के राज्यपाल को भी बदल दिया है। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को अब बिहार का राज्यपाल नियुक्त किया गया है जबकि पूर्व गृह सचिव अजय कुमार भल्ला को मणिपुर का गवर्नर बनाया गया है। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक मिजोरम के गवर्नर हरि बाबू को ओडिशा का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया है। जनरल वीके सिंह को मिजोरम का गवर्नर बनाया गया है। बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ को केरल का नया राज्यपाल बनाया गया है जबकि केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को अब बिहार का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। इसी तरह पूर्व गृह सचिव अजय कुमार भल्ला को मणिपुर का राज्यपाल बनाया गया है।

## संदिग्ध हालात में बच्ची की मौत

**नई दिल्ली।** आर्मी कैम्प शंकर विहार में 8 साल की एक बच्ची की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस के मुताबिक बसंत बिहार थाने इलाके के शंकर बिहार मिलिट्री एरिया में कल शाम से एक बच्ची गायब थी। रात भर माता पिता उसे खोजते रहे और आज सुबह के समय खाली प्लाट के कमरे मे बच्ची जंगले से लटकी हुई मिली। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस हत्या के आरोप की जांच कर रही है। इलाके के कैमरे और आसपास के कैमरे को भी खंगाल रही है। पुलिस मृतक बच्ची के परिजनों से पूछताछ कर रही है। जानकारों का कहना है कि बच्ची के साथ दुष्कर्म हुआ और फिर उसकी हत्या कर दी गई है। लोगों ने बच्ची को इंसाफ दिलाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया और एनएच 8 धौलाकुआं से जयपुर जाने आने वाली सड़क पर जाम लगा दिया। मामला बढ़ता देख मौके पर पहुंचे पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने समझा बुझाकर लोगों को शांत किया। पुलिस का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा।

## चुनाव के लिए केजरीवाल झूठ की राजनीति कर रहे केजरीवालः सचदेवा

**नई दिल्ली।** भाजपा के दिल्ली प्रदेशाध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर झूठ पर आधारित राजनीति करने का आरोप लगाया है। उन्होंने आज यहां एक बयान में कहा कि केजरीवाल ने कल किदवाई नगर में अपने एक कार्यक्रम के दौरान एक महिला का परिचय कराते हुए कहा था कि इनके पास एपिक कार्ड होने के बावजूद इनका वोट काट दिया गया है पर आज उस सम्बंधित महिला चंद्रा ने मीडिया को इंटरव्यू दिया और स्पष्ट किया की वह त्रिनगर विधानसभा में पंजीकृत वोटर थी और है और हर बार वोट डालती है। सचदेवा ने कहा कि सम्बंधित महिला ने मीडिया से कहा कि उन्होने अरविंद केजरीवाल से अपने वोट कटने जैसी कोई बात नहीं की और उन्होने शायद किसी गलतफ़हमी में या जानबूझकर यह बयान दिया होगा। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि हम लगातार कहते रहे हैं कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल झूठ एवं भ्रम की राजनीति करते हैं और उनके बयानों में विश्वसनीयता का अभाव होता है। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि आज चंद्रा के बयान के बाद जिस तरह अरविंद केजरीवाल का झूठ पकड़ा गया, उससे दिल्ली वालों को लगता है कि केजरीवाल ने उन्हें मोहरा बनाकर दिल्ली में बड़ी संख्या में वोट काटे जाने का भ्रम फैलाने की कोशिश की।

## बाबा साहेब आंबेडकर के खिलाफ बयान पर पूरे देश से माफी मांगे कांग्रेसः विजेंद्र गुप्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने बाबा साहब आंबेडकर के खिलाफ कांग्रेस की नफरती सोच और उनके सम्मान के ढोंग को बेनकाब करते हुए कहा कि कांग्रेस की सोच हमेशा आंबेडकर विरोधी रही है। कांग्रेस को अपने नेताओं और पंडित नेहरू द्वारा बाबा साहब आंबेडकर के प्रति किए गए अपमान के लिए पूरे देश से बिना शर्त माफी मांगना चाहिए। आज दिल्ली प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि सामान्यतया जब भी कोई मंत्री मंत्रिपरिषद से इस्तीफा देता है, तो सदन में उसे बोलने का मौका दिया जाता है लेकिन बाबासाहब भीमराव आंबेडकर के इस्तीफे के बाद सदन में उन्हें बोलने तक नहीं दिया गया। अपने त्याग पत्र में बाबा साहब आंबेडकर ने पंडित नेहरू के खिलाफ बहुत कुछ लिखा है। गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहब के त्याग पत्र को जनसामान्य के बीच में नहीं रखा। कांग्रेस पार्टी को यह स्पष्ट करना चाहिए कि उसने बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के त्यागपत्र को जनता के सामने क्यों नहीं आने दिया? शायद अगर यह त्यागपत्र सामने आता तो पंडित जवाहरलाल नेहरू की पगड़ी उछल जाती। गुप्ता ने कहा कि नेहरू आंबेडकर के प्रति पूरी तरह से उपेक्षित रवैया रखते थे। अपनी इस भावना का जिक्र करते हुए नेहरू ने डॉ. बीसी रॉय को लिखे एक पत्र में लिखा था कि भीमराव आंबेडकर के इस्तीफे से कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

# अविश्वास प्रस्ताव पर उपराष्ट्रपति बोले, 'मेरा नोटिस जिसने लिखा उसके चाकू पे जंग लगा हुआ था'

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि संवैधानिक पद पर बैठे उनके जैसे लोग हिसाब-किताब बराबर करने की स्थिति में नहीं होते हैं और उन्हें उदात्तता, उत्कृष्ट गुणों और संवैधानिकता के प्रति प्रतिबद्धता से चलना होता है। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने आज उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में महिला पत्रकारों के एक प्रतिनिधिमंडल से बातचीत की और पहली बार उनके खिलाफ विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर टिप्पणी की। उन्होंने कहा, ÷चंद्रशेखर जी ने कहा था, सब्ज़ी काटने के चाकू से बाईपास सर्जरी कभी मत करना.. वो तो सब्ज़ी काटने का चाकू भी नहीं था। मेरा नोटिस जिसने लिखा उसके चाकू पे जंग लगा हुआ था! मैं पढ़कर



दंग रह गया। पर मुझे आश्चर्य हुआ की आपमें से किसी ने पढ़ा नहीं है।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की सफलता के लिए दो चीजें अपरिहार्य हैं। पहला अभिव्यक्ति का अधिकार और दूसरा संवाद। यदि ये दोनों चीजें नहीं होंगी तो लोकतंत्र पोषित नहीं हो सकता है। इस संदर्भ में उन्होंने वर्तमान संसदीय चर्चाओं की बात की और पूछा कि क्या हमने पिछले कुछ दशकों में संसद में कोई बड़ी बहस देखी है? क्या आपने सदन में किये गये किसी महान योगदान पर ध्यान दिया है? हम गलत वजह से खबरों में हैं। हमने व्यवस्था के साथ जीना सीख लिया है, जो कि अव्यवस्था ही है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि आज के समय में संवैधानिक संस्थाओं पर हमले किए जा रहे हैं। संवेदना उत्पन्न करने के लिए ही आख्यानों को पंख दिये जाते हैं। अक्सर इन्हें सुनियोजित ढंग से देश के हितों के प्रति अहित करने पर आमादा ताकतों की ओर से बढ़ावा दिया जाता है। उनका उद्देश्य हमारी संवैधानिक संस्थाओं को ईंट से ईंट बजाकर नष्ट करना है।

## दिल्ली विधानसभा चुनावः कांग्रेस ने जारी की 26 उम्मीदवारों की दूसरी सूची

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों की दूसरी सूची मंगलवार देर रात जारी कर दी है। इस सूची में 26 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए गए हैं। पार्टी ने पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के सामने जंगपुरा से फरहद सूरी को मैदान में उतारा है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी सूची के मुताबिक रिठाला विधानसभा सीट से सुशांत मिश्रा, मंगोलपुरी-एससी से हनुमान चौहान, शकूर बस्ती से सतीश लूथरा, त्रिनगर से सतेन्दर शर्मा, मटिया महल से आसिम अहमद खान, मोती नगर से राजेन्दर नामधारी, मदिपुर एससी से जेपी पंवार, राजौरी गार्डन से धर्मपाल चंदेला, उत्तम नगर से मुकेश शर्मा, मटियाला सीट से रघुविंदर शौकीन, बिजवासन से देवेंद्र सहरावत, दिल्ली कैंट से प्रदीप कुमार उपमन्यु, राजिंदर नगर से विनीत यादव, जंगपुरा से फरहद सूरी, मालवीय नगर से जितेंद्र कुमार कोचर, महरौली से पुष्पा सिंह, देओली एससी से राजेश चौहान, संगम विहार से हर्ष चौधरी, त्रिलोकपुरी एससी से अमरदीप, कोंडली एससी से अक्षय कुमार, लक्ष्मी नगर से सुमित शर्मा, कृष्णा नगर से चुरचरण सिंह राजू, सीमापुरी एस सी से राजेश लिथोथिया, बाबरपुर से हाजी मोहम्मद इशराक खान, गोकलपुर सीएसी से प्रमोद कुमार जयंत और करावल नगर सीट से डॉ. पीके मिश्रा को टिकट दिया गया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले कांग्रेस ने प्रथम सूची में 21 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की थी, जिसमें अरविंद केजरीवाल के सामने पार्टी ने नई दिल्ली सीट पर संदीप दीक्षित को टिकट दिया था।

## दिल्ली में लगातार दूसरे दिन बारिश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में देर शाम कई स्थानों पर झमाझम बारिश हुई। राष्ट्रीय राजधानी में शीत लहर और बिगड़ती वायु गुणवत्ता के बीच लगातार दूसरे दिन बारिश हुई है। स्काईमेट वेदर के अनुसार गुरुग्राम और दक्षिणी दिल्ली की सीमा पर बने हल्के तूफान के कारण विशेषकर गुरुग्राम, सेंट्रल दिल्ली और दक्षिणी दिल्ली में बारिश हुई है। शहर में आज सुबह कोहरा छाया रहा और न्यूनतम तापमान में गिरावट देखने को मिली। भारतीय मौसम विभाग ने कहा कि अगले दो दिनों में दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में तापमान और गिरने की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण ही दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों में बारिश और ऊंचे इलाकों में हल्की से मध्यम बर्फबारी हो रही है। मौसम वैज्ञानिकों को कहना है कि उत्तर भारत में अगले कुछ समय में ठंडी हवाएं चलेंगी और तापमान में गिरावट होगी। बारिश के चलते हैं वायु



गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में भी कमी आई है। राजधानी दिल्ली में न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सोमवार को न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

## हाइवे पर आवारा पशुओं की चुनौती से निपटने के लिए एनएचएआई की बड़ी पहल, बनेंगे आश्रय स्थल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजमार्गों पर पशुओं से होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव और आवारा पशुओं की चुनौती से बचने के लिए एनएचएआई ने एक पायलट परियोजना शुरू की है। इसके तहत एनएचएआई ने मवेशी आश्रयों के निर्माण और रखरखाव के लिए मेसर्स गवर कंस्ट्रक्शन लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। इस पायलट परियोजना के तहत 0.21 से 2.29 हेक्टेयर तक के आश्रय क्षेत्रों को आवारा पशुओं के लिए सुरक्षित स्थान के रूप में कार्य करने के लिए रणनीतिक रूप से विकसित किया जाएगा। इससे राष्ट्रीय राजमार्गों पर आवारा पशुओं की संख्या घटेगी।इस पहल के तहत एनएचएआई ने मेसर्स गवर कंस्ट्रक्शन लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। अनुबंध के तहत मेसर्स गवर कंस्ट्रक्शन लिमिटेड एनएचएआई की प्रदान की गई भूमि पर पशु-आश्रय स्थलों का निर्माण करेगा। वह पशुओं का कल्याण सुनिश्चित करते हुए




रियायत अवधि के दौरान प्राथमिक चिकित्सा, पर्याप्त चारा, पानी और देखभाल करने वाले उपलब्ध कराकर इन आश्रय स्थलों का रखरखाव भी करेगा। इस योजना को विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग खंडों पर लागू किया जाएगा, जिसमें एनएच-334बी के उप्र-हरियाणा सीमा से रोहना खंड शामिल है, जहां खरखौदा बाईपास के साथ आश्रय स्थल स्थापित किए जाएंगे। इसी तरह, एनएच-148बी के भिवानी-हांसी सेक्शन पर हांसी बाईपास, एनएच-21 के कीरतपुर-नेरचौक सेक्शन और एनएच-112 पर जोधपुर रिंग रोड के डांगियावास से जाजीवाल सेक्शन पर आश्रय स्थलों का निर्माण किया जाएगा।इस संबंध में एनएचएआई के अध्यक्ष संतोष कुमार यादव ने कहा, ÷राष्ट्रीय राजमार्गों पर आवारा पशुओं से उत्पन्न चुनौतियों का समाधान करने वाली यह अनूठी पहल है। यह न केवल सड़क सुरक्षा को बढ़ाकर यात्रियों के लिए सुरक्षित राष्ट्रीय राजमार्ग बनाने की एनएचएआई की प्रतिबद्धता दर्शाती है। इसके साथ ही यह आवारा पशुओं की देखभाल की मानवीय आवश्यकता को भी पूरा करती है। उन्होंने कहा कि मुझे यकीन है कि यह पहल देश में समग्र राष्ट्रीय राजमार्ग अवसंरचना विकास के लिए एक नया मानदंड स्थापित करेगी। इस पहल पर राष्ट्रीय राजमार्ग बिल्डर्स फेडरेशन के अध्यक्ष दिनेश चंद्र अग्रवाल ने कहा कि हम राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे आवारा पशुओं के लिए आश्रय स्थल विकसित करने के लिए एनएचएआई के इस कदम का स्वागत करते हैं और इस पहल के लिए अपना समर्थन देते हैं।

## बेलगावी में कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में तय होगा नए साल का एजेंडा, आंबेडकर मुद्दे पर भी बनेगी रणनीति

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी महात्मा गांधी की अध्यक्षता में आयोजित बेलगावी (कर्नाटक) अधिवेशन की 100वीं वर्षगांठ को कांग्रेस कार्य समिति की विशेष बैठक के साथ मनाने जा रही है। इसमें अगले एक साल के लिए पार्टी की कार्ययोजना तय की जाएगी। पार्टी ने हाल ही में गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब आंबेडकर के अपमान को संबोधित करने की भी योजना बनाई है और कार्रवाई के लिए बेलगावी में रैली करेगी।

यह जानकारी कांग्रेस संगठन प्रभारी महासचिव केसी वेणुगोपाल और मीडिया विभाग के प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दी। वेणुगोपाल ने बताया कि 26 दिसंबर को विस्तारित कांग्रेस कमेटी की एक विशेष बैठक उसी जगह होने जा रही है, जहां ठीक 100 साल पहले महात्मा गांधी अखिल भारतीय राष्ट्रीय कमेटी के अध्यक्ष बने थे। 26 दिसंबर 1924 को सेवा दल की स्थापना भी बेलगावी से ही हुई थी। सेवा दल के पहले अध्यक्ष पं. जवाहर



लाल नेहरू बने थे। जब गांधी जी कांग्रेस अध्यक्ष बने तो अपने अंतिम भाषण में उन्होंने कहा कि अब नेहरू हमारे महासचिव होंगे। उन्होंने बताया कि बेलगावी बैठक में करीब 200 कांग्रेस नेता शामिल होंगे। इस बैठक का नाम नव सत्याग्रह बैठक रखा गया है। क्योंकि 100 साल पहले महात्मा गांधी ने बेलगावी से सत्याग्रह का ऐलान किया था। अब वहीं से कांग्रेस पार्टी नव सत्याग्रह का संकल्प लेगी। बैठक में 26 दिसंबर को दो प्रस्ताव पारित किए जाएंगे, जिसमें अगले एक साल के लिए देश के सामने कांग्रेस पार्टी के कार्यक्रम होंगे। पार्टी 27 दिसंबर को बेलगावी में रैली करेगी, जिसका नाम जय बापू जय भीम जय संविधान होगा।


उन्होंने कहा कि पिछले सात दिन से कांग्रेस पार्टी आंबेडकर सम्मान संकल्प सप्ताह मना रही है। बाबा साहब के अपमान के बारे में देश भर में 100 लोकसभा क्षेत्रों में प्रेस कान्फ्रेंस की गई हैं। आज सारे जिलों में बैठकें हो रही हैं। मार्च निकाले जा रहे हैं और दस्तावेज तैयार हो रहे हैं, जो राष्ट्रपति को दिए जाएंगे। इसमें बताया जाएगा कि 17 दिसंबर को संसद के उच्च सदन में गृहमंत्री अमित शाह ने किस तरह बाबा साहब आंबेडकर का अपमान किया था।

## महिला सम्मान और संजीवनी योजना पर सवाल, विभाग ने कहा-ऐसी कोई योजना नहीं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली स्वास्थ्य विभाग ने अहम घटनाक्रम में दिल्ली महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना को लेकर सवाल उठाए हैं। दिल्ली स्वास्थ्य विभाग ने विज्ञापन जारी कर कहा कि ऐसी कोई योजना नहीं है। रजिस्ट्रेशन कर लोगों को गुमराह किया जा रहा है। विभाग की तरफ से विज्ञापन जारी कर लोगों से आगाह किया गया है कि अपनी जानकारी साझा करने से बचें।

दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग ने सार्वजनिक नोटिस में कहा है कि उसे जानकारी मिली है कि दिल्ली की महिलाओं को मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के तहत प्रति माह 2100 रुपये देने का दावा किया जा रहा है। यह स्पष्ट किया जाता है कि दिल्ली सरकार द्वारा ऐसी कोई योजना अधिसूचित नहीं की गई है। ऐसी योजना अस्तित्व में नहीं है इसलिए इसके तहत पंजीकरण के लिए फॉर्म/आवेदन के स्वीकार किया जाना धोखाधड़ी है। नागरिकों को सावधान किया जाता है कि योजना के नाम पर निजी विवरण जैसे बैंक


GOVERNMENT OF NATIONAL CAPITAL TERRITORY OF DELHI
DEPARTMENT OF WOMEN & CHILD DEVELOPMENT
ISBT BUILDING, KASHMERE GATE, NEW DELHI

PUBLIC NOTICE

It has been brought to the notice of the Department of Women and Child Development (WCD), GNCTD, through media reports and social media posts that a political party is claiming to disburse Rs. 2100 per month under Mukhyamantri Mahila Samman Yojana to women in Delhi. It is clarified that no such scheme has been notified by Government of Delhi.

As, if and when such a scheme is notified, the Department of Women and Child Development (WCD), GNCTD, will launch a digital portal for eligible individuals to submit their applications online as per the approved guidelines. The eligibility conditions and modalities will be clearly notified by the department as and when it happens. Details of all WCD Department Schemes are available only on the website of the Department.

It is emphasized that since no such scheme exists, the question of physical forms / applications for the registration under this non-existent scheme does not arise.

Any private individual/ political party collecting such physical forms / applications or collecting information from applicants under the name of the Mukhyamantri Mahila Samman Yojana is fraudulent and without any authority.

Citizens are cautioned that sharing personal details, such as bank account informatio[illegible] voter ID card, phone numbers, residential address, or any other sensitive information in t[illegible] name of this scheme, are at a collateral risk of putting out information in public domain t[illegible] may lead to crime / cybercrime / banking fraud, targeting them and they will be entirely at th[illegible] own risk and will be liable for any such consequences.

THE GENERAL PUBLIC OF DELHI ARE HEREBY ADVISED A[illegible] REQUESTED NOT TO ENTERTAIN SUCH PROMISES OF A NON-EXISTE[illegible] SCHEME, AS THESE ARE MISLEADING AND WITHOUT ANY AUTHORITY. T[illegible] GENERAL PUBLIC IS ALSO ADVISED TO EXERCISE ABUNDANT CAUTION [illegible] NOT GIVE OUT PERSONAL DETAILS TO UNAUTHORIZED PERSONNEL TO AV[illegible] ANY FRAUD OR BREACH OF DATA IN THE FUTURE.

DEPARTMENT OF WOMEN AND CHILD DEVELOPMENT WILL NOT [illegible] RESPONSIBLE FOR ANY LIABILITIES OR FRAUDS ARISING OUT OF S[illegible] UNSCRUPULOUS ACTIVITIES.

Joint Di[illegible]
Department of [illegible]
Govt. of NCT o[illegible]

/Shabdarth/Classified/0332/24-25

खाता जानकारी, वोटर आईडी कार्ड, फोन नंबर, आवासीय पता या कोई अन्य संवेदनशील जानकारी साझा करना अपराध/साइबर अपराध /बैंकिंग धोखाधड़ी का कारण बन सकता है। उल्लेखनीय है कि आम आदमी पार्टी ने बुजुर्गों के लिए संजीवनी योजना शुरू करने की घोषणा की थी। इसके तहत दिल्ली में 60 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्गों के मुफ्त इलाज का दावा किया गया था। अरविंद केजरीवाल ने योजना की घोषणा करते हुए कहा था कि दिल्ली वालों के लिए संजीवनी लेकर आया हूं। केजरीवाल ने ही महिला सम्मान योजना की घोषणा की थी। योजना के तहत पात्र महिलाओं के खाते में हर महीने सरकार एक हजार रुपये भेजने की घोषणा की गई थी। केजरीवाल ने चुनाव के बाद महिलाओं को एक हजार की जगह 2100 रुपये देने की भी बात कही। केजरीवाल का दावा है कि दोबारा आप की सरकार बनने पर यह राशि 2100 रुपये कर दी जाएगी।

## भाजपा ने पूर्वांचल के लोगों को बंगलादेशी और रोहिंग्या से जोड़ने की कड़ी निंदा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल के पूर्वांचल के लोगों को बंगलादेशी और रोहिंग्या बताने की निंदा की और कहा कि एक दशक में आप सरकार ने पूर्वांचल के लोगों के लिए कोई कार्य नहीं किया और इनको जवाब देने का समय आ गया है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा पूर्वांचल के लोगों को बंगलादेशियों और रोहिंग्या से जोड़ने की तीखी आलोचना की। श्री चौधरी ने कहा कि 10-12 वर्षों से दिल्ली की सरकार में रहकर भी आप ने दिल्ली में रह रहे पूर्वांचल के लोगों के लिए कोई कार्य नहीं किया। पूर्वांचल के लोगों को इनसे सावधान रहने की जरूरत है और अब इन लोगों को जवाब देने का समय आ गया है। श्री चौधरी ने कहा कि कुछ दिनों से दिल्ली के एक वरिष्ठ नेता बार-बार पूर्वांचल को लेकर दिल्ली में लोगों को भ्रमित करने का कार्य कर रहे हैं। दिल्ली की जनता स्पष्ट तौर पर जानती है कि दिल्ली के विकास के लिए कौन कार्य कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार भारत और दिल्ली का विकास हो रहा है। दिल्ली जैसे प्रदेश में जहां नाली और पानी जैसी मूलभूत समस्याएं हैं, आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री इन मुद्दों पर कुछ नहीं बोल रहे हैं।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जब कोरोना जैसी महामारी इस दुनिया मे आई तो दिल्ली के तत्कालीन मुख्यमंत्री ने कहा था कि जो लोग बिहार और उत्तर प्रदेश के हैं, वे वापस लौट जाएं, उनके इलाज तक की कोई व्यवस्था नहीं की गई, उन्हें मजबूरन बिहार और उत्तर प्रदेश जाने को मजबूर होना पड़ा। आज पूर्वांचल के लोगों को रोहिंग्या और बंगलादेशियों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्हें पता होना चाहिए कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का जन्म बिहार में हुआ और आगे चलकर वह देश की राजनीति में आए और हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। वह जिस बिहार में जन्में, उस पूर्वांचल के लोगों के विकास, सम्मान और उनकी समृद्धि के लिए लगातार श्री नड्डा कार्य करते रहे। दिल्ली में इंडिया समूह के लोगों को न विकास से मतलब है, न लोगों की शिक्षा से मतलब है और न ही रोजगार से मतलब है।


**NAME CHANGE**
I, NITIN S/O NARESH BANSAL/NARESH KUMAR residing at HOUSE NO-3497, GALI NO-2, NARANG COLONY, TRI NAGAR, DELHI-110035 have changed my name to NITIN BANSAL for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I, POOJA SEHGAL W/O ASHISH SEHGAL residing at C-51, TAKSHSHILA APARTMENT-57, I P EXTN, PATPAR GANJ, DELHI-110092. Have changed my name to POOJA HANDA for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I Renu Devi W/O Vinod Kumar R/O D-4/220 SECTOR-22 ROHINI EXTN, ROHINI, Rohini, North West, Delhi-110006 have changed the name of my minor daughter Muskan alias Taniya aged 17 years and she shall hereafter be known as Taniya.

**NAME CHANGE**
I, hitherto known as MOHD SHOAIB alias SHOAIB SALAM S/o ABDUL SALAM R/o H - 3, Pocket 9-A, Jasola Jamia Nagar, South Delhi, Delhi - 110025 have changed my name and shall hereafter be known as SHOAIB SALAM.

**NAME CHANGE**
I, DUNDAPPA Father of No.-16119911H Rank-NK Name-LAGAMESH DUNDAPPA GADADI Presently residing at VPO-KALLOLI, TEH-GOKAK, DIST-BELAGAVI, KARNATAKA-591224, have changed my name from DUNDAPPA to DUNDAPPA GADADI for all future purposes vide Affidavit dated 25/12/2024 before Notary Public, Delhi

**NAME CHANGE**
It is for general information that I, MANOJ KUMAR S/o NAIN SINGH R/o E-65, Krishan Vihar, North West Delhi-110086 declare that name of mine has been wrongly written as MANOJ in my Daughter namely SAKSHI aged 14 year in her school record. The actual name of mine is MANOJ KUMAR which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**
It is for General information that I, KOSHI D/o RAJESH KUMAR residing at F - 89, Laxmi Park, Nangloi, West Delhi, Delhi - 110041 declare that the name of my Father has been wrongly written as RAJESH in my 10th and 12th Class Educational Documents. The actual names of my Father are RAJESH KUMAR respectively, which may be amended accordingly.

**सार्वजनिक सूचना**
मेरी मुवक्किला श्रीमती बेबी पत्नी श्री किशोर कुमार निवासी एफ-61, मादीपुर जे. जें. कॉलोनी, दिल्ली-110063 ने अपने पुत्र प्रिंस को उसके दुराचरण व व्यवहार को देखते हुए उसको अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, और उससे अपने संबन्ध विच्छेद कर लिये हैं। अगर कोई व्यक्ति उससे किसी प्रकार का कोई लेन-देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेवार होगा। भविष्य में उसकी गतिविधियों के प्रति मेरे मुवक्किला की कोई जिम्मेदारी नही होगी।
**दीपक जुनेजा, एडवोकेट**
चैम्बर न0 24, वैस्टन विंग,
तीस हजारी कोर्ट दिल्ली-110054

**NAME CHANGE**
I, Harpreet Kaur Anand w/o Manmeet Singh r/o 22/7B, Ground Floor, Tilak Nagar, Delhi-110018 have changed my name to HARPREET KAUR for future purposes.

**NAME CHANGE**
It is for general information that I, SAJID ALI S/O YAVAR ALI R/O L-468, Sunder Nagri, Nand Nagri, North East Delhi, Delhi-110093 declare that name of mine, my wife and my minor son have been wrongly written as SAJID, ARSHADI and RAYYAN ALI in my minor son MOHD RAYYAN ALI aged 17 years in his 10th Class Educational Documents. The actual name of mine, my wife and my minor son are SAJID ALI, ARSHADI BANO and MOHD RAYYAN ALI respectively which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**
I, RENUKA LAGAMESH Wife of No.-16119911H Rank-NK Name-LAGAMESH DUNDAPPA GADADI Presently residing at VPO-KALLOLI, TEH-GOKAK, DIST-BELAGAVI, KARNATAKA-591224 have changed my name from RENUKA LAGAMESH to RENUKA LAGAMESH GADADI for all future purposes vide Affidavit dated 25/12/2024 before Notary Public, Delhi

**NAME CHANGE**
I, A SUMALATHA Wife of No. 15334438N Rank-NK Name-BALAKRISHNA AMBATI Presently residing at 4-30, PEDDA VEEDHI, T GADURU, VAJRAPUKOTHURU, SRIKAKULAM, ANDHRA PRADESH-532222, have changed my name from A SUMALATHA to SUMALATHA AMBATI for all future purposes and in my husband's service records my date of birth wrongly mentioned as 09/06/1990 instead of my correct date of birth as 05/10/1990 vide Affidavit dated 25/12/2024 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, SHEKAVVA Mother of No.-16119911H Rank-NK Name-LAGAMESH DUNDAPPA GADADI Presently residing at VPO-KALLOLI, TEH-GOKAK, DIST-BELAGAVI, KARNATAKA-591224, have changed my name from SHEKAVVA to SHAKUNTALA GADADI for all future purposes vide Affidavit dated 25/12/2024 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, No. 15334438N Rank-NK Name-BALAKRISHNA AMBATI Father of A KAVYA Presently residing at 4-30, PEDDA VEEDHI, T GADURU, VAJRAPUKOTHURU, SRIKAKULAM, ANDHRA PRADESH-532222 have changed my minor daughter's name from A KAVYA to KAVYA AMBATI for all future purposes vide Affidavit dated 25/12/2024 before Notary Public, Delhi.

**PUBLIC NOTICE**
Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mr. Gurdeep Singh is claiming to be the owner of Built up Upper Ground Floor without roof rights, Part of Property no. 60 & 60-B, admeasuring 90 Sq. Yds., out of Khasra no. 7/21/2 & 8/25/2, situated in the area of Village Mirzapur, Colony known as Vijay Enclave, M-Block, New Delhi-110045; vide GPA, ATS & Will dated 25.11 2023 executed by Mr. Vicky Kharb. All persons are hereby informed that above mentioned owners wants to sell the said property to a person who wants to obtain a loan from our client against the said property. If anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said property, its sale/mortgage/litigation, and any other objections, Kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 7 days of the present.
**Kumar & Associates**
(Advocates & Consultants)
200, Second Floor, 23, Shivaji Marg,
Moti Nagar, New Delhi - 15

**PUBLIC NOTICE**
Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mr. Ayyub is claiming to be the owner of Residential Plot of land area measuring 50 sq. yds,. out of Khasra No. 146 min, situated at Sonia Nagar, in the area of Village Baheta Hazipur, Paragana and Tehsil Loni, District Ghaziabad, U. P; vide Sale Deed dated 19.09.2023, Doc. No. 13618, executed by Mrs. Samina Khatoon. All persons are hereby informed that above mentioned owner wants to mortgage the said property to our client. If, anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said property, its sale/mortgage/litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 7 days of the present.
**Kumar & Associates**
(Advocates & Consultants)
200, Second Floor, 23, Shivaji Marg,
Moti Nagar, New Delhi - 15

**PUBLIC NOTICE**
NOTICE is hereby given to public at large that my client **Mr. Yashpal Khattar** is the owner of **First floor, admeasuring 157 Sq. yards built** on Property no. 888/2-A, admeasuring 207 Sq. yards, old Khasra no. 1665 and new Khasra no. 1151/3Min, situated at Mehrauli, Tehsil Hauz Khas, Mehrauli, New Delhi by the virtue of General Power of Attorney, Agreement to Sale & WILL dated 15.10.1981 and intend to get the financial assistance from **Motilal Oswal Home Finance Limited.** If any person(s) /Institution has/have any objection(s) or claim(s) with respect to the right, title or interest in the said property may please contact us within 07 days from the date of this notice on the address mentioned herein below, failing which my client(s) shall not be held responsible in any manner whatsoever.
**Khaitan & Khaitan**
A-38 Kailash Colony,
New Delhi-110048,
Ph. No: 011-49774545

**NAME CHANGE**
I Sushil Kumar S/O: Siya Saran, R/O 30, Kafa Block, Arogyadham Maharishi Nagar, Post Offic-Maharishi Nagar, Noida, Noida, Gautam Buddha Nagar Uttar Pradesh, -201301,have changed the name of my minor son Harsh Tiwari alias Harshit Tiwari aged 10 years and he shall hereafter be known as Harshit Tiwari.

**COURT NOTICE**
**PROCLAIMATION REQUIRED**
**ATTENDENCE OF DEFENDANTS**
(Order 5 Rule 20 of the Code of Civil Procedure)
**IN THE COURT OF**
**MS. CHARU GUPTA**
**JUDGE/MACT-01 S/E SAKET**
**NEW DLEHI**
SUIT NO. 671/2021
**RIHANA............Petitioner/s**
**Vs**
**HDFC ERGO GIC..... Respondent/s**
To
**1) RADHEY SHYAM**
Address:SUTHARI SURANA GHAZIABAD-201203
**2) PARDEEP KUMAR**
Address: SUTHARI SURANA GHAZIABAD-201203
Whereas (Petitioner) RIHANA has presented the petition under the Motor Vehicles Act for grant of compensation on account of injuries/loss suffered in a motor vehicle accident, and whereas you are respondent No. 02 & 03 in the said case proceedings and whereas despite reasonable efforts and attempts for service, your presence could not be secured, as you are intentionally evading service of summons, it is hereby notified that the next date of hearing in the said proceedings is 21.02.2025. You are required to appear in the said proceedings in person, or through your representative, and in case of failure/default in appearance in the said proceedings on 21.02.2025, the matter be proceeded ex-parte against you. Given under my hand and seal of the Court
**CHARU GUPTA**
**PO-MACT--01, SOUTH-EAST**
**SAKET, NEW DELHI**

## हरियाणा खेल विवि ने ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी खेलों में जीते तीन पदक

**एजेंसी**

**सोनीपत।** काशी यूनिवर्सिटी, बठिंडा में आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2024 में हरियाणा खेल विश्वविद्यालय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन पदक जीते। इस प्रतियोगिता में 1400 मुक्केबाजों, 60 अधिकारियों और 200 से अधिक कोचों ने भाग लिया। हरियाणा खेल विश्वविद्यालय के पदक विजेताओं में मोहिनी ने रजत पदक, शीतल रानी ने कांस्य पदक, विशु राठी ने कांस्य पदक जीते हैं। इसके अलावा, शिवानी ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए क्वालीफाई किया। आंचल और शिवानी ने भी अपनी बेहतरीन खेल भावना का प्रदर्शन किया, हालांकि वे पदक जीतने में सफल नहीं रहीं। कुल चार खिलाड़ियों ने आगामी खेलो इंडियायूनिवर्सिटी गेम्स में हिस्सा लेने के लिए क्वालीफाई किया। खेल विश्वविद्यालय के कुलपति अशोक कुमार ने विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## रोडवेज कर्मियों ने मांगों को लेकर जीएम को सौंपा ज्ञापन

**जींद।** हरियाणा रोडवेज स्वतंत्र कर्मचारी यूनियन की बैठक मंगलवार में प्रधान राजेश चोपड़ा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कर्मचारियों की समस्या को लेकर चर्चा हुई और फिर महाप्रबंधक राहुल जैन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कर्मचारियों ने कहा कि वरिष्ठता के आधार पर कर्मचारियों की ड्यूटी कार्यालय में लगाई जाए और जूनियर कर्मचारियों से ऑनरूट ड्यूटी ली जाए। पिछले डेढ़ साल का बकाया कर्मचारियों को रात्रि भत्ता दिया जाए। इसके अलावा 2018 के कर्मचारियों की 18 दिन की हड़ताल के दौरान काटे गए वेतन बारे, मुख्यालय के आदेश अनुसार जूनियर चालक और परिचालक से ओवरटाइम करवाने बारे, परिचलकों को खुले पैसे उपलब्ध करवाने बारे, सुबह सात बजे पुंडरी वाली बस को कुरुक्षेत्र तक किए जाने की मांग की गई। यह भी कहा कि गुरुग्राम जाने वाली बसों को दोबारा से केएमपी पर किया जाए। दूसरे डिपो की तरह चंडीगढ़ में स्टैंड इंचार्ज लगाने बारे, वर्कशॉप में मोटरसाइकिल के लिए शेड बनवाने बारे, बसों में अच्छी फॉग लाइट लगवाने, बसों की हर रोज धुलाई करने, रात को लेट आने वाली बसों में सुबह डीजल डलवाने बारे व कर्मचारियों का बकाया एसीपी देने बारे मांग की गई। कर्मचारियों ने कहा कि महाप्रबंधक ने सभी मांगों को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर पूर्व डिपो प्रधान कर्मवीर रंगा, संतलाल, महेश, कृष्ण, सुरेश, विकास, अरविंद, तनवीर, दलबीर, भारत, विनोद, राकेश, सतबीर, रविंद्र, कृष्ण व हरिपाल मौजूद रहे।

## आलोक मित्तल ने संभाला एसीबी महानिदेशक का पदभार

**चंडीगढ़।** हरियाणा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक आलोक मित्तल ने पंचकूला स्थित हरियाणा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यालय में पदभार संभाला। इस दौरान उन्होंने ब्यूरो के कार्यालय का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों व कर्मचारी से उनकी कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी प्राप्त की और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मित्तल ने कहा कि हरियाणा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के गठन का उद्देश्य प्रदेश को भ्रष्टाचार मुक्त बनाना है। इसके लिए हम सभी को एक अच्छी टीम के रूप में कार्य करना होगा ताकि इसके गठन के उद्देश्य को सफल किया जा सके। निरीक्षण के दौरान आलोक मित्तल ने स्टाफ के सदस्यों के साथ बातचीत की। उन्होंने प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी से उनकी ड्यूटी के बारे में पूछा। मित्तल ने कहा कि ब्यूरो में प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारियों को अपने कार्य को लेकर स्पष्टता होना अत्यंत आवश्यक है। अपने काम को लेकर जितनी स्पष्टता होगी कार्यप्रणाली उतनी ही बेहतर और प्रभावी होगी। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ ब्यूरो द्वारा जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए काम किया जाएगा। इस मामले में लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने आमजन से भी अपील करते हुए कहा कि यदि कोई भी अधिकारी व कर्मचारी सरकारी काम करने के बदले में रिश्वत की मांग करता है तो तुरंत इसकी जानकारी हरियाणा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर पर देना सुनिश्चित करें।

## फाइनेंसरों से तंग आकर जहर खाने वाले परिवार के चौथे सदस्य की मौत

**नारनौल।** नारनौल में फाइनेंसरों से तंग आकर जहर खाने वाले परिवार के चौथे सदस्य की भी मौत हो गई है। उसका रोहतक पीजीआई में इलाज चल रहा था। इस मामले में अभी तक पुलिस की ओर से कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय गुरूनानकपुरा में दुकान चलाने वाले आशीष ग्रोवर ने रविवार की रात पत्नी और दो बेटों संग थार में बैठकर जहर खा लिया था। कुछ समय बाद पत्नी रूपेंद्र कौर और छोटे बेटे शानदीप की मौत हो गई।

सोमवार की सुबह आशीष ने भी दम तोड़ दिया। उनके दूसरे बेटे गगनदीप की भी मौत हो गई। उन्होंने सुसाइड नोट छोड़ आरोप लगाया था कि उन्होंने 2 लोगों से 60 हजार का कर्ज लिया था लेकिन फाइनेंसरों ने मिलकर उसे 15 लाख का बना दिया। जिसकी वसूली के लिए वह जान से मारने की धमकी दे रहे थे। हालांकि इस मामले में अभी तक पुलिस की ओर से कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

# आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन एक परिवर्तनकारी पहल है : राज्यपाल

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने प्रधानमंत्री एवं केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना- 'आयुष्मान भारत योजना' के अंतर्गत आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन को बढ़ावा देने के लिए आज राजभवन में अपना एवं अपने परिवार का आभा कार्ड बनवाया। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन एक परिवर्तनकारी पहल है जिसका उद्देश्य एक सहज डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र बनाकर भारत के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को डिजिटल बनाना है। राज्यपाल ने आभा आईडी के बारे में कहा कि इसके द्वारा मरीजों की सारी स्वास्थ्य जानकारी एक विशेष डेटाबेस में उपलब्ध होगी जिससे देश के किसी भी कोने में आपातकाल स्थिति में भी मरीज को



सटीक व उचित इलाज मिल सकेगा। यह योजना कड़े डेटा सुरक्षा उपायों के साथ निर्मित की गई हैं, जिसमें मरीज का डेटा केवल स्पष्ट सहमति से ही साझा किया जाता है। हरियाणा में आभा आईडी के प्रति जागरूकता पैदा करने और आभा आईडी के निर्माण को सुविधाजनक बनाने के लिए आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की टीम सक्रिय रूप से काम कर रही है। इस पहल का उद्देश्य एक महत्वपूर्ण जन जागरुकता अभियान के रूप में कार्य करना है, जो हरियाणा के लोगों को आभा प्रणाली को अपनाने और इसके लाभों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगा। इस मौके पर आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के संयुक्त निदेशक कैलाश सोनी ने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने राज्यपाल को बताया कि अभी तक हरियाणा में 1 करोड़ 50 लाख आभा कार्ड बनाए जा चुके है। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन स्टेट मिशन डायरेक्टर संगीता तेतरवाल के नेतृत्व में चलाया जा रहा है। इस दौरान आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के प्रोजेक्ट मैनेजर डार्विन अरोड़ा, मैनेजर उमेश सैनी और डेटा विश्लेषक परमिंदर सिंह ने पीपीटी के माध्यम से तकनीकी जानकारी राज्यपाल को उपलब्ध करवाई।

## हिसार के एसडीएम कार्यालय में कर्मचारी नहीं पहन सकेंगे जींस, आदेश जारी

**एजेंसी**

**हिसार।** हिसार की नवनियुक्त एसडीएम ज्योति मित्तल ने ज्वाइनिंग के साथ सरकारी कार्यालय में जींस पहनने पर रोक लगा दी है। एसडीएम ज्योति हिसार में नियुक्त दूसरी ऐसी महिला अधिकारी है, जिन्होंने ऐसे आदेश जारी किए हैं। इससे पहले हिसार में नगर निगम आयुक्त लगी वैशाली शर्मा भी ऐसे ही

आदेश जारी कर चुकी है। एचसीएस अधिकारी ज्योति मित्तल ने ही हिसार में एसडीएम का पदभार संभाला है। पदभार संभालने के साथ ही उन्होंने पहले तो समाधान शिविर में शिकायतें सुनी और उसके बाद कार्यालयों में फॉर्मल ड्रेस पहनने के आदेश जारी कर दिए। इसके अलावा उन्होंने पिछले कई दिनों से लघु सचिवालय के आगे धरने व आमरण अनशन पर बैठे लड़की के माता-पिता से मुलाकात करके उनका धरना समाप्त करवाया। ये लोग सितंबर माह से लापता अपनी 16 वर्षीय बेटी को खोने की गुहार लिए धरने व आमरण अनशन पर बैठे थे।

इससे पहले एसडीएम ज्योति मित्तल ने जींस पहनकर आए कई कर्मचारियों को टोका भी और फिर ये आदेश जारी कर दिए। अपने आदेशों में एसडीएम में कहा है कि 'एसडीएम कार्यालय हिसार में कार्यरत सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को आदेशित किया जाता है कि ड्यूटी के दौरान औपचारिक परिधान (फॉर्मल ड्रेस) कार्यालय में पहनना सुनिश्चित करें। जींस इत्यादि कार्यालय में ड्यूटी के दौरान न पहनें व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी निर्धारित वर्दी में पहन कर आएंगे।

## महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलकर सरकार कर रही जनकल्याण के कार्य : नायब सिंह सैनी

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि सरकार महापुरुषों के बताए गए मार्ग पर चलते हुए लोगों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। महापुरुषों की प्रेरणा से ही प्रदेश में हितकारी फैसले लिए गए हैं। मुख्यमंत्री सिरसा जिला के गांव फूलकां में महाराजा सूरजमल के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जाट विकास मंच और समस्त ग्रामवासी फूलकां द्वारा आयोजित प्रतिमा अनावरण समारोह में उपस्थितजन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने सर्वप्रथम गांव में स्थापित की गई महाराजा सूरजमल की प्रतिमा का अनावरण किया और पौधरोपण भी किया। इसके बाद बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। मुख्यमंत्री ने भारतीय जाट विकास मंच को 21 लाख रुपये और बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर शिक्षार्थ एवं धर्मार्थ ट्रस्ट को 11 लाख रुपये देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महाराजा सूरजमल के जीवन को नई पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायक व आदर्श भरा बताते हुए कहा कि उत्तर भारत में मुगलों को मुंहतोड़ जवाब देने वाले राजाओं में महाराजा



सूरजमल जी का नाम बड़े ही गर्व और गौरव के साथ लिया जाता है। महाराजा सूरजमल जी ने 14 वर्ष की छोटी आयु में भरतपुर रियासत का राजकाज संभाला और फिर अनेक युद्ध जीतकर उसका विस्तार भी किया। मुख्यमंत्री नायब ने कहा कि प्रदेश सरकार ने किसान हित में अनेक अभूतपूर्व फैसले लिए हैं। पट्टेदार किसानों और भूमि मालिकों के बीच विश्वास बहाल किया है। पहले भू-मालिकों और काश्तकारों के बीच में जमीन के कब्जे तथा मुआवजे इत्यादि को लेकर विवाद होते रहते थे। अब हमने कृषि भूमि पट्टा एक्ट लागू करके,इन विवादों को जड़ से खत्म कर दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शामलात भूमि पर 20 वर्षों से काबिज़ पट्टेदारों को उस भूमि का मालिकाना हक़ दिया है। साथ ही,गांवों में पंचायती भूमि पर बने 500 वर्ग गज तक के मकानों में रह रहे लोगों को उनका मालिकाना हक दिया है। ये लोग कलेक्टर रेट पर रजिस्ट्री करवा कर अपना मालिकाना हक ले सकते हैं। हरियाणा के शिक्षामंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि महाराजा सूरजमल एक महान योद्धा थे।

## राजमार्गों के निकट 10 औद्योगिक शहर बसाने से खुलेंगे रोजगार के द्वार: नायब सैनी

**एजेंसी**

**गुरुग्राम।** हरियाणा में 10 औद्योगिक शहर बसाने को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यहां पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में अधिकारियों के साथ चर्चा की। वे गुरुग्राम मेट्रो रेल लिमिटेड (जीएमआरएल) के तहत मेट्रो विस्तारीकरण के लिए बैठक लेने पहुंचे थे।

बैठक में बताया गया कि कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे के साथ पंचग्राम योजना विचाराधीन है। इस संबंध में विभिन्न कई निर्णय लिए जाने हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरों में औद्योगिक, आवासीय, इंफ्रास्ट्रक्चर और वाणिज्यिक इत्यादि सभी प्रकार की गतिविधियां उपलब्ध होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हमें 10 ऐसे शहर पूरे राज्य के सभी राजमार्गों के नजदीक बसाने चाहिए, जहां पर लोगों को रोजगार मिले। निवेशक अपने निवेश को आसानी से लेकर आ सके। इन शहरों में औद्योगिक, आवासीय, इफ्रास्ट्रक्चर और वाणिज्यिक इत्यादि सभी प्रकार की गतिविधियां उपलब्ध होनी चाहिए। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जब भी कोई निवेशक हरियाणा में अपने



निवेश को लेकर कोई भी आवेदन करता है तो उसके आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे सभी प्रकार की स्वीकृतियां तुरंत दिलवाई जानी चाहिए और इस संबंध में एक अधिकारी को नोडल अधिकारी के रूप में लगाना चाहिए ताकि निवेशक को किसी भी प्रकार से कार्यालय के चक्कर न काटने पड़े।

बैठक के दौरान ऑनलाइन मोड के माध्यम से मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर को मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि वे इस प्रकार से योजना बनाएं कि 10 मॉडल औद्योगिक शहर बसाए जा सकें। उनमें सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि इस योजना को तैयार करके आगामी विधानसभा के बजट सत्र के दौरान भी लाया जाए। इस मौके पर मुख्य सचिव विवेक जोशी, पूर्व मुख्य सचिव और प्रिंसिपल एडवाइजर जीएमडीए डीएस ढेसी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य सचिव एके सिंह, अतिरिक्त मुख्य सचिव डी. सुरेश, अतिरिक्त मुख्य सचिव श्यामल मिश्रा, गुरुग्राम मेट्रो रेल लिमिटेड के एमडीचंद्रशेखर खरे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में प्रदेश भर से आएंगे 41 हजार विद्यार्थी

**सोनीपत।** सोनीपत में पांच दिवसीय राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 26 दिसंबर से लगेगी। इसमें हरियाणा प्रदेश के 22 जिलों से 41,900 से अधिक विद्यार्थी आएंगे। सोनीपत के राई स्थित स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा में इसका आयोजन होगा। विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति प्रेरित करने और उनकी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से यह भ्रमण करवाया जाएगा। हरियाणा के राजकीय विद्यालयों के 9वीं से 12वीं कक्षा के विज्ञान के विद्यार्थियों को इस प्रदर्शनी का हिस्सा बनने का अवसर दिया जाएगा। शिक्षा निदेशालय ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। प्रदर्शनी के दौरान अलग-अलग दिनों में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों को शामिल होंगे।

## गोहाना से होगी प्रदेश स्तरीय सहकारिता जागरुकता अभियान की शुरुआत

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने प्रदेश में गांव, महिला, किसान व युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के मकसद से जिला स्तरीय सहकारिता जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया है जिसमें सहकारी संस्थाएं एक ही मंच पर बड़ी आबादी को आत्मनिर्भरता की राह दिखाएंगी। इस अभियान की शुरुआत गोहाना से होने जा रही है। हरियाणा के सहकारिता मंत्री अरविंद शर्मा ने मंगलवार को चंडीगढ़ में जारी जानकारी में बताया कि सहकारिता विभाग व उनकी सहयोगी संस्थाओं द्वारा जिला स्तरीय सहकारिता जागरूकता अभियान शुरू करने का खाका तैयार कर लिया गया है। इसकी शुरूआत गोहाना से की जा रही है। हरियाणा सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार राजेश जोगपाल ने बताया है कि सहकारी संस्थाओं द्वारा



पहला जिला स्तरीय सहकारिता जागरूकता अभियान सोनीपत के गोहाना में 26 दिसंबर को आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में 10 स्टालों के माध्यम से सहकारी संस्थाओं की योजनाओं व उनमें ग्रामीण क्षेत्रों के विकास, किसान, महिलाओं, विशेषकर युवाओं के लिए उपलब्ध अवसरों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

इस मंच पर अलग-अलग योजनाओं के सफल स्वयं सहायता समूह, पैक्स आदि के प्रतिनिधि अपने-अपने प्रोजेक्ट की विस्तार से जानकारी देंगे। इस अभियान में हैफेड, डेयरी फेडरेशन, हरको बैंक, लेबर फेडरेशन, हरियाणा राज्य सहकारिता कृषि ग्रामीण विकास बैंक के साथ-साथ पंचायती राज्य संस्थाओं के चुने हुए प्रतिनिधि व युवाओं को इसमें भागीदारी करने के लिए आमंत्रित किया गया है।

## राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय को मिला महाकुंभ 2025 का निमंत्रण



**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से राजभवन में उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी और राज्य मंत्री जसवंत सैनी ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों मंत्रियों ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तरफ से 13 जनवरी से 26 फरवरी, 2025 तक प्रयागराज, उत्तर प्रदेश में आयोजित होने वाले आस्था व सनातन के महापर्व-महाकुंभ 2025 का निमंत्रण राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय को सौंपा। राज्यपाल ने निमंत्रण को स्वीकार करते हुए महाकुंभ मेले में सम्मिलित होने की सहमति जताई। उत्तर प्रदेश के मंत्रियों ने राज्यपाल को प्रयागराज के संगम का गंगाजल भी भेंट किया। राज्यपाल ने भी उन्हें राजभवन में पधारने पर शाल व भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति भेंट कर सम्मानित किया।

## आदमपुर की आयल मिल में शार्ट-सर्किट से लगी भीषण आग, भारी नुकसान

**एजेंसी**

**हिसार।** जिले के कस्बा आदमपुर के खैरमपुर रोड स्थित जाजूदा आयल मिल में शार्ट-सर्किट से अचानक आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि फायर ब्रिगेड की नौ गाडियों ने करीब पांच घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आदमपुर की दो गाडियों के अलावा हिसार से तीन, बरवाला से दो, खेदड़ थर्मल प्लांट व भट्टू की एक-एक दमकलों ने आग पर काबू पाया।

फैक्ट्री मालिक के अनुसार रोजाना की भांति फैक्ट्री में सरसों व बिनौला से तेल व खल निकालने का कार्य चल रहा था। अचानक हुए शार्ट-सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भयंकर रूप धारण कर लिया और मशीनरी के अलावा, वहां रखा भारी मात्रा में बारदाना, सरसों की खल व तेल, बिनौला की खल व तेल को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगी देख वहां काम कर रहे कारिंदों ने शोर मचाया और पानी के सबमर्शिबल व टैंकरों की सहायता से आग बुझाने का प्रयास किया। इस बीच सूचना पाकर आदमपुर फायर ब्रिगेड कर दो गाडियां पहुंची लेकिन आग के भयंकर रूप लेने के चलते



तीन गाडियां हिसार, दो बरवाला, एक-एक गाड़ी खेदड़ व भट्टू से बुलानी पड़ी। इन गाडियों ने शाम करीब साढ़े तीन बजे आग पर काबू पाया। फैक्ट्री मालिक सुमित जाजूदा के अनुसार नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। अंदेशा है कि आयल मिल में करीब चार से पांच करोड़ रुपये का

नुकसान हुआ है। आदमपुर के फायर अधिकारी शैलेंद्र जांगड़ा ने बताया कि फैक्ट्री में भीषण आग लगी थी। फायर कर्मियों को आग बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। गाडियों को फैक्ट्री में लगे सबमर्शिबल से कई बार पानी भरना पड़ा। आयल मिल में भीषण आगजनी के बाद आसमान में धुएं का गुब्बार उठ गया। आसपास के लोगों के अलावा गांवों से काफी संख्या में किसान अपने ट्रैक्टर और स्प्रे पंप लेकर दौड़े। मिल में लगी आग को बुझाने में स्थानीय लोगों व किसानों ने भी काफी मदद की।

## गुरुग्राम में मेट्रो विस्तार का निर्माण कार्य एक मई 2025 से होगा शुरू: नायब सिंह सैनी

**एजेंसी**

**गुरुग्राम।** मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि गुरुग्राम के मिलेनियम सिटी सेंटर से रेलवे स्टेशन, सेक्टर-22 व साइबर सिटी के बीच मेट्रो का विस्तारीकरण किया जाएगा। इस परियोजना पर कुल 5452.72 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगें। मेट्रो विस्तारीकरण का निर्माण कार्य एक मई 2025 से शुरू कर दिया जाएगा। इस परियोजना की आधारशिला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 16 फरवरी, 2024 को रेवाड़ी में रखी गई थी।

मुख्यमंत्री ने यह जानकारी यहां गुरुग्राम मेट्रो रेल लिमिटेड (जीएमआरएल) के तहत मेट्रो विस्तारीकरण के लिए आयोजित बैठक में दी। इस मौके पर उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह व पूर्व विधायक बिमला चौधरी भी उपस्थित रही। बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि मेट्रो विस्तारीकरण का कार्य 4 साल में पूरा होगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए मेट्रो के कार्य को तेज गति से आगे बढ़ाया जाए। इसके अलावा उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि लोगों को मेट्रो निर्माण के दौरान किसी प्रकार की असुविधा ना हो। यातायात सुचारू रूप से संचालित रहे, उस संबंध में भी बेहतरीन योजना बनाई जाए। उन्होंने कहा कि जब भी कोई बड़ा निर्माण इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा किया जाता है, तो वह लंबे समय तक चले और लोगों को लाभ मिले, ऐसी योजना अधिकारियों को बनानी चाहिए।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि इस परियोजना पर केन्द्र सरकार द्वारा 896.19 करोड़ रुपए तथा हरियाणा सरकार की ओर से 4556.53 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगें। इस परियोजना के अंतर्गत मीडियम मेट्रो को स्थापित किया जाएगा। यह स्टैण्डर्ड गेज पर संचालित होगी। यह मैट्रो सीबीटीसी अर्थात कम्युनिकेशन बेस्ड ट्रेन कंट्रोल सिग्नल पर आधारित होगी। इसकी अधिकतम स्पीड 80 किलोमीटर प्रति घंटा होगी।

## विवाह समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग करने पर होगी सख्त कार्रवाई

**एजेंसी**

**जींद।** जिलाधीश ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के आधार पर प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला में विवाह और अन्य समारोह के दौरान रात दस बजे के बाद बजाए जाने वाले डीजे तथा हथियारों के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। जिलाधीश मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जश्न मनाने के लिए अधिकृत हथियार लाइसेंस धारी आमतौर पर लाइसेंसी हथियारों के माध्यम से उत्सव के दौरान हवाई फायरिंग में लिप्त रहते हैं। जिससे जान-माल का खतरा रहता है। जिलाधीश मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि हाल ही में राज्य के कई जिलों में इस तरह की घटनाओं से मृत्यु, घायल होने तथा सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने की घटनाएं सामने आई हैं। कानून के अनुसार शस्त्र लाइसेंस धारकों को उनकी सुरक्षा कारणों से हथियार रखने की अनुमति है लेकिन वे इन आयोजनों में अन्य व्यक्तियों के जीवन को खतरे में डालने के लिए उत्सव के नाम पर इसका इस्तेमाल नहीं सकते।

उन्होंने कहा कि बैंक्वेट हॉल, होटलों तथा बारात घरों के संचालक शादियों की बुकिंग करने वाले व्यक्तियों से लिखित में यह आश्वासन



भी लें कि समारोहों के दौरान हथियारों का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। उन्होंने जिला में स्थित सभी बैंक्वेट हॉल, होटलों तथा बारात घरों में जरूरत अनुसार सीसीटीवी लगाने और डी-बोर्डिंग लगा कर इस आशय की चेतावनी प्रदर्शित करने के भी निर्देश दिए। सीसीटीवी और डीवीआर की भंडारण क्षमता 15 दिनों से कम नहीं होनी चाहिए। जिलाधीश ने बताया कि विवाह एवं अन्य समारोह में ऊंची आवाज में डीजे बजाने से ध्वनि प्रदूषण भी होता है। जिसके कारण विनियमन एवं नियंत्रण नियम 2000 के प्रावधानों का उल्लंघन होने की संभावना है। उन्होंने आमजन से अनुरोध किया कि विवाह एवं अन्य समारोहों के दौरान रात्रि 10 बजे के बाद कोई भी व्यक्ति डीजे का उपयोग नही करे ताकि मानव जीवन और संपत्ति को खतरा और सार्वजनिक शांति में व्यवधान, दंगा या झगड़े से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग के कर्मी रात्रि गश्त के दौरान इस तरह के समारोह में डीजे बजाने व अन्य नियमों की पालना करवाएं।

## कांग्रेस के जिला प्रभारियों की सूची में घमासान, प्रदेश अध्यक्ष ने जारी की, प्रभारी ने लगाई रोक

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा कांग्रेस के नेताओं में छिड़ा घमासान लगातार बढ़ता जा रहा है। करीब एक सप्ताह पहले जारी की गई जिला प्रभारियों की सूची पर पार्टी प्रभारी ने रोक लगा दी है।हरियाणा में कांग्रेस की आपसी गुटबाजी के चलते पिछले करीब 10 वर्ष से संगठन का गठन नहीं हो सका है। इस बीच कई प्रभारी व कई प्रदेश अध्यक्ष बदले जा चुके हैं। हाल ही में हुआ विधानसभा चुनाव भी कांग्रेस द्वारा बगैर संगठन के लड़ा गया है। हरियाणा में अगले माह निकाय चुनाव होने जा रहे हैं जिसके मद्देनजर प्रदेश अध्यक्ष उदयभान द्वारा बीती 18 दिसंबर को एक आदेश जारी करके सभी जिलों में प्रभारी नियुक्त किए गए थे। इनमें छह मौजूदा विधायकों के अलावा 14 पूर्व विधायक एवं मंत्रियों को जिला प्रभारी लगाया गया था। इन नियुक्तियों के पीछे मुख्य उद्देश्य निकाय चुनाव के दौरान कार्यकर्ताओं को धरातल पर एकजुट करना था ताकि विधानसभा चुनाव जैसे समीकरण दोबारा न पैदा हों। इन नियुक्तियों के बाद कांग्रेस की भीतरी गुटबाजी जमकर तेज हो गई। कुछ नियुक्तियों पर हुड्डा गुट तो कुछ नियुक्तियों पर सैलजा व रणदीप सुरजेवाला गुट को आपत्ति थी। हाईकमान के दरबार में इन नियुक्तियों के विरूद्ध रोजाना शिकायतें पहुंच रही थी। जिसके चलते पार्टी ने एक आदेश जारी करके जिला प्रभारियों की नियुक्तियों को होल्ड कर दिया। कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया द्वारा जारी किए गए आदेशों में साफ किया गया है कि हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कार्यालय द्वारा 18 दिसंबर को जारी की गई जिला प्रभारियों की सूची को तत्काल प्रभाव से होल्ड किया जाता है। आगामी आदेशों तक इस सूची पर अमल निलंबित रहेगा। इससे पहले भी कांग्रेस में कई पदों पर जारी की गई सूचियों को हाईकमान की तरफ से होल्ड किया जा चुका है। नेताओं की आपसी गुटबाजी के कारण यह सूची रोकी गई है। जिसका खामियाजा धरातल के कार्यकर्ताओं को भुगतना पड़ रहा है।

# गल्फ ऑयल ने नायरा एनर्जी के साथ की साझेदारी

एजेंसी
**मुंबई**। लुब्रिकेंट और ऑटोमोटिव उत्पाद क्षेत्र की अग्रणी कंपनी गल्फ ऑयल लुब्रिकेंट्स इंडिया लिमिटेड ने देशभर के 6500 से अधिक फ्यूल स्टेशनों पर प्रीमियम ऑटोमोटिव लुब्रिकेंट्स और एडब्लू लाने के लिए आज नायरा एनर्जी के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। कंपनी ने बयान जारी कर बताया कि इस साझेदारी के तहत गल्फ की संपूर्ण ऑटोमोटिव उत्पाद श्रृंखला दोपहिया वाहन, यात्री कार, वाणिज्यिक वाहन और कृषि से संबंधित वाहनों के लिए लुब्रिकेंट्स देशभर में नायरा एनर्जी के 6500 से अधिक फ्यूल रिटेल आउटलेट्स के व्यापक नेटवर्क पर उपलब्ध कराई जाएगी। यह रणनीतिक गठबंधन तीन साल के अनुबंध का हिस्सा है, जो नायरा एनर्जी की पहुंच का लाभ उठाकर गल्फ ऑयल की ब्रांड उपस्थिति और उत्पाद उपलब्धता को और मजबूत करेगा ताकि विस्तारित ऑटोमोटिव बाजार, विशेष रूप से भारत में देश के तेजी से विकसित हो रहे राजमार्ग बुनियादी ढांचे की जरूरतों को पूरा किया जा सके। गल्फ के पास पहले से ही डिपो और एडब्लू के लिए विभिन्न अन्य टचपॉइंट के माध्यम से एक स्थापित वितरण नेटवर्क है और यह साझेदारी उस पहुंच को और बढ़ाएगी। गल्फ और नायरा एनर्जी संयुक्त रूप से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक दर्शकों तक विश्व स्तरीय, विश्वसनीय ऑटोमोटिव उत्पाद लाने के लिए प्रतिबद्ध सिलवासा और चेन्नई में इसकी अत्याधुनिक विनिर्माण और अनुसंधान एवं विकास सुविधाओं में लुब्रिकेंट्स और एडब्लू के लिए 332,000 किलोलीटर की संयुक्त क्षमता है, जो कंपनी को वैश्विक लीडर के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखने में सक्षम बनाती है।

# एक वर्ष में गैर पंजीक़ृत उद्यमों में मिले 12 करोड़ से अधिक को रोजगार

**नयी दिल्ली**। देश में गैर पंजीकृत या असंगठित क्षेत्र उद्यमों में अक्टूबर 2023 से सितंबर 2024 के दौरान 12.84 प्रतिशत की बढोतरी के साथ इनकी संख्या बढ़कर 7.34 करोड़ पर पहुंच गयी है और इन उद्यमों में 12 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के सचिव डॉ सौरभ गर्ग और देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ अनंत नागेस्वरन ने आज यहां असंगठित क्षेत्र उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण 2023-24 को जारी करते हुये यह जानकारी दी। डॉ गर्ग ने कहा कि इस सर्वेक्षण के परिणाम असंगठित गैर-कृषि क्षेत्र में प्रतिष्ठानों, रोजगार और उत्पादकता में महत्वपूर्ण वृद्धि को उजागर करते हैं, जो इस क्षेत्र की महामारी से संबंधित चुनौतियों से उबरने और नए सिरे से गति के साथ इसके पुनरुत्थान को प्रदर्शित करते हैं। उन्होंने कहा कि 2022-23में इन उद्यमों की संख्या 6.50 करोड़ थी जो 2023-24 में बढ़कर 7.34 करोड़ हो गई। इस तरह इसमें 12.84 प्रतिशत वृद्धि हुयी है। सर्वेक्षण में कवर किए गए व्यापक क्षेत्रों में, 'अन्य सेवाओं' क्षेत्र में प्रतिष्ठानों की संख्या में 23.55 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जिसके बाद विनिर्माण क्षेत्र में 13 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। यह महत्वपूर्ण वृद्धि लगातार क्षेत्रीय विस्तार को उजागर करती है और असंगठित क्षेत्र के समग्र विकास को आगे बढ़ाने में इस क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका को पुष्ट करती है।

# शक्कर में उठाव, खाद्य तेलों में तेजी, दलहऩ मजबूत, दाल- चावल सामान्य

**इंदौर**। सियागंज किराना बाजार में शक्कर में उठाव रहा गुड़ महंगा बिका। खाद्य तेलों में उठाव से भाव तेजी लिए रहे। तिलहनों में रिफाइनरी प्लांटों की लिवाली रही। दलहनों में मांग के साथ मजबूती दर्ज की गई। आज दाल तथा चावल में पूछपरख बताई गई।

किराना बाजारः सियागंज किराना बाजार में शक्कर में मांग रही। आज शक्कर में चार गाड़ी की आवक हुई। खोपरा गोला दिसावर के साथ ऊंचा होकर बिका। खोपरा बूरा तथा हल्दी में मांग सुधार लिए बताई गई।

तेल-तिलहनःखाद्य तेलों में लिवाली सुधार से सोयाबीन रिफाइंड तेजी लिए रहा। तिलहन में उठाव से सरसों में मजबूती दर्ज की गई। सोयाबीन में लिवाली बताई गई।

दाल-दलहनः संयोगितागंज अनाज मंडी में दलहन जिन्सों में कामकाज मजबूती लिए बताया गया। तुअर चना महंगा बिका। दाल में उठाव रहा। चावल में लिवाली से भाव स्थिरता लिए बताए गए।

# 'जी' मामले में डेलॉय समेत तीन पर दो करोड़ का जुर्माना; अथॉरिटी ने सुनाया 30 पन्नों का आदेश



**नई दिल्ली**। जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज के 2018-19 और 2019-20 के ऑडिट में गड़बड़ी में नेशनल फाइनेंशियल रिपोर्टिंग अथॉरिटी ने डेलॉय हास्किंस एवं सेल्स एलएलपी व दो सीए पर दो करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। एबी जानी और राकेश शर्मा पर 10 एवं पांच लाख दंड के साथ ऑडिट करने पर पांच साल एवं तीन साल के लिए प्रतिबंध भी लगा दिया है। अथॉरिटी ने 30 पन्नों के आदेश में यह फैसला सुनाया है।

# प्रधानमंत्री ने अर्थशास्त्रियों और विशेषज्ञों से केंद्रीय बजट 2025-26 पर किया विचार-विमर्श

एजेंसी
**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नीति आयोग में केंदीय बजट 2025-26 की तैयारी को लेकर प्रख्यात अर्थशास्त्रियों और विचारकों के एक समूह के साथ विचार-विमर्श किया। ये बैठक 'वैश्विक अनिश्चितता के समय में भारत की विकास गति को बनाए रखना' विषय पर आयोजित की गई।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने बैठक के दौरान अपने संबोधन में वक्ताओं को उनके व्यावहारिक विचारों के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मानसिकता में मूलभूत परिवर्तन के माध्यम से विकसित भारत को प्राप्त किया जा सकता है, जिसका ध्यान 2047 तक भारत को विकसित



बनाने पर केंद्रित है। केंदीय बजट की तैयारी के लिए आयोजित इस बैठक में प्रतिभागियों ने कई अहम मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। इनमें वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और भू-राजनीतिक तनावों से उत्पन्न चुनौतियों का समाधान, विशेष तौर पर युवाओं के बीच रोजगार बढ़ाने और सभी क्षेत्रों में स्थायी रोजगार के अवसर पैदा करने की रणनीतियां बनाने, रोजगार बाजार की उभरती जरूरतों के साथ-साथ शिक्षा और प्रशिक्षण कार्यक्रमों को सरेखित करने की रणनीतियां, कृषि उत्पादकता को बढ़ाना और स्थायी ग्रामीण रोजगार के अवसर पैदा करना, आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और रोजगार पैदा करने के लिए निजी निवेश को आकर्षित करना, बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए सार्वजनिक धन जुटाना, वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना, निर्यात को बढ़ावा देना और विदेशी निवेश को आकर्षित करना शामिल हैं।उल्लेखनीय है कि अगामी केंद्रीय बजटके संदर्भ में आर्थिक विशेषज्ञों के विचार एवं सुझाव जानने के लिए यह बैठक आयोजित की गई थी। दरअसल बजट से पहले हमेशा हर क्षेत्र के विषेशज्ञों की राय ली जाती हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण एक फरवरी, 2025 को लोकसभा में वित्त वर्ष 2025-26 का बजट पेश करेंगी।

# डीलर फाइनेंस समाधान के लिए महिंद्रा ट्रैक्टर्स ने किया पीएनबी के साथ एमओयू

एजेंसी
**नई दिल्ली**। महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड की इकाई महिंद्रा ट्रैक्टर्स ने अपने डीलरों को वित्तीय समाधान उपलब्ध कराने के लिए पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के साथ साझेदारी की है। इसके दोनों भागीदारों ने एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर भी किए हैं।महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने एक बयान जारी कर बताया कि महिंद्रा ट्रैक्टर्स ने अपने डीलरों को चैनल फाइनेंस समाधान प्रदान करने के लिए पीएनबी के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी के तहत एक साल से ज्यादा समय से कारोबार कर रहे सभी महिंद्रा ट्रैक्टर डीलर चैनल फाइनेंस सीमा के लिए पात्र हैं। कंपनी ने बताया कि इस समझौते के तहत डीलरों को 105 दिन की क्रेडिट अवधि का लाभ मिलेगा। इसके साथ ही 15 दिन की अतिरिक्त छूट अवधि भी मिलेगी और बिना किसी मार्जिन के महिंद्रा एंड महिंद्रा इनवॉइस की सौ फीसदी फंडिंग का लाभ मिलेगा। इसके तहत पांच करोड़ रुपये तक की 'फाइनेंस' सीमा दी जाती है, जिसमें 105 दिन की बिक्री के आधार पर सीमा का आकलन किया जाएगा। महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के अध्यक्ष (कृषि उपकरण क्षेत्र) हेमंत सिक्का ने कहा कि पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के साथ सहयोग से कार्यशील पूंजी प्रबंधन को बेहतर कर सकेंगे, जिससे हमारे डीलर को कृषक समुदाय को बेहतर सेवा प्रदान करने में मदद मिलेगी। वहीं, पीएनबी के मुख्य महाप्रबंधक एवं मुंबई क्षेत्र के प्रमुख फिरोज हसनैन ने कहा कि यह पहल विभिन्न क्षेत्रों खासकर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) और कृषि क्षेत्र को अनुकूलित वित्तीय समाधान प्रदान कर व्यवसायों के विकास में सहायता करने की बैंक की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

# सर्राफा बाजार में सपाट कारोबार, सोना और चांदी के भाव में बदलाव नहीं

एजेंसी
**नई दिल्ली**। घरेलू सर्राफा बाजार में आज क्रिसमस के मौके पर सपाट कारोबार होता नजर आ रहा है। सोने और चांदी के भाव में आज भी बदलाव नहीं हुआ है। इस वजह से देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज भी 77,500 रुपये से लेकर 77,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 71,050 रुपये से लेकर 70,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी आज कोई परिवर्तन नहीं होने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत 91,300 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बनी हुई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 77,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,050 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,350 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24



कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,400 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 70,950 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 77,350 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 70,900 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 77,350 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 77,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 71,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 77,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 70,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 77,500 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# ईएसआईसी की आईटी प्रणाली में हुआ सुधार, ऑनलाइन सेवाएं होंगी अधिक सुविधाजनक

एजेंसी
**नई दिल्ली**। कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने लाखों लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं और समग्र वितरण तंत्र में सुधार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अपनी सूचना और आईटी प्रणालियों का आधुनिकीकरण किया है। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम के हितधारकों को अब अस्पतालों में दिखाने के लिए समय लेने जैसी तमाम ऑनलाइन सुविधाएं अधिक सुरक्षित और सुगम तरीके से मिल सकेंगी। इसकी वजह यह है कि ईएसआईसी ने अपने ग्राहक कर्मचारियों को निर्बाध सेवाएं देने के लिए अपनी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) प्रणाली को उन्नत किया है। आईटी प्रणाली को उन्नत बनाने का काम 22 दिसंबर को पूरा हो गया। मंत्रालय ने कहा कि धन्वंतरि अस्पताल सूचना प्रणाली (एचआईएस) का अब ईएसआईसी अस्पतालों और डिस्पेंसरियों में अधिक व्यापक रूप से उपयोग किया जा रहा है। इसमें 40 फीसदी की वृद्धि हुई है, जिससे स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को रोगियों की देखभाल और अस्पताल संचालन को बेहतर ढंग से चलाने




में मदद मिल रही है। चालू वित्त वर्ष की शुरुआत से कुल लेन-देन की संख्या में 50 फीसदी की वृद्धि हुई है। इसी तरह सितंबर, 2024 में समवर्ती उपयोगकर्ताओं की संख्या 10 गुना बढ़ाने के बाद रिपोर्ट की गई घटनाओं की संख्या घटकर एक तिहाई रह गई है। वहीं 1.5 करोड़ लेन-देन के लिए ऐसी घटनाओं की कुल संख्या केवल 93 है। इस मशहूर एक्ट्रेस के साथ शादी के बाद जो हुआ वो बेहद दर्दनाक है। ईएसआईसी मोबाइल ऐप को उपयोगकर्ताओं के और अधिक अनुकूल और उन्हें अतिरिक्त सुविधाएं प्रदान करने के लिए बेहतर बनाया गया है। वहीं ऑनलाइन अपॉइंटमेंट बुकिंग में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। इसमें वर्ष 2022 से 2023 तक 200 फीसदी की और 2023 से 2024 तक 177 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई है। इन सुधार उपायों के साथ नियोक्ता और बीमित कर्मचारी और लाभार्थी बदलावों का अनुभव करेंगे।

# किडज़ानिया इंडिया का विंटर वंडरलैंड

एजेंसी
**नयी दिल्ली**। खुशियों भरा सर्दियों और छुट्टियों का मौसम आ चुका है ऐसे में क्रिसमस के रोमांच भरे अनुभव के लिए किडज़ानिया दिल्ली एनसीआर में विंटर वंडरलैंड शुरू हो गया है जो 12 जनवरी तक चलेगा। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इसमें क्रिसमस की खूबसूरती के संग साइंटिफिक ऐक्स्प्लोरेशन, रचनात्मकता और मौज-मस्ती भरी गतिविधियों का संगम देखने को मिलेगा और बच्चे इसमें बहुत कुछ सीख सकते हैं।

उसने कहा किइस साल का विंटर वंडरलैंड महज़ जश्न से कहीं ज्यादा है। यह एक ऐसा अनुभव है जो परिवारों और बच्चों के लिए एकसमान रूप से जिज्ञासा जगाने, रचनात्मकता को प्रेरित करने और ऐसी यादों का वादा करता है जिन्हें वे वर्षों तक दिल में संजोये रखेंगे। विंटर वंडरलैंड में मौजूद है स्नोई वंडर्स लैब जहां विज्ञान और हॉलीडे मैजिक आपस में मिलते हैं। आगंतुक विविध दिलचस्प प्रयोगों में भाग ले सकते हैं जैसे इंस्टेंट स्नो मेकिंग, प्रेरक इरप्टिंग स्नो फेनोमेनन और मंत्रमुग्ध कर देने वाला मैल्टिंग ऐक्समस ट्री का प्रदर्शन। इन गतिविधियों को इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि ये अनूठे ढंग से जिज्ञासा जगाती हैं और उत्सव की भावना को सजीव कर देती हैं। जिन्हें क्राफ्टिंग पसंद है उनके लिए कूल विंटर वर्कज़ॉप्स वैज्ञानिक थीम वाले डी.आई.वाई. प्रोजेक्ट प्रस्तुत करते हैं।

उसने कहा कि कोई भी जश्न गेम के बगैर पूरा नहीं होता और विंटर वंडरलैंड में ऐसे अनेक गेम मिलेंगे। मेन स्क्वेयर में बच्चे पिन द स्नोमैन पर हाथ आज़मा सकते हैं जहां नॉकिंग डाउन स्नोमैन थीम वाले ग्लासेस रोमांचक वाउचर हासिल करने का मौका देते हैं। जो आगंतुक फ्रॉस्टी चैलेंज की तलाश में हैं उन्हें स्नोमैन गोल्फ आमंत्रित करता है कि वे स्नोमैन के मुंह पर निशाना लगाएं और सबसे कम शॉट्स लगाकर ईनाम जीतें।

# प्रह्लाद जोशी ने उपभोक्ता अधिकारों के संरक्षण के लिए प्रमुख पहल की शुरुआत की

एजेंसी
**नई दिल्ली**। केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस 2024 के अवसर पर कई उपभोक्ता-हितैषी पहलों का शुभारंभ किया। इनमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता-सक्षम हेल्पलाइन और भ्रामक विपणन प्रथाओं का पता लगाने के लिए उपकरण शामिल हैं। इसके साथ ही प्रमुख ई-कॉमर्स कंपनियों ने इस मौके पर ऑनलाइन शॉपिंग सुरक्षा बढ़ाने का संकल्प लिया। केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस समारोह को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्?यम से संबोधित किया। इस अवसर पर 'जागो ग्राहक जागो ऐप', 'जागृति ऐप' और 'जागृति डैशबोर्ड', सभी सेवाओं के लिए 'ई-मैप' पोर्टल, कानूनी माप विज्ञान सेवाएं, एआई-सक्षम एनसीएच 2.0 और स्मार्ट मानक लॉन्च किए गए। केंद्रीय



मंत्री जोशी ने कहा कि उपभोक्ता अधिकारों को बनाए रखना और उन्हें मजबूत करना हमारे देश के विकास और प्रगति के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी के माध्यम से हम उपभोक्ताओं को सशक्त बना रहे हैं और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि न्याय देशभर में हर नागरिक तक पहुंचे। उन्होंने कहा कहा, उपभोक्ता विवादों के समाधान में तेज़ी लाने में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इस वर्ष जनवरी से नवंबर के बीच राष्ट्रीय आयोग में दर्ज 3,628 मामलों में से 6,587 मामलों का निपटारा जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर देश की त्रिस्तरीय उपभोक्ता अदालत प्रणाली के जरिए किया गया है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) छद्म विज्ञापन को विनियमित करने के लिए नए दिशा-निर्देशों का मसौदा तैयार कर रहा है और मौजूदा नियमों का पालन न करने पर 13 कंपनियों को नोटिस जारी किया है। इस अवसर पर रिलायंस रिटेल, टाटा संस और जोमैटो सहित प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म ने सुरक्षा प्रतिज्ञा को अपनाया। दरअसल सरकार ने एआई-सक्षम राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन, ई-मैप पोर्टल और जागो ग्राहक जागो मोबाइल एप्लिकेशन जैसे नए उपभोक्ता संरक्षण उपायों को शुरू किया है। इस वर्ष का विषय, आभासी सुनवाई और उपभोक्ता न्याय तक डिजिटल पहुंच, एक तेज, अधिक समावेशी और पारदर्शी शिकायत निवारण प्रणाली के निर्माण के लिए हमारी प्रतिबद्धता था।

# एनएसडीएसी की स्टॉक मार्केट में धांसू एंट्री, पहले दिन ही निवेशकों के पैसे डबल हुए

एजेंसी
**नई दिल्ली**। इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में काम करने वाली कंपनी एनएसडीएसी इंफ्रा के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री की। कंपनी के शेयरों की आज 90 प्रतिशत लिस्टिंग गेन के साथ मार्केट में एंट्री हुई। लिस्टिंग के थोड़ी देर बाद ही खरीदारी के सपोर्ट से ये शेयर उछल कर अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गया, जिसके कारण पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों का पैसा लगभग डबल हो गया।एनएसडीएसी इंफ्रा के शेयर आईपीओ के तहत 35 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर ये शेयर 66.50 रुपये के स्तर पर लिस्ट हुए। लिस्टिंग के बाद खरीदारों ने इसे हाथों हाथ लिया, जिसके कारण थोड़ी ही देर में ये शेयर 69.82 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। एनएसडीएसी इंफ्रा का 10.01 करोड़ रुपये का आईपीओ 17 से 19 दिसंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था।



इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जोरदार रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 2,209.76 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन में 236.39 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन 4,084.46 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन में 2,503.66 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। आईपीओ के तहत कंपनी की ओर से 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 28.60 लाख शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपने वर्किंग कैपिटल की जरूरत को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। एनएसडीएसी इंफ्रा की ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार ये कंपनी रेजिडेंशियल और कमर्शियल मल्टी स्टोरी बिल्डिंग बनाने के साथ ही इंस्टीट्यूशनल स्ट्रक्चर्स बनाती है। इसने अभी तक भारत सरकार और उत्तराखंड सरकार के 45 प्रोजेक्ट्स को पूरा किया है।जहां तक कंपनी की वित्तीय सेहत की बात है, तो 2021-22 में कंपनी को 31.55 लाख रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ था। इसके अगले साल 2022-23 में कंपनी का शुद्ध मुनाफा उछल कर 56.15 लाख और 2023-24 में कंपनी का शुद्ध मुनाफा 3.5 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस साल अप्रैल से अक्टूबर तक की अवधि में कंपनी को 1.60 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा हो चुका है।

# सेल को संचार उत्कृष्टता के लिए मिले आठ राष्ट्रीय पुरस्कार

एजेंसी
**नई दिल्ली**। पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) की ओर से स?टील ऑथरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) को आठ राष्ट्रीय पुरस्कार मिले हैं। यह पुरस्कार रायपुर में आयोजित एक सम्मेलन में दिए गए। इस्पात मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि सेल को ये पीआरएसआई राष्ट्रीय पुरस्कार 2024 रायपुर में आयोजित 46वें अखिल भारतीय जनसंपर्क सम्मेलन में दिए गए। यह सम्मेलन यहां 20-22 दिसंबर के दौरान आयोजित हुआ था। मंत्रालय ने कहा कि सेल को विभिन्न श्रेणियों में मान्यता दी गई है। मंत्रालय के मुताबिक सेल ट्रैक के लिए ई-न्यूजलेटर, कॉर्पोरेट फिल्म (अंग्रेजी), सेल गौरव दिवस समारोह के लिए सर्वश्रेष्ठ संचार अभियान (आंतरिक सार्वजनिक), सेल समाचार के लिए हाउस जर्नल (अंग्रेजी), इस्पात संयंत्र



प्रौद्योगिकियों के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए सर्वश्रेष्ठ पीआर कार्यक्रम, हरित इस्पात को बढ़ावा देने के लिए कॉर्पोरेट अभियान में सोशल मीडिया का सर्वश्रेष्ठ उपयोग, कॉर्पोरेट वेबसाइट तथा वार्षिक रिपोर्ट के लिए पुरस्कृत किया गया है। सेल के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने इस पुरस्कार की सराहना करते हुए कहा कि यह पुरस्कार सेल की छवि और पहुंच को बढ़ाने में हमारी संचार पहल के विभिन्न प्रयासों को रेखांकित करते हैं। उन?होंने कहा कि सेल ने हमेशा प्रभावी संचार पर जोर दिया है, जो कंपनी की छवि को आकार देने और बेहतर हितधारक संबंध बनाने में अहम भूमिका निभाता है। ये सम्मान संचार में उत्कृष्टता के लिए सेल के समर्पण का प्रमाण है। इसके साथ ही सेल के सभी कर्मचारियों ने इस उपलब्धि की सराहना की है।

# दूसरी तिमाही की मंदी के बाद अर्थव्यवस्था सुधार की राह पर


**नई दिल्ली**। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से जारी बुलेटिन के अनुसार, मजबूत त्यौहारी गतिविधि और ग्रामीण मांग में निरंतर वृद्धि से भारतीय अर्थव्यवस्था सितंबर तिमाही में देखी गई मंदी से उबर रही है। आरबीआई की ओर से जारी दिसंबर बुलेटिन में अर्थव्यवस्था की स्थिति पर एक लेख में कहा गया कि वैश्विक अर्थव्यवस्था स्थिर विकास और नरम मुद्रास्फीति के साथ लचीलापन का प्रदर्शन कर रही है। रिपोर्ट में कहा गया है, 2024-25 की तीसरी तिमाही के लिए उच्च आवृत्ति संकेतक (एचएफआई) बताते हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था दूसरी तिमाही में मंदी से उबर रही है, यह मजबूत त्योहारी गतिविधि और ग्रामीण मांग में निरंतर वृद्धि से प्रेरित है। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देवव्रत पात्रा के नेतृत्व वाली टीम की ओर से लिखे गए लेख में कहा गया है कि रबी की बुवाई में तेजी के साथ कृषि और ग्रामीण उपभोग की संभावनाएं बेहतर हो रही हैं। चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर अवधि के दौरान भारत की जीडीपी वृद्धि दर सात तिमाहियों के निम्नतम स्तर 5.4 प्रतिशत पर आ गई। आरबीआई ने कहा कि बुलेटिन में व्यक्त विचार लेखकों के निजी हैं और केंद्रीय बैंक के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।

# उतार-चढ़ाव के बाद लाल निशान में बंद हुआ बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़के

एजेंसी
**नई दिल्ली**। घरेलू शेयर बाजार उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ। इससे पहले आज के कारोबार की शुरुआत बढ़त के साथ हुई थी। बाजार खुलने के आधे घंटे बाद खरीदारी का सपोर्ट मिल जाने के कारण जोरदार तेजी का रुख बना। इसके बाद दोपहर 11 बजे के पहले ही बिकवाली शुरू हो जाने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की रफ्तार धीमी पड़ गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.09 प्रतिशत और निफ्टी 0.11 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। आज पूरे दिन के कारोबार के बाद ऑटोमोबाइल, ऑयल एंड गैस, हेल्थकेयर और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। दूसरी ओर आईटी, पीएसयू बैंक और मेटल सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। इसी तरह पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, टेक, कंज्यूमर ड्यूरेबल और कैपिटल गुड्स इंडेक्स भी कमजोरी के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज आमतौर पर बिकवाली का दबाव बना रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.09 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.37 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 40 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 441.58 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 442.01 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 43 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,092 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,976 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,022 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 94 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,508 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,285 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,223 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 14 शेयर बढ़त के साथ और 16 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 22 शेयर हरे निशान में और 28 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 167.20 अंक की तेजी के साथ 78,707.37 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने करीब आधे घंटे बाद खरीदारों ने अपना जोर बना दिया। लगातार हो रही खरीदारी के कारण दोपहर 11 बजे के थोड़ी देर पहले ही ये सूचकांक 337.19 अंक उछल कर 78,877.36 अंक के स्तर तक पहुंच गया।

हालांकि ये तेजी अधिक देर तक नहीं टिक सकी। 11 बजे के पहले ही बिकवाली शुरू हो गई, जिससे इस सूचकांक की चाल में गिरावट आने लगी। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 67.30 अंक टूट कर 78,472.87 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

# डायबिटीज कंट्रोल करने का बेस्ट तरीका, नाश्ते को इस समय में करें तो शुगर लेवल रहेगा कंट्रोल, खाने के टाइम को भी करना होगा मैनेज



**एक रिसर्च मे यह बात सामने आई है कि यदि ब्रेकफास्ट को सही समय पर नियत कर लिया जाए तो ब्लड शुगर बहुत हद तक कंट्रोल हो सकता है. यह अध्ययन ऑस्ट्रेलिया यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने किया है.**

डायबिटीज न हो, इसके लिए हेल्दी डाइट और रेगुलर एक्सरसइज पहली प्राथमिकता है लेकिन अगर डायबिटीज है तो इस मैनेज करने के लिए शोधकर्ताओं ने एक बेहतरीन तरीका खोज निकाला है.हाल ही में किए गए एक शोध से पता चला है कि यदि आप नाश्ता सुबह 9ः30 बजे से लेकर 12 बजे के बीच करते हैं, तो यह आपके ब्लड शुगर लेवन मेंअधिक सुधार सकता है. शोधकर्ताओं ने पाया कि मिड मॉर्निंग में नाश्ता करने से पोस्टप्रांडियल ग्लाइसीमिया (खाने के बाद रक्त शर्करा का स्तर) सुबह जल्दी नाश्ता करने की तुलना में अधिक कम हो सकता है. इसके अलावा शोधकर्ताओं ने यह भी बताया कि अगर आप सुबह 7 बजे या 12 बजे नाश्ता करने के बाद 20 मिनट तक पैदल वॉक करते हैं तो पोस्टप्रांडियल ग्लाइसीमिया में और कमी आ जाएगी.

नाश्ते के बाद वॉक जरूरी

साइंस डायरेक्ट के मुताबिक हालांकि, अध्ययन में यह भी पाया गया कि अगर कोई व्यक्ति पहले नाश्ते से पहले वॉक कर लेता है और 9ः30 बजे सुबह बेशक नाश्ता कर लेता है तो इससे शुगर लेवल में कोई कमी नहीं आती.शुगर लेवल में तभी कमी आती है जब आप नाश्ता कर लें और उसके बाद टहलने जाएं.इस अध्ययन के लेखकों ने कहा कि जब इस अभ्यास को लंबी अवधि तक अपनाया जाता है तो यह शुगर मैनेजमेंट में बेहतर रिजल्ट दे सकता है.साथ ही बढ़े हुए शुगर के कारण जिन बीमारियों का खतरा रहता है वह भी कम हो जाता है.इससे इंसुलिन रेजिस्टेंस को कम किया जा सकता है और शुगर के कारण हार्ट पर आए खतरे यानी कार्डियोमेटाबोलिक जोखिमों को भी कम किया जा सकता है.

अध्ययन में किया गया प्रयोग

शोधकर्ताओं ने अध्ययन को साबित करने के लिए प्रयोग में कुछ लोगों को शामिल किया. इन लोगों को पहलसेसे टाइप 2 डायबिटीज था. इन लोगों को तीन नाश्ता समूहों में बांट दिया गया. कुछ लोगों को सुबह 7 बजे नाश्ता करने के लिए कहा गया जबकि कुछ लोगों को सुबह 9ः30 बजे नाश्ता करने के लिए कहा गया. वहीं कुछ लोगों को 12 बजे नाश्ता करने के लिए कहा गया. प्रत्येक प्रतिभागी को नाश्ता करने के 30-60 मिनट बाद 20 मिनट तक चलने के लिए कहा गया.उन्हें अपने भोजन सेवन और सोने की आदतों को रेखांकित करने के लिए कई तरह के सवाल पूछे गए. इस दौरान लगातार शुगर जांच और बीपी जांच की गई.

देर नाश्ते करने वालों में गजब का फर्क

अध्ययन के परिणामों से पता चला कि नाश्ते के समय को बदलने से प्रतिभागियों कैलोरी को लेने या भोजन की आवृत्ति में कोई खास बदलाव नहीं आया.लेकिन यह पता चला कि नाश्ते के समय बदलाव ने शुगर पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला. जिन लोगों ने मिड मॉर्निंग नाश्ता किया उनके शुगर लेवल में 57 द्वद्वश्यद्य/स्म2द्ध और 12 बजे नाश्ता करने वाले के शुगर लेवल में 41 द्वद्वश्यद्य/स्म2द्ध की कमी देखी गई. वहीं दूसरी ओर जल्दी नाश्ता करने वालों में कोई कमी नहीं देखी गई. साढ़े 9 बजे के बाद नाश्ता करने का शुगर लेवल पर जो प्रभाव दिखा वह तो दिखा ही, साथ ही शुगर लेवल बढ़ जाने के कारण जो वाइटल ऑर्गेन पर दबाव पड़ता है उसमें भी कमी आई. वैसे एक्सपर्ट का हमेशा कहना है कि डायबिटीज को कंट्रोल करने के लिए हेल्दी डाइट और रेगुलर एक्सरसाइज जरूरी है.

# डॉलर को बढ़ावा देने के आक्रामक रुख से रुपया अस्थिर स्थिति में



अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध सहित प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार तनाव ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं और निवेशक व्यवहार में बदलाव किये हैं। वैश्विक अर्थव्यवस्था का हिस्सा होने के नाते भारत भी इन प्रभावों से अछूता नहीं है। वैश्विक निवेशकों के बीच जोखिम से बचने की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण अमेरिकी डॉलर को सुरक्षित मुद्रा माना जा रहा है जिसके कारण रुपये पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के %मित्र', अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड जे ट्रंप एक बार फिर व्हाइट हाउस में जाने वाले हैं, लेकिन यह भारत के लिए विशेष रूप से फायदेमंद नहीं है। जो भी हो, ट्रंप को %मोदी समर्थक' रहते हुए भी भारत विरोधी कहा जा सकता है। मोदी-ट्रम्प के बीच यह सौहार्द राष्ट्रपति-चुनाव के भारत विरोधी आर्थिक रुख के बिल्कुल विपरीत है, जो पहले से ही जवाबी टैरिफ की धमकियों और वैश्विक मुद्रा के रूप में अमेरिकी डॉलर के दृढ़ बचाव में प्रकट हुआ है।

ट्रंप का यह दावा कुछ अमेरिकी उत्पादों पर नई दिल्ली के उच्च टैरिफ के प्रति उनके असंतोष से उपजा है। यह अमेरिकी आर्थिक हितों को प्राथमिकता देने की उनकी व्यापक नीति को दर्शाता है, जो अक्सर दीर्घकालिक व्यापार साझेदारी की कीमत पर होगी। भारत के लिए, जो अपने व्यापार संतुलन को बनाये रखने के लिए निर्यात पर बहुत अधिक निर्भर है, ऐसे खतरे संभावित व्यवधानों का संकेत देते हैं। अमेरिका के साथ तनावपूर्ण व्यापार संबंध मौजूदा आर्थिक चुनौतियों को और बढ़ा सकते हैं, खासकर तब जब भारतीय अर्थव्यवस्था मंदी से जूझ रही हो।

भारत के लिए चिंता का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र मजबूत अमेरिकी डॉलर के लिए ट्रम्प का अटूट समर्थन है। वैश्विक मुद्रा के रूप में डॉलर की स्थिति की रक्षा करने पर उनके प्रशासन का जोर वैश्विक वित्तीय प्रणाली में अमेरिकी प्रभुत्व को सुरक्षित करने की व्यापक रणनीति को रेखांकित करता है। अपने चुनाव के कुछ दिनों के भीतर ट्रम्प ने भारत सहित ब्रिक्स देशों को ऐसे कदमों के खिलाफ चेतावनी जारी की, जो अमेरिकी डॉलर के वर्चस्व को खतरे में डाल सकते हैं।भारत ने कूटनीतिक रूप से इन चेतावनियों को कम करके आंकते हुए, डॉलर पर निर्भरता कम करने के लिए कुछ देशों के साथ रुपया-आधारित द्विपक्षीय व्यापार में भाग लिया है। हालांकि, ऐसी पहल अपनी प्रारंभिक अवस्था में है और डॉलर-केंद्रित वैश्विक व्यापार नीतियों के व्यापक प्रभाव को कम नहीं कर सकती हैं।ट्रम्प के राष्ट्रपति पद के दौरान अमेरिकी डॉलर की मजबूती ने पहले ही रुपये को गहरा झटका दिया है, जो डॉलर के मुकाबले ऐतिहासिक निचले स्तर पर पहुंच गया है। इस गिरावट के लिए कई कारक जिम्मेदार हैं, जिसमें मजबूत अमेरिकी आर्थिक डेटा भी शामिल है, जो ब्याज दरों पर फेडरल रिजर्व के आक्रामक रुख को पुष्ट करता है।

उच्च अमेरिकी टैरिफ दरें भारत जैसे उभरते बाजारों से पूंजी प्रवाह को आकर्षित करती हैं, जिससे रुपये का अवमूल्यन बढ़ जाता है। कमजोर रुपया आयात की लागत, विशेष रूप से कच्चे तेल की लागत को बढ़ाता है, जिससे व्यापार घाटा बढ़ता है और घरेलू मुद्रास्फीति को बढ़ावा मिलता है। मुद्रा को स्थिर करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के हस्तक्षेप को सीमित सफलता मिली है। रुपये को स्थिर करने के लिए विदेशी मुद्रा भंडार पर अत्यधिक निर्भरता भारत के भंडार को कम कर सकती है, जिससे अर्थव्यवस्था बाहरी झटकों के प्रति संवेदनशील हो सकती है।घरेलू स्तर पर भारतीय अर्थव्यवस्था महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना कर रही है जो रुपये की गिरावट में योगदान करती हैं। औद्योगिक उत्पादन में कमी, उपभोक्ता मांग में गिरावट और कमजोर निवेश भावना की विशेषता वाली आर्थिक मंदी ने भारतीय अर्थव्यवस्था में विश्वास को खत्म कर दिया है। धीमी आर्थिक वृद्धि विदेशी निवेशकों के लिए रुपये के आकर्षण को कम करती है, जो अनिशिचतता के दौर में उभरते बाजारों को अधिक जोखिम वाला मानते हैं।इसके अतिरिक्त, भारत का चालू खाता घाटा, जो तब उत्पन्न होता है जब देश निर्यात से अधिक आयात करता है, लगातार बढ़ रहा है और रुपये पर निरंतर दबाव डाल रहा है। वैश्विक तेल की कीमतों में सुधार और भारत के प्रमुख तेल आयातक होने के कारण, इन आयातों के भुगतान के लिए डॉलर की मांग बढ़ गयी है, जिससे रुपये की परेशानी और बढ़ गयी है। एक अन्य महत्वपूर्ण कारक मुद्रास्फीति का बढ़ता दबाव है। मुद्रास्फीति मुद्रा की क्रय शक्ति को कम करती है और निवेशकों के विश्वास को कम करती है।

इसके अतिरिक्त, रुपये की गिरावट भारतीय अर्थव्यवस्था के भीतर संरचनात्मक मुद्दों से प्रभावित है। औद्योगिक उत्पादन और उपभोक्ता खर्च जैसे प्रमुख संकेतकों ने कमजोर होने के संकेत दिखाये हैं। गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) के बोझ तले दबे बैंकिंग क्षेत्र में विकास को वित्त पोषित करने की सीमित क्षमता है। बैंकों को पुनर्पूंजीकृत करने और ऋण देने को प्रोत्साहित करने की सरकारी पहलों के बावजूद, आर्थिक सुधार की गति धीमी बनी हुई है। इसने निवेशकों की भावना को और कमज़ोर कर दिया है और रुपये को भी। इसके अलावा, डिजिटल अर्थव्यवस्था में चल रहा बदलाव, जो दीर्घावधि में आशाजनक है, ने पारंपरिक व्यापार मॉडल में अल्पकालिक व्यवधान पैदा किया है, जिससे समग्र उत्पादकता और आर्थिक उत्पादन प्रभावित हुआ है।

रुपये पर ट्रम्प की नीतियों का प्रभाव वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं से और भी बढ़ गया है। संरक्षणवादी उपायों और व्यापार युद्ध की संभावना ने वैश्विक बाजारों में अस्थिरता पैदा की है, जिसका असर रुपये सहित उभरते बाजारों की मुद्राओं पर पड़ा है। आईटी और फार्मास्युटिकल क्षेत्र, जो अमेरिका को भारत के निर्यात में प्रमुख योगदानकर्ता हैं, प्रतिबंधात्मक नीतियों के लागू होने पर महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना कर सकते हैं।

अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध सहित प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार तनाव ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं और निवेशक व्यवहार में बदलाव किये हैं। वैश्विक अर्थव्यवस्था का हिस्सा होने के नाते भारत भी इन प्रभावों से अछूता नहीं है। वैश्विक निवेशकों के बीच जोखिम से बचने की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण अमेरिकी डॉलर को सुरक्षित मुद्रा माना जा रहा है जिसके कारण रुपये पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है।ट्रंप के राष्ट्रपति पद के दौरान अमेरिकी डॉलर की मजबूती, घरेलू आर्थिक चुनौतियों और वैश्विक अनिश्चितताओं के साथ मिलकर भारतीय मुद्रा के लिए चुनौतीपूर्ण माहौल बना है।

भारत ने इनमें से कुछ दबावों को कम करने के लिए कदम उठाये हैं, जैसे कि रुपया-आधारित व्यापार को बढ़ावा देना और विदेशी मुद्रा बाजार को स्थिर करना, परन्तु स्थिर और मजबूत रुपये के लिए अर्थव्यवस्था के भीतर अंतर्निहित संरचनात्मक मुद्दों को संबोधित करने और विकसित वैश्विक परिदृश्य के अनुकूल करने की आवश्यकता है। भारत के लिए ट्रम्प के राष्ट्रपति पद की जटिलताओं की कठिन चुनौतियों का सामना करना कठिन है और मोदी ट्रम्प की सोच को प्रभावित करने के लिए बहुत कुछ नहीं कर सकते हैं, दोनों के बीच अत्यधिक अतिरंजित मित्रता के बावजूद।

## संपादकीय


# संशोधन से चुनावी प्रक्रिया अधिक शंकास्पद

संविधान निर्माता डॉ. बीआर अंबेडकर के खिलाफ गृह मंत्री अमित शाह द्वारा दिये गये अपमानजनक वक्तव्य को लेकर जब संसद के दोनों सदनों में हंगामा मचा हुआ था, उसका फ ायदा उठाकर सरकार ने चुनावी प्रक्रिया सम्बन्धी इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज़ों के निरीक्षण अथवा सार्वजनिक करने को प्रतिबन्धित कर दिया। अब फुटेज, रिकॉर्डिंग आदि नहीं मांगे जा सकेंगे। यह संशोधन शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन में किया गया जिसका समापन 20 दिसम्बर को हुआ। ईवीएम पर पहले से अविश्वास जतलाया जा रहा है, अब चुनावी प्रक्रिया को यह संशोधन और भी शंकास्पद बनाता है। कांग्रेस समेत कई विपक्षी दल इस पर ऐतराज दिखा रहे हैं, जो वाजिब है।गौरतलब है कि हरियाणा चुनाव में गड़बड़ी की आशंका पर वरिष्ठ अधिवक्ता महमूद प्राचा ने अक्टूबर 2024 को पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी, जिस पर 9 दिसंबर को अदालत ने चुनाव आयोग को हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान एक पोलिंग बूथ के वीडियोग्राफी, सीसीटीवी फुटेज और वोटों से जुड़े कागजात की प्रति श्री प्राचा को देने का आदेश दिया था। इसके लिए छह सप्ताह का वक्त दिया गया था। लेकिन चुनाव आयोग ने नियम में संशोधन की सिफारिश सरकार से की और कानून मंत्रालय ने 20 दिसम्बर को चुनाव नियमों में यह बदलाव किया है। हड़बड़ी में किए गए इस बदलाव से शंका उपजती है कि किसी गड़बड़ी को छिपाने के लिए संशोधन किए गए हैं।बदले नियम के तहत सीसीटीवी कैमरा और वेबकास्टिंग फुटेज के साथ-साथ प्रत्याशियों की वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों का भी सार्वजनिक निरीक्षण नहीं किया जा सकेगा। सरकार ने यह बदलाव केन्द्रीय चुनाव आयोग की सिफारिश के आधार पर किया है और इसका उद्देश्य इन दस्तावेजों या फुटेज के दुरुपयोग को रोकना बतलाया है। चुनाव संचालन नियम, 1961 के नियम 93 (2)(ए) में यह संशोधन किया गया है। पहले नियम 93 हर किसी को सभी चुनावी दस्तावेजों के सार्वजनिक निरीक्षण तथा उनकी सभी के लिये उपलब्धता का अधिकार देता था। चुनाव आयोग के सूत्रों के अनुसार यह संशोधन गोपनीयता के उल्लंघन को रोकने तथा इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों (रिकॉर्डिंग, फुटेज आदि) के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा दुरुपयोग को रोकने हेतु ज़रूरी है। इसकी ज़रूरत इसलिये भी बतलाई गयी कि इन दस्तावेजों, खासकर इलेक्ट्रॉनिक फुटेज का लाभ आतंकवाद से प्रभावित जम्मू-कश्मीर अथवा माओवाद से पीड़ित संवेदनशील क्षेत्रों में सक्रिय तत्व उठा सकते हैं। आयोग के मुताबिक पिछले चुनावों से सम्बन्धित कई दस्तावेज उपलब्ध कराने हेतु निवेदन आये थे। अब ऐसे दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराये जायेंगे जिनका नियमों से सम्बन्ध या सन्दर्भ नहीं है।

कहने को तो निर्वाचन आयोग ने यह सिफारिश उनका दुरुपयोग रोकने के लिये की है परन्तु सर्वज्ञात है कि मौजूदा चुनाव आयोग के सारे काम-काज और नियम-कायदे पूरी तरह से सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में किये जाते हैं। इसलिये यह कदम भी गहरे संदेह के घेरे में आ गया है। आयोग की विश्वसनीयता पहले ही इतनी गिर चुकी है कि इसे भाजपा की जेब में रखा माना जाता है। उसका आचरण पिछले कुछ वर्षों से अत्यंत पक्षपाती और मनमाना रहा है। अनेक ऐसे मुद्दे रहे हैं जिनमें निर्वाचन आयोग के सारे फैसले भाजपा के पक्ष हुए हैं। आरोप लगते हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सत्ता में बने रहने के लिये आयोग को पूरी तरह से अपने नियंत्रण में ले रखा है।मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार पर भी उंगलियां उठती हैं कि उन की भूमिका और मंशा सिर्फ भाजपा को लाभ देने की रहती है। इस संवैधानिक संस्था की ताकत व महत्व को समझकर मोदी सरकार ने एक संशोधन यह किया कि मुख्य आयुक्त का चयन करने वाले पैनल से सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को हटा दिया। अब इसमें केवल प्रधानमंत्री, एक केन्द्रीय मंत्री तथा विपक्ष के नेता हैं। स्वाभाविक है कि सरकार की मर्जी का ही व्यक्ति इस पद पर बैठ सकेगा। फिर, दो अन्य आयुक्तों को भी पूर्णतः शक्तिविहीन कर दिया गया है।

# संविधान के 75 साल: हम कहां हैं

**भारत की संसद ने दो दिन तक देश के संविधान पर चर्चा की। विपक्षी नेताओं ने कहा कि हमारे संविधान में समाज के कमज़ोर वर्गों और धार्मिक अल्पसंख्यकों की भलाई के लिए अनेक प्रावधान हैं**




अम्बेडकर और नेहरु का यह स्पष्ट मत था कि देश की सरकारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि संविधान के मूल ढांचे से कोई छेड़छाड़ न की जाए और उसे पूरी तरह से लागू किया जाए। मगर 1998 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने संविधान के समीक्षा के लिए वेंकटचलैया आयोग का गठन किया। उस समय राष्ट्रपति डॉ के.आर. नारायणन ने बहुत सामयिक टिप्पणी की थी।

भारत की संसद ने दो दिन तक देश के संविधान पर चर्चा की। विपक्षी नेताओं ने कहा कि हमारे संविधान में समाज के कमज़ोर वर्गों और धार्मिक अल्पसंख्यकों की भलाई के लिए अनेक प्रावधान हैं मगर उसके बावजूद ये वर्ग परेशानहाल हैं। मुसलमानों को दूसरे दर्जे का नागरिक बना दिया गया है।इसके विपरीत, सत्ताधारी भाजपा के नेताओं ने संसद के अन्दर और संसद के बाहर भी कहा कि संवैधानिक मूल्यों पर हमले नेहरु (नफरत फैलाने वाले भाषण पर रोक लगाने के लिए संवैधानिक संशोधन) ने शुरू किये और यह सिलसिला इंदिरा गांधी (आपातकाल) से होता हुआ राजीव गांधी (शाहबानो) और राहुल गांधी (विधेयक को फाड़ना) तक चला। उन्होंने कहा कि सभी सामाजिक बुराईयों की जड़ में नेहरु-गांधी परिवार है और उसी ने संविधान को नुकसान पहुंचाया है।

भाजपा नेता और हिन्दू राष्ट्रवादी चिन्तक लम्बे समय से कहते आए हैं कि भारत का संविधान पश्चिमी मूल्यों पर आधारित है, उसे औपनिवेशिक ताकतों ने हमारे समाज पर लादा है और वह भारतीय सभ्यता और संस्कृति से मेल नहीं खाता। उनका यह तर्क भी रहा है कि कांग्रेस पार्टी ने मुसलमानों का तुष्टिकरण करने और उनका वोट बैंक बनाने के लिए संविधान का दुरुपयोग किया।जैसा कि हम सब जानते हैं, संविधान उन मूल्यों का प्रतिनिधि है जो स्वाधीनता संग्राम के दौरान उपजे. संविधान तैयार करते समय हमारी सभ्यता की लम्बी परंपरा का भी ख्याल रखा गया। जिन लोगों ने स्वाधीनता आन्दोलन में भाग लिया और जो उसकी पीछे की विचारधारा में आस्था रखते थे, भारतीय सभ्यता की उनकी समझ, उन लोगों से बहुत भिन्न थी जो औपनिवेशिकता-विरोधी आन्दोलन से दूर बने रहे और ब्रिटिश शासकों के आगे नतमस्तक रहे। जहां आज़ादी का आन्दोलन भारत को समृद्ध विविधताओं वाला एक बहुवादी देश मानता था वहीं स्वाधीनता आन्दोलन से दूर रहने वाले उसे हिन्दू सभ्यता मानते थे। ऐसे लोगों को बहुवाद पसंद नहीं है और वे मानते हैं कि बहुवाद को शिक्षित, आधुनिक नेताओं ने देश पर थोपा है।

संघ परिवार यह भूल जाता है कि भारतीय सभ्यता को हिन्दू सभ्यता बताना, हमारी सभ्यता में जैन, बौद्ध, ईसाई और सिक्ख धर्मों व इस्लाम के योगदान को नकारना है। हिन्दू राष्ट्रवादियों के सबसे प्रिय भगवान राम को देखने के भी अलग-अलग तरीके हैं। कबीर के लिए राम सर्वव्यापी निर्गुण हैं तो गांधी के लिए राम सभी धर्मों के लोगों के रक्षक हैं। गांधी कहते थे ईश्वर अल्लाह तेरो नाम। जवाहरलाल नेहरु ने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक भारत एक खोज में लिखा है कि %भारत एक प्राचीन स्लेट है, जिस पर कई परतों में अलग-अलग कालों में विचार और भावनाएं दर्ज की गईं मगर कोई नयी परत, पिछली परतों को न तो पूरी तरह ढंक सकी और न मिटा सकी। नेहरु बड़े गर्व से सम्राट अशोक के शासनकाल को याद करते हैं, जिन्होंने अपने कई शिलालेखों में वैदिक हिन्दू धर्म, जैन धर्म, बौद्ध धर्म और आजीविकों के साथ एक-समान व्यवहार करने की बात कही है।संघ परिवार और उसके चिंतक जहां भारत को विशुद्ध ब्राह्मणवादी हिन्दू देश मानते हैं वहीं गांधी, नेहरु इत्यादि इसे सभी भारतीयों का देश मानते थे। भारत की संविधान सभा मोटे तौर पर उस धारा का प्रतिनिधित्व करती थी, जो राष्ट्रीय धारा थी, जो वह धारा थी जिसने अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष किया था। इसके विपरीत, भारत को ब्राह्मणवादी हिन्दू राष्ट्र मानने वाला आरएसएस हाशिये की धारा थी। दोनों धाराओं का यह अंतर, भारत के संविधान का मसविदा तैयार होने के समय से ही परिलक्षित होने लगा था।अम्बेडकर और नेहरु का यह स्पष्ट मत था कि देश की सरकारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि संविधान के मूल ढांचे से कोई छेड़छाड़ न की जाए और उसे पूरी तरह से लागू किया जाए। मगर 1998 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने संविधान के समीक्षा के लिए वेंकटचलैया आयोग का गठन किया। उस समय राष्ट्रपति डॉ के.आर. नारायणन ने बहुत सामयिक टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि, संविधान के कारण हम नाकाम नहीं हुए हैं, बल्कि हमने संविधान को नाकाम किया है। यह बात मोदी सरकार के कार्यकाल के सन्दर्भ में एकदम सही है। इस दौर में संविधान में कोई बदलाव नहीं किये गए मगर संघ परिवार के कई सदस्यों ने ऐसा करने की इच्छा और ज़रुरत बताई और उन्हें शीर्ष नेतृत्व द्वारा फटकारा नहीं गया। अब की बार चार सौ पार का नारा इसी इच्छा का प्रतीक था। भाजपा चाहती थी कि उसे लोकसभा में 400 से ज्यादा सीटें हासिल हों ताकि वह संविधान को बदल सके।देश में नफरत फैलाने वाले भाषण देने और बातें कहने वालों की संख्या में तेजी से इज़ाफा हुआ है। इसका सबसे ताज़ा उदाहरण हैं इलाहबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश शेखर कुमार यादव, जिन्होंने विश्व हिन्दू परिषद् के एक कार्यक्रम में कहा कि भारत बहुसंख्यकों की मर्जी के अनुसार चलेगा।

जस्टिस यादव ने समान नागरिक संहिताः एक संवैधानिक आवश्यकता विषय पर बोलते हुआ कहा, केवल वही स्वीकार किया जाएगा जो बहुसंख्यकों की भलाई और प्रसन्नता के लिए फायदेमंद हो।%

इससे भी ज्यादा बुरी बात यह है कि उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यादव के कथन का समर्थन किया। यह अच्छा है कि सुप्रीम कोर्ट ने यादव के सांप्रदायिक और नफरत फैलाने वाले भाषण का संज्ञान लिया है. मगर आदित्यनाथ के यादव को समर्थन का कौन संज्ञान लेगा?

वर्तमान स्थितियों पर एक सटीक टिप्पणी में जस्टिस अस्पि चिनॉय ने कहा, भाजपा केंद्र में सरकार में है और उसके पास संसद में पूर्ण बहुमत है। मगर उसे भारत और उसके संविधान के धर्मनिरपेक्ष चरित्र को कानूनी तौर पर बदलने की कोई ज़रुरत महसूस नहीं हो रही है। राज्य और उसके विविध तंत्र उसके नियंत्रण में है और वह कानूनी तौर पर भारत के धर्मनिरपेक्ष चरित्र को बदले बिना ही उसके धर्मनिरपेक्ष संविधान को कमज़ोर करने और हिंदुत्व पर आधारित राजकाज कायम करने में कामयाब रही है।%भाजपा के पूर्ववर्ती जनसंघ के सांप्रदायिक चरित्र का खुलासा उस समय ही हो गया था जब संविधान का मसविदा जारी किया गया था। इसके कुछ दिन बाद, आरएसएस के गैर-आधिकारिक मुखपत्र आर्गेनाइजर ने 30 नवम्बर 1949 के अपने अंक में लिखा था, %भारत के नए संविधान के बारे में सबसे बुरी बात यह है कि उसमें कुछ भी भारतीय नहीं है...भारत के प्राचीन संवैधानिक कानूनों, नामकरणों और भाषा का इसमें नामोनिशां तक नहीं है। मतलब यह कि भारत के संविधान के निर्माताओं ने मनुस्मृति को नज़रअंदाज़ किया!लोकसभा में संविधान पर चर्चा में भाग लेते हुए विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने हिन्दू राष्ट्रवादी राजनीति के पितामह वी.डी. सावरकर को उदृत करते हुए कहा, %भारत के नए संविधान के बारे में सबसे बुरी बात यह है कि उसमें कुछ भी भारतीय नहीं है। हमारे हिन्दू राष्ट्र में वेदों के बाद मनुस्मृति सबसे पूजनीय ग्रन्थ है, जो प्राचीन काल से हमारी संस्कृति, रीति-रिवाजों, विचारों और आचरण का आधार रही है। सावरकर का कहना था कि मनुमृति ही हमारे देश का कानून है।अगर हम संविधान की मसविदा समिति के मुखिया डॉ अम्बेडकर और आरएसएस के एक सरसंघचालक के. सुदर्शन की तुलना करें तो पूरी बात समझ में आ जाएगी। अम्बेडकर ने मनुस्मृति का दहन किया था और आरएसएस के मुखिया ने भारत के संविधान को पश्चिमी मूल्यों से प्रेरित बताते हुए कहा था कि हमें मनुस्मृति पर आधारित भारत का संविधान बनाना है।



# गीता में कहा गया है कि शुक्ल पक्ष में मरने वाला वापस लौट कर नहीं आता?

चारों वेदों का सार उपनिषद है और उपनिषदों का सार गीता है। गीता ही प्रमुख धर्मग्रंथ है। गीता में कहा गया है कि शुक्ल पक्ष में मृत्यु को प्राप्त व्यक्ति वापस नही लौटता और कृष्ण पक्ष में मृत्यु को प्राप्त व्यक्ति वापस लौट आता है अर्थात उसे फिर से जन्म लेना होता है। उल्लेखनीय है कि भीष्म ने अपना शरीर तब तक नहीं छोड़ा था जब तक की उत्तरायण का शुक्ल पक्ष नहीं आ गया था। लाखों लोग हैं जो शुक्ल पक्ष में मरते हैं और लाखों ऐसे लोग भी हैं जो कृष्ण पक्ष में मरते हैं तो क्या शुक्ल पक्ष में मरने वाले सभी लोगों को मोक्ष मिल जाता है? क्या वह वापस धरती पर नहीं लौटते हैं? दरअसल, गीता में यह बात उन लोगों के लिए कही गई है जो कि ध्यानी, योगी या अनन्य भक्त हैं। आम व्यक्ति को मरने के कुछ ही समय बाद दूसरा जन्म ले लेता है लेकिन जो पाप कर्मी है उसे दूसरा जन्म लेने में कठिनाई होती है। मतलब यह कि वह भूत, प्रेत या पिशाच योगी भोगने के बाद ही जन्म लेगा। यह भी हो सकता है कि वह मनुष्य योनी को छोड़कर निचले स्तर की योनी में चला जाए। मतलब यह कि उसका डिमोशन हो जाए। कृष्ण का शुक्ल और कृष्ण मार्ग का ज्ञान-

**यत्र काले त्वनावत्तिमावृत्तिं चैव योगिनः।**
**प्रयाता यान्ति तं कालं वक्ष्यामि भरतर्षभ।**

भावार्थ : हे अर्जुन! जिस काल में (यहाँ काल शब्द से मार्ग समझना चाहिए, क्योंकि आगे के श्लोकों में भगवान ने इसका नाम 'सृति', 'गति' ऐसा कहा है।) शरीर त्याग कर गए हुए योगीजन तो वापस न लौटने वाली गति को और जिस काल में गए हुए वापस लौटने वाली गति को ही प्राप्त होते हैं, उस काल को अर्थात दोनों मार्गों को कहूँगा।

**अग्निर्ज्योतिरहः शुक्लः षण्मासा उत्तरायणम।**
**तत्र प्रयाता गच्छन्ति ब्रह्म ब्रह्मविदो जनाः।**

भावार्थ : जिस मार्ग में ज्योतिर्मय अग्नि-अभिमानी देवता हैं, दिन का अभिमानी देवता है, शुक्ल पक्ष का अभिमानी देवता है और उत्तरायण के छः महीनों का अभिमानी देवता है, उस मार्ग में मरकर गए हुए ब्रह्मवेत्ता योगीजन उपयुक्त देवताओं द्वारा क्रम से ले जाए जाकर ब्रह्म को प्राप्त होते हैं।

**धूमो रात्रिस्तथा कृष्ण षण्मासा दक्षिणायनम।**
**तत्र चान्द्रमसं ज्योतिर्योगी प्राप्य निवर्तते।**

भावार्थ : जिस मार्ग में धूमाभिमानी देवता है, रात्रि अभिमानी देवता है तथा कृष्ण पक्ष का अभिमानी देवता है और दक्षिणायन के छः महीनों का अभिमानी देवता है, उस मार्ग में मरकर गया हुआ सकाम कर्म करने वाला योगी उपयुक्त देवताओं द्वारा क्रम से ले गया हुआ चंद्रमा की ज्योत को प्राप्त होकर स्वर्ग में अपने शुभ कर्मों का फल भोगकर वापस आता है।

**शुक्ल कृष्णे गती ह्येते जगतः शाश्वते मते।**
**एकया यात्यनावृत्ति मन्ययावर्तते पुनः।**

भावार्थ : क्योंकि जगत के ये दो प्रकार के- शुक्ल और कृष्ण अर्थात देवयान और पितृयान मार्ग सनातन माने गए हैं। इनमें एक द्वारा गया हुआ (अर्थात इसी अध्याय के श्लोक 24 के अनुसार अर्चिमार्ग से गया हुआ योगी।)- जिससे वापस नहीं लौटना पड़ता, उस परमगति को प्राप्त होता है और दूसरे के द्वारा गया हुआ (अर्थात इसी अध्याय के श्लोक 25 के अनुसार धूममार्ग से गया हुआ सकाम कर्मयोगी।) फिर वापस आता है अर्थात जन्म-मृत्यु को प्राप्त होता है।

## क्या है कृष्ण और शुक्ल पक्ष?

हिन्दू माह में तीस दिन होते हैं। तीस दिनों को चंद्र के घट-बढ़ के अनुसार 15-15 तिथियों में बांटा गया है। चंद्र जब बढ़ने लगता है तो उस काल को शुक्ल पक्ष और जब घटने लगता है तो उस काल को कृष्ण पक्ष कहते हैं। शुक्ल पक्ष की अंतिम तिथि पूर्णिमा और कृष्ण पक्ष की अंतिम तिथि अमावस्या होती है। शुक्ल पक्ष को देवताओं का दिन और कृष्ण पक्ष को पितरों का दिन कहते हैं। इसी तरह उत्तरायण को देवताओं का काल और दक्षिणायन को पितरों का काल कहते हैं।



# भगवान बुद्ध ने नहीं दिए थे इन प्रश्नों के उत्तर?

**कहते हैं कि लव-कुश की पीढ़ी में शाक्य, शाक्य से शुद्धोधन और शुद्धोधन से सिद्धार्थ का जन्म हुआ। यह सिद्धार्थ ही आगे चलकर गौतम बुद्ध ने नाम से प्रसिद्ध हुए। गौतम बुद्ध के दर्शन में अनीश्वरवाद, अनात्मवाद और क्षणिकवाद को महत्व दिया जाता है। उनका मानना था कि संबुद्ध होना ही सत्य है। इसके लिए ही उन्होंने आष्टांगिक मार्ग बताएं हैं।**

गौतम बुद्ध से उनके जीवन में लाखों प्रश्न पूछे गए लेकिन उनमें से 14 प्रश्नों के उन्होंने जवाब नहीं दिए। जब भगवान बुद्ध से जीव, जगत आदि के विषय में चौदह दार्शनिक प्रश्न किए जाते थे तो वे सदा मौन रह जाते थे। ये प्रसिद्ध चौदह प्रश्न निम्नांकित हैं-

1-4 क्या लोक शाश्वत है? अथवा नहीं? अथवा दोनों? अथवा दोनों नहीं?
5-8 क्या जगत नाशवान है? अथवा नहीं? अथवा दोनों? अथवा दोनों नहीं?
9-11. तथागत देह त्याग के बाद भी विद्यमान रहते हैं? अथवा नहीं? अथवा दोनों? अथवा दोनों नहीं?
11-14 क्या जीव और शरीर एक हैं? अथवा भिन्न?
14 अव्याकृत प्रश्न : बौद्ध धर्म में इन प्रश्नों को अव्याकृत कहा गया है। अव्याकृत का अर्थ है जो व्याकरण-सम्मत नहीं है।

## क्यों उत्तर नहीं दिया

उक्त प्रश्न पर बुद्ध मौन रह गए। इसका तात्पर्य यह नहीं कि वे इनका उत्तर नहीं जानते थे। उनका मौन केवल यही सूचित करता है कि यह व्याकरण-सम्मत नहीं थे। इनसे जीवन का किसी भी प्रकार से भला नहीं होता। उक्त प्रश्नों के पक्ष या विपक्ष में दोनों के ही प्रमाण या तर्क जुटाए जा सकते हैं। इन्हें किसी भी तरह से सत्य या असत्य सिद्ध किया जा सकता है। यह पारमार्थिक दृष्टि से व्यर्थ है।

# जानिए हिन्दू देवता पूषन देव को



पूषन एक वैदिक देवता है। पूषन वह देवता हैं जो विवाह के संचालन में मदद करते, सुरक्षित यात्रा प्रदान करते और उन दिलों में वास करते हैं जो पशुओं को भोजन खिलाते हैं। वह हमारे कर्मों के अनुसार वे फल देते हैं। वह आत्माओं को दूसरे संसार की यात्रा करने के लिए पथप्रदर्शन करते हैं। वह लोगों की मृत्यु के समय के दौरान अपनी सुंदर उपस्थिति दिखाकर उनके भय को दूर करते हैं। वह तीर्थ यात्रियों को चोरों और जानवरों से बचाते हैं और लोगों को दुश्मनों, दुर्घटनाओं और अप्राकृतिक मृत्यु से बचाकर लोगों को दिव्य पथ पर ले जाते हैं। वह देने वाले देवता भी हैं जो हमरे जीवन में धन, स्वास्थ और समृद्धि देते हैं। जब हम एक स्थान से दूसरे स्थान की यात्रा करते हैं, तो वह हमारे सामान की सुरक्षा भी करते हैं। वह हमारे दिमाग में बुरे विचारों को दूर करते हैं, काला जादू को दूर करते हैं और कई खतरनाक बीमारियों को ठीक करते हैं।

वह मुख्य रूप से सभी प्रकार की प्राकृतिक आपदाओं से लोगों को राहत देते हैं जो चक्रवात, बाढ़, भारी बारिश और सुनामी के कारण होती हैं। वह शांतिपूर्ण जीवन जीने के लिए, हमारे लिए सभी कार्य करते हैं। वह हमेशा उन भक्तों की देखभाल करते हैं जो किसी भी रूप में ईश्वर की पूजा करते हैं और चाहें दूसरे धर्म के लोग भी हो, लेकिन वे लोगों से केवल यही अपेक्षा रखते हैं कि वे भगवान की सच्ची भक्ति करें। यदि हमारे अंदर ईश्वर के लिए शुद्ध भक्ति है, तो वह हमारे पूर्व कर्मों के आधार पर हमरे जीवन में अच्छे काम करेंगे। वह हमारे बुरे कर्मों को कुछ हद तक कम करने और हमारे जीवन में अच्छे परिणाम देने की शक्ति भी रखते हैं लेकिन वह किसी व्यक्ति के पूरे भाग्य को नहीं बदल सकते हैं। उनका उल्लेख ऋग्वेद और प्राचीन पुराणों और धार्मिक ग्रंथों में भी मिलता है। वह यज्ञ में भाग भी लेते हैं। वह यज्ञ कर्ता और लोगों को आशीर्वाद देते हैं। वह विभिन्न बीमारियों जैसे खांसी, सर्दी, दमा, हृदय की समस्याओं और कई अन्य लंबे समय से चली आ रही बीमारियों से तेजी से राहत दिलाएंगे। वह लोगों को मानसिक विकार, मन में भ्रम, ऊर्जा की कमी, सुस्ती, आलस्य और मानसिक अस्थिरता से भी छुटकारा दिलाते हैं। विभिन्न होम का आयोजन करते समय उनका नाम कई बार दोहराया जाता है। उन्हें इंद्र, वरुण, अग्नि, वायु, सूर्य और चंद्र जैसे वैदिक देवताओं के समकक्ष माना जाता है। उसके पास अलौकिक शक्तियां हैं और आपकी पुकार सुनकर किसी भी क्षण किसी भी स्थान पर पहुंच जाएंगे। हम उसके नाम का बार-बार जाप कर सकते हैं, ताकि वह जीवन के हर पड़ाव में हमारे साथ हों। पुराणों में पूषन को 12 आदित्यों में से एक के रूप में वर्णित किया गया है और वे अदिति एवं कश्यप के पुत्र हैं। उनके भाई सूर्य, वरुण और इंद्र हैं। वह हमारे लिए एक अंगरक्षक के रूप में कार्य करते हैं और हमारे दैनिक जीवन में हमारी सभी इच्छाओं को पूरा करते हैं। यद्यपि वह अन्य देवताओं के समान नहीं जाने जाते हैं। वह वैदिक देवताओं में भी एक है और पृथ्वी पर लोगों की मदद करते हैं। वह भगवान इंद्र द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार अपने कर्तव्यों को करते हैं और उसके लिए एक सहायक मित्र के रूप में भी कार्य करते हैं। वह अपने कर्तव्यों का सही ढंग से निर्वहन करने के लिए वायु, वरुण, सूर्य और चंद्र जैसे अन्य देवताओं के साथ भी परस्पर बातचीत करते हैं। वह कई ऋषियों द्वारा पूजे जाते हैं, और वे ऋषि उनसे आशीर्वाद लेते हैं। वह ऋषियों को उनकी तपस्या को सही तरीके से करने में मदद करते हैं और तपस्या करते समय उनके कारण हुई भूल को दूर करते हैं। सामान्य तौर पर, हम कह सकते हैं कि वह पूरी दुनिया के लिए मित्रवत हैं। आइए हम उनकी महिमा का गुणगान करें और धन्य हों।

# श्रीकृष्ण का यह मंदिर मात्र 2 मिनट के लिए बंद होता है

केरल के कोट्टायम जिले में तिरुवेरपु या थिरुवरप्पु में भगवान श्रीकृष्ण का एक प्रसिद्ध और चमत्कारिक मंदिर है जिसे तिरुवरप्पु श्रीकृष्ण मंदिर कहते हैं। इस मंदिर के संबंध में कई तरह की किंवदंतियां जुड़ी हुई हैं। एक यह है कि जब भगवान श्रीकृष्ण ने कंस को मारा था तो उनको बहुत भूख लगने लगी थी। कहते हैं कि यहां की श्रीकृष्ण की मूर्ति को भूख बर्दाश्त नहीं होती है। 1,500 साल पुराने इस मंदिर की दूसरी खासियत यह है कि यह मंदिर 24 घंटे में से मात्र 2 मिनट के लिए ही बंद होता है और वह समय है- सुबह 1158 बजे से 1200 बजे तक। मंदिर 2 मिनट से ज्यादा बंद नहीं रख सकते। इसके लिए पुजारी को एक कुल्हाड़ी दी जाती है, क्योंकि मंदिर खोलते वक्त यदि देर हो तो वह कुल्हाड़ी से ताला तोड़ दे। दरवाजा खोलने के लिए चाबी दी जाती है, लेकिन यदि चाबी कहीं फंस जाए तो तुरंत कुल्हाड़ी का उपयोग करें।

इसके पीछे मान्यता है कि यहां भगवान कृष्ण हमेशा भूखे रहते हैं और वे जरा भी देर के लिए भूख बर्दाश्त नहीं कर पाते हैं। इसीलिए यदि चाबी के साथ दरवाजा खोलने में कोई देरी होती है, तो पुजारी को कुल्हाड़ी से दरवाजा खोलने की अनुमति दी जाती है। यहां कम से कम 10 बार नैवेद्यम चढ़ाया जाता है। अभिषेकम समाप्त होने के बाद स्वामी (श्रीकृष्ण) का सिर पहले सूख जाता है। तब नैवेद्यम चढ़ाया जाता है और फिर केवल उसका शरीर सूख जाता है। कहते हैं कि भगवान श्रीकृष्ण के सोने का समय 1158 बजे से दोपहर 1200 बजे तक ही है। केवल 2 मिनट! भक्तों के लिए यह मंदिर सुबह के लगभग 2 बजे खुलता है।

यह मंदिर ग्रहण के समय भी बंद नहीं होता है। शंकराचार्य के समय एक बार इस मंदिर को ग्रहण के समय बंद कर दिया गया था। बाद में जब दरवाजा खोला गया तो उन्होंने पाया कि स्वामी की कमर की पट्टी नीचे खिसक गई है। उस समय आए आदिशंकराचार्य ने बताया कि ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि भगवान श्रीकृष्ण बहुत भूखे थे, तब से यह मंदिर ग्रहण काल के दौरान भी बंद नहीं किया जाता है। कहते हैं कि जो भी यहां का थोड़ा भी प्रसाद ग्रहण कर लेते हैं, उसे ऐसा लगता है कि पेट भर गया। यहां से प्रसादम का सेवन किए बिना किसी भी भक्त को जाने की अनुमति नहीं है। हर दिन 1157 बजे (मंदिर को बंद करने से पहले) पुजारी जोर से पुकारता है कि क्या कोई भी यहां है जिसने प्रसाद नहीं लिया हो?

ऐसा भी कहा जाता है कि जो भी व्यक्ति एक बार यहां का प्रसाद ग्रहण कर लेता है, वह फिर जीवन में कभी भी भूखे नहीं रहता है। मतलब यह कि उसके जीवन में भोजन प्राप्त करने में कोई समस्या नहीं होती है। यहां अप्रैल के महीने में 10 दिनों तक वार्षिक उत्सव मनाया जाता है। त्योहार का मुख्य आकर्षण यह है कि यहां युवा कुंआरी लड़कियां समारोहों के दौरान दीप जलाती हैं। इस मंदिर के बारे में एक कथा यह भी प्रचलित है कि महाभारत काल में जब पांडव जंगल में रहते थे तो श्रीकृष्ण ने उन्हें 4 हाथ वाली अपनी प्रतिमा दी थी। जब पांडव जंगल से जाने लगे तो चेरथलाई लोगों ने यह मूर्ति उनसे ले ली। कुछ काल तक वे इसकी पूजा करते रहे लेकिन बाद में उन्होंने कुछ कारणों से इसे समुद्र में फेंक दिया। लंबे समय के बाद यह मूर्ति केरल के एक महान ऋषि को मिली, जब वे नाव से यात्रा कर रहे थे। कहते हैं कि जब उनकी नाव डूब रही थी, तब इस मूर्ति को लेकर कोई दिव्य पुरुष प्रकट हुआ और उसने यह मूर्ति उन्हें दी थी। इस मूर्ति को लाकर उन ऋषि ने उसे यहां स्थापित कर दिया। इस संबंध में और भी कहानियां प्रचलित हैं।



# मार्गशीर्ष माह में पूजें शंख को जानिए पूजन सामग्री की सूची विधि एवं मंत्र

धर्म शास्त्रों के अनुसार सुख-सौभाग्य में वृद्धि के लिए शंख को अपने घर में स्थापित करना चाहिए। माना जाता है कि अगहन (मार्गशीर्ष) के महीने में शंख पूजन का विशेष महत्व है। अगहन के महीने में किसी भी शंख को भगवान श्रीकृष्ण का पंचजन्य शंख मान कर उसका पूजन-अर्चन करने से मनुष्य की समस्त इच्छाएं पूरी होती हैं। विष्णु पुराण के अनुसार समुद्र मंथन के दौरान प्राप्त हुए 14 रत्नों में से ये एक रत्न है शंख। प्रतिदिन घर में शंख पूजन करने से जीवन में कभी भी रुपए-पैसे, धन की कमी महसूस नहीं होती। इसके अलावा दक्षिणावर्ती शंख को लक्ष्मी स्वरूप कहा जाता है। इसके बिना लक्ष्मी जी की आराधना पूरी नहीं मानी जाती है। अगहन मास में खास तौर पर लक्ष्मी पूजन करते समय दक्षिणावर्ती शंख की पूजा अवश्य करनी चाहिए।



## शंख पूजन सामग्री की सूची

*शंख *कुंमकुंम *चावल *जल का पात्र *कच्चा दूध
*एक स्वच्छ कपड़ा *एक तांबा या चांदी का पात्र (शंख रखने के लिए)
*सफेद पुष्प *इत्र *कपूर *केसर *अगरबत्ती
*दीया लगाने के लिए शुद्ध घी *भोग के लिए नैवेद्य *चांदी का वर्क आदि।

## कैसे करें पूजन

- प्रातः काल में स्नान कर स्वच्छ धुले हुए वस्त्र धारण करें।
- पटिए पर एक पात्र में शंख रखें।
- अब उसे कच्चे दूध और जल से स्नान कराएं।
- अब स्वच्छ कपड़े से उसे पोंछें और उस पर चांदी का वर्क लगाएं।
- तत्पश्चात घी का दीया और अगरबत्ती जला लीजिए।
- अब शंख पर दूध-केसर के मिश्रित घोल से श्री एकाक्षरी मंत्र लिखें तथा उसे चांदी अथवा तांबा के पात्र में स्थापित कर दें।
- अब उपरोक्त शंख पूजन के मंत्र का जप करते हुए कुंमकुंम, चावल तथा इत्र अर्पित करके सफेद पुष्प चढ़ाएं।
- नैवेद्य का भोग लगाकर पूजन संपन्न करें।
- अगहन मास में निम्न मंत्र से शंख पूजा करनी चाहिए -

*त्वं पुरा सागरोत्पन्न विष्णुना विधृतः करे।*
*निर्मितः सर्वदेवैश्च पाञ्चजन्य नमोस्तु ते।*
*तव नादेन जीमूता वित्रसन्ति सुरासुराः।*
*शशांकायुतदीप्ताभ पाञ्चजन्य नमोस्तुते।*

## ओडिशा के राज्यपाल रघुबर दास का इस्तीफा स्वीकार, दो राज्यों के राज्यपाल बदले गए

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ओडिशा के राज्यपाल पद से रघुबर दास का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। उनकी जगह अब हरिबाबू को राज्यपाल बनाया गया है। इसके अलावा राष्ट्रपति ने दो राज्यों के राज्यपाल को भी बदल दिया है। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को अब बिहार का राज्यपाल नियुक्त किया गया है जबकि पूर्व गृह सचिव अजय कुमार भल्ला को मणिपुर का गवर्नर बनाया गया है।राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक मिजोरम के गवर्नर हरि बाबू को ओडिशा का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया है। जनरल वीके सिंह को मिजोरम का गवर्नर बनाया गया है। बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ को केरल का नया राज्यपाल बनाया गया है जबकि केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को अब बिहार का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। इसी तरह पूर्व गृह सचिव अजय कुमार भल्ला को मणिपुर का राज्यपाल बनाया गया है।

## भगदड़ मामले में अभिनेता अल्लू अर्जुन से पुलिस ने की तीन घंटे पूछताछ

**हैदराबाद।** संध्या थिएटर में भगदड़ में एक महिला की मौत के मामले में पुलिस ने अभिनेता अर्जुन अल्लू से तीन साढ़े घंटे तक पूछताछ की। उनके साथ अल्लू के पिता अल्लू अरविंद, चाचा चंद्रशेखर रेड्डी और बन्नी वासु भी थे। अभिनेता अल्लू अर्जुन पुलिस की पूछताछ के अपने पिता फिल्म निर्माता अल्लू अरविंद के साथ मंगलवार सुबह 11.05 बजे चिक्कडपल्ली पुलिस स्टेशन पहुंचे। उनके साथ अल्लू अर्जुन के चाचा चंद्रशेखर रेड्डी और बन्नी वासु भी थे। सेंट्रल जोन के डीसीपी आकांक्ष यादव ने एसीपी रमेश और इंस्पेक्टर राजुनाईक की मौजूदगी में उनसे दोपहर 2.47 बजे तक संध्या थिएटर में भगदड़ की घटना के घटनाक्रम को लेकर पूछताछ की। पूछताछ के बाद अल्लू अर्जुन सीधे जुबली हिल्स स्थित अपने आवास पर पहुंच गए। दरअसल, 4 दिसंबर की रात को अल्लू अर्जुन हैदराबाद में स्थित संध्या थिएटर में पुष्पा-2 का प्रीमियर शो देखने गए थे। तभी वहां अधिक भीड़ के बीच भगदड़ मचने से रेवती नाम की एक महिला की मौत हो गई थी और उनका बेटा श्रीतेज घायल हो गया था। इस मामले में चिक्कडपल्ली पुलिस ने मामला दर्ज कर अल्लू अर्जुन को गिरफ्तार भी किया था, लेकिन अल्लू को हाई कोर्ट से अंतरिम जमानत मिल गई थी। इस घटना के बाद तेलंगाना विधानसभा में अल्लू अर्जुन के मामले में मुख्यमंत्री के बयान पर उस्मानिया यूनिवर्सिटी के कुछ छात्रों ने 22 दिसंबर को अल्लू अर्जुन के घर तोड़फोड़ की थी।

## मुरादाबाद में 39 साल से बंद पड़े जैन मंदिर का जीर्णोद्धार कराएगा जैन समाज

**मुरादाबाद।** आखिरकार सुरक्षा के भरोसे के बाद उत्तर प्रदेश के जनपद मुरादाबाद में 39 साल से बंद पड़े जैन मंदिर को भी अब खोल दिया गया है। जैन समाज के लोग अब इस मंदिर का जीर्णोद्धार कराएंगे। इसकी साफ-सफाई की जिम्मेदारी ग्राम प्रधान के पति ने ली है। वर्ष 1985 में डकैती और तोड़फोड़ के बाद यहां समुदायके लोग यहां पलायन कर गए थे। पाकबड़ा थाना के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि रतनपुर कलां गांव में बना जैन मंदिर 39 वर्षों से बंद पड़ा था। अब इसे खोला दिया गया है। क्षेत्रीय चौकी इंचार्ज ने गांव के प्रधान पति को मंदिर परिसर की साफ-सफाई कराने को कहा है। उन्होंने बताया कि रतनपुर कलां स्थित जैन मंदिर का हाल जानने के लिए सोमवार को जैन समाज के कई लोग यहां आए थे। इन्हीं लोगों में रतनपुर कलां गांव में जन्मे महानगर निवासी प्रदीप जैन उनके भतीजे आशू जैन भी थे। पैतृक गांव और मंदिर की दशा को देखकर दोनों की आंखें की भर आई थी। इसके बाद जैन समाज के लोग पुलिस चौकी पहुंचे और मंदिर को अपने स्वरूप में लाने के चौकी प्रभारी से बातचीत की। पुलिस ने ग्राम प्रधान के पति नजाकत को मौके पर बुलाया और कहा कि मंदिर परिसर में साफ-सफाई कराएं। जैन समाज के लोग मंदिर का जीर्णोद्धार कराएंगे, जिससे इस धार्मिक स्थान को पहले जैसा रूप दिया जा सके।

## ईडी ने गैंगस्टर दाऊद के भाई कासकर से जुड़े फ्लैट को अपने कब्जे में लिया

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम के भाई इकबाल कासकर ने रंगदारी में लिए ठाणे स्थित एक फ्लैट को अपने कब्जे में ले लिया है। ईडी ने यह फ्लैट मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कुर्क किया था। इस फ्लैट की कीमत 55 लाख आंकी गई है। सूत्रों के अनुसार ठाणे पुलिस ने इकबाल कासकर को एक बिल्डर से रंगदारी वसूलने के मामले में गिरफ्तार किया था। इसके बाद ईडी की टीम ने इस मामले की जांच मनी लॉन्ड्रिंग एंगल से शुरु की थी।

इस मामले में जांच में पता चला कि इकबाल कासकर ने रंगदारी के रूप में बिल्डर से ठाणे में नियोपोलिस बिल्डिंग में स्थित 55 लाख रुपये मूल्य के एक फ्लैट लिया गया था, जो इकबाल कासकर के करीबी सहयोगी मुमताज एजाज शेख के नाम पर है। सूत्रों के अनुसार ठाणे पश्चिम में स्थित नियोपोलिस बिल्डिंग में आवासीय संपत्ति को वर्ष 2022 में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत जारी एक अनंतिम आदेश के परिणामस्वरूप कुर्क किया गया था। न्यायाधिकरण ने अनंतिम कुर्की को मंजूरी दी थी, जिसने ईडी को फ्लैट का औपचारिक कब्जा लेने की अनुमति दी थी।

# आंबेडकर विरोधी है कांग्रेस की फितरत: सीएम

एजेंसी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान कांग्रेस और अन्य पार्टियों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की फितरत हमेशा आंबेडकर विरोधी रही है। ये समाज को विभाजित करने के लिए राजनीति करना चाहते हैं। सीएम ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास दलितों को वंचित रखना रहा है। तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू नहीं चाहते थे कि बाबा साहेब संविधान समिति का हिस्सा बनें। यूपीए सरकार में बाबा साहेब के चित्र को नेहरू द्वारा कोड़े मारते दिखाया गया था। इसके लिए तत्कालीन मानव संसाधन मंत्री कपिल सिब्बल को माफ़ी मांगनी पड़ी थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहेब को चुनाव हराया था। कांग्रेस नहीं चाहती थी कि बाबा साहेब लोकसभा में जाएं। कांग्रेस ने कभी भी बाबा साहेब के परिनिर्वाण के बाद स्मारक नहीं बनने दिया। बाबा साहेब ने इस्तीफा



देते समय कांग्रेस पर आरोप लगाया था कि कांग्रेस और नेहरू को वंचितों-दलितों की नहीं, मुसलमान की चिंता है। वंचितों और दलितों के लिए आंदोलन को आगे बढ़ाने वाले बाबा साहेब को लोकसभा की किसी समिति का सदस्य नहीं बनाया गया। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के आंदोलन, संविधान निर्माण और स्वतंत्र भारत में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर का बड़ा योगदान था। वह भारत माता के महान सपूत थे। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में तमाम प्रकार के सामाजिक बंधनों का सामना करते हुए उच्च शिक्षा अर्जित की। उन्होंने अर्थव्यवस्था और कानून के क्षेत्र में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ डिग्री अर्जित की। उन्होंने भारत को अपने उस ज्ञान से आलोकित करने में अपनी पूरी ताकत लगाई। सीएम ने कहा कि यूपीए सरकार के प्रधानमंत्री ने भी कहा था कि देश के संसाधन पर पहला अधिकार मुसलमान का है। सीएम ने पूछा कि क्या वंचित-दलित का नहीं है? कांग्रेस जैसा इतिहास ही समाजवादी पार्टी का है। कन्नौज में बाबा साहब आंबेडकर के नाम पर बने कॉलेज से उनका नाम हटा दिया गया। सहारनपुर मेडिकल कॉलेज से नाम हटा दिया गया। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह के आधे-अधूरे बयान को पेश कर राजनीति की जा रही है। कांग्रेस और सपा ने गफलत पैदा करने का प्रयास किया है। सपा सरकार के समय सुपर सीएम ने बाबा साहेब पर क्या कहा था, यह किसी से छिपा नहीं है। राहुल गांधी बताएं कि क्या संसद में बीजेपी सांसद पर हमला संवैधानिक माना जाएगा। कांग्रेस और सपा को देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। इनके कृत्य सफल नहीं होंगे।

# सड़क दुर्घटना में चार की मौत



एजेंसी

**लोहरदगा।** लोहरदगा में दो अलग-अलग सड़क हादसों में चार की मौत हो गई। घटना रात की है। इस घटना में बीएस कालेज के पूर्व प्रोफेसर गोस्सनर कुजूर, उनके बेटे और साला की कार एक्सयूवी की गडढे में पलटने से मौत हो गई। ये घटना भंडरा थाना क्षेत्र में कोटा के पास हुई। वहीं दूसरी ओर लोहरदगा थाना क्षेत्र के हेसल चौक के समीप ट्रक और स्कार्पियो की भिड़ंत में स्कार्पियो चालक बाघा निवासी हीरानाथ शाह की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाघा निवासी अशोक उरांव, दीपक उरांव और नीरज उरांव सहित अन्य एक गंभीर रूप से घायल हैं। सभी शवों को लोहरदगा सदर अस्पताल लाया गया है जहां बुधवार को पोस्टमार्टम किया जाएगा।

# बस-कार की टक्कर में 5 की मौत, 15 घायल

एजेंसी

**करौली।** जिले के करौली-गंगापुर मार्ग पर मंगलवार रात भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। घटना सलेमपुर गांव के पास हुई, जहां तेज रफ्तार बस ने कार को टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार सभी पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। 15 लोगों की हालत गंभीर है।

हादसा उस समय हुआ जब कार गंगापुर से करौली की ओर जा रही थी। विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बस ने कार को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मृतकों की पहचान नयन कुमार देशमुख (63) पुत्र भाल चंद्र देशमुख निवासी इंदौर, प्रीति भट्ट, मनस्वी देशमुख, खुश देशमुख और अनीता देशमुख के रूप में हुई है।

ये सभी मूल रूप से इंदौर मध्य प्रदेश के निवासी थे और वर्तमान में बड़ोदरा गुजरात में रह रहे थे। घायलों में विनीत सिंहल (31) पुत्र गोपाल निवासी करौली, सलीम (42) पुत्र अब्दुल लतीफ निवासी गंगापुर सिटी, नूरजहां (50) पत्नी सलीम निवासी गंगापुर सिटी, शिवराज लाल (44) पुत्र श्रीमोहन गुनेसरा और समय सिंह (21) पुत्र बद्री प्रसाद निवासी



गनेसरा हैं। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया यह दुर्घटना बस चालक की लापरवाही और तेज रफ्तार के कारण हुई प्रतीत होती है। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। करौली हॉस्पिटल पुलिस चौकी प्रभारी बृजराज शर्मा ने बताया कि इंदौर निवासी नयन कुमार देशमुख (63) पुत्र भाल चंद्र देशमुख परिवार के साथ कार से कैलादेवी से गंगापुर की ओर जा रहे थे। वहीं, निजी बस करौली की ओर से आ रही थी।

# तीन साल की चेतना का रेस्क्यू ऑपरेशन जारी, 42 घंटे से बोरवेल में फंसी है मासूम

एजेंसी

**कोटपूतली।** कोटपूतली के कीरतपुर के बड़ीयाली की ढाणी में 700 फीट गहरे बोरवेल में गिरी तीन साल की चेतना का रेस्क्यू तीसरे दिन भी पूरा नहीं हो सका है। प्रशासन की फेल प्लानिंग के चलते मासूम 42 घंटे से बोरवेल में फंसी हुई है। मंगलवार रात चार देसी तकनीकों की विफलता के बाद पाइलिंग मशीन का उपयोग शुरू किया गया। रेस्क्यू टीमों के लिए मौसम की धुंध और तकनीकी बाधाएं चुनौती बन रही हैं।

चेतना सोमवार दोपहर 2 बजे खेलते समय बोरवेल में गिर गई थी। शुरुआत में वह करीब 150 फीट की गहराई पर फंसी हुई थी। देसी जुगाड़ (एल बैंड) का इस्तेमाल करते हुए टीमें उसे केवल 30 फीट तक खींचने में सफल रहीं, लेकिन मंगलवार सुबह से चेतना का मूवमेंट कैमरे में दिखाई नहीं दिया।

परिवार ने प्रशासन पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। विशेषज्ञ तकनीक की जगह देसी जुगाड़ पर भरोसा करने से 30 घंटे तक बोरवेल के समानांतर गड्ढा खोदने की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई। बोरवेल रेस्क्यू में प्रोटोकॉल के अनुसार समानांतर गड्ढा खोदकर पीड़ित को निकालने का प्रयास सबसे पहले किया जाता है।

एनडीआरएफ इंचार्ज योगेश



मीणा ने बताया कि पाइलिंग मशीन की क्षमता 150 फीट तक खुदाई करने की है। इसी कारण मंगलवार रात को जेसीबी मशीन का उपयोग कर बोरवेल से 20 फीट की दूरी पर 10 फीट गहरी खुदाई की गई। इसके बाद पाइलिंग मशीन से 150 फीट लंबी समानांतर सुरंग खोदी जाएगी। इस प्रक्रिया में सुरंग से बोरवेल तक एक छोटी टनल बनाई जाएगी, जिससे बच्ची तक पहुंचा जा सके। योजना के अनुसार, 160 फीट तक गहराई में पहुंचने पर बच्ची को नीचे से सुरक्षित निकालने का प्रयास किया जाएगा। फिलहाल बच्ची को जे-शेप हुक की मदद से बोरवेल में स्थिर रखा गया है। टीम का उद्देश्य है कि सुरंग बनाकर सबसे सुरक्षित तरीके से चेतना तक पहुंचा जाए। चेतना का आखिरी मूवमेंट देखा गया था। इतने लंबे समय तक भूखे रहने के कारण उसकी स्थिति को लेकर परिवार और रेस्क्यू टीम चिंतित हैं। फिलहाल बच्ची को जे-शेप हुक से स्थिर किया गया है। पहले प्रयास में सोमवार रात 1 बजे रिंग रॉड और अंब्रेला तकनीक को आजमाया गया, लेकिन बच्ची के कपड़ों में उलझकर प्रयास विफल हो गया। दूसरा प्रयास- देर रात 3 बजे फिर से रिंग का इस्तेमाल किया गया, जो सफल नहीं रहा। मंगलवार सुबह चेतना को हुक से खींचने की अनुमति परिवार से ली गई, लेकिन यह प्रयास भी विफल रहा। चौथे प्रयास में लोहे की प्लेट से बने एन बैंड जुगाड़ का उपयोग किया गया।

# बाबा साहब कांग्रेस के लिए सिर्फ वोट बैंक, जनता के सामने उसका दोहरा चरित्र उजागर: डॉ मोहन यादव

एजेंसी

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर वंचित, शोषित व गरीबों की बात करते थे, कांग्रेस पार्टी और उनके नेता जवाहरलाल नेहरू इसी कारण बाबा साहब का विरोध करते थे। कांग्रेस ने बाबा साहब को पहले 1952 का लोकसभा चुनाव हरवाया, इसके बाद उपचुनाव में भी हराने का कार्य किया। जवाहरलाल नेहरू और कांग्रेस का बाबा साहब के प्रति दोहरा चरित्र इसी बात से उजागर होता है कि जिन काजरोलकर ने बाबा साहब को उपचुनाव में कांग्रेस की मदद से हराया, उन्हें कांग्रेस की सरकार ने पद्म भूषण दे दिया। बाबा साहब की वैश्विक स्तर पर पहचान और नाम होने के बाद भी उन्हें भारत रत्न व कोई सम्मान नहीं मिला। डॉ. अंबेडकर के मामले में कांग्रेस का दोहरा चरित्र उजागर जनता के सामने उजागर हो चुका है। कांग्रेस बाबा साहब को सिर्फ वोट बैंक मानती है, चुनावों के समय याद करती है।



कांग्रेस को देश से माफी मांगना चाहिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव भारत रत्न स्व. डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रति कांग्रेस पार्टी के दोहरे रवैये को लेकर मंगलवार देर शाम प्रदेश भाजपा कार्यालय में पत्रकार-वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चुनावों में मिल रही लगातार हार से बौखला रही है और वह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भाषण को एडिट कर जनता के बीच झूठ प्रसारित कर षड्यंत्र कर रही है। कांग्रेस को मध्य प्रदेश की जनता ने पहले विधानसभा फिर लोकसभा चुनाव में नकार कर बता दिया है कि बाबा साहब के विचारों का सच्चा सम्मान करने वाली भाजपा के साथ है।उन्होंने कहा कि बाबा साहब के विचारों का सच्चा सम्मान भाजपा ने किया है। कांग्रेस को विपक्ष में रहकर जनता के विश्वास हासिल करने के लिए कार्य करना चाहिए। कांग्रेस ने बाबा साहब को देश के कानून मंत्री के पद से इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया। कांग्रेस को अपने नेताओं और पं. नेहरू द्वारा किए गए बाबा साहब अंबेडकर के अपमान के लिए पूरे देश से बिना शर्त माफी मांगना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस की सोच हमेशा अंबेडकर विरोधी रही है। जब भी कोई व्यक्ति मंत्रिपरिषद से इस्तीफा देता है, तो सदन में उसे बोलने का मौका दिया जाता है। लेकिन बाबासाहब के इस्तीफे के बाद सदन में उन्हें बोलने तक नहीं दिया गया।

# गोमती जोन के 7 चौकी प्रभारियों समेत 21 उपनिरीक्षकों का तबादला

एजेंसी

**वाराणसी।** पुलिस कमिश्नरेट के गोमती जोन के सात चौकी प्रभारियों समेत 21 उपनिरीक्षकों का तबादला कर दिया गया है। चौकी से थानों में तैनाती दी गई है। वहीं कई पटलों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। रिक्तियों के सापेक्ष तबादले किए गए हैं।

उपनिरीक्षक ब्रह्मदत्ता मिश्रा, रोशन प्रताप सिंह, राजनारायण यादव का थाना सिंधौरा स्थानांतरण किया गया है। जितेंद्र कुमार को चौकी प्रभारी मातलदेई बनाया गया है। अजीत कुमार मिश्रा को चौकी प्रभारी धौकलगंज थाना कपसेठी, पुलिस उपायुक्त गोमती जोन के पीआरओ अभिषेक कुमार राय को चौकी प्रभारी हरहुआ, चौकी प्रभारी सोमन कुमार को थाना कपसेठी भेजा गया है। इसी तरह गौरव उपाध्याय को चौकी प्रभारी चौकी प्रभारी साधोगंज, रविप्रकाश सिंह को चौकी प्रभारी कठिरांव, मिथिलेश कुमार प्रजापति को चौकी प्रभारी सिंधौरा, पवन कुमार यादव को चौकी प्रभारी परमपुर, जगदंबा सिंह को चौकी प्रभारी कछ्वां रोड से चौकी प्रभारी रामेश्वर, राजेश कुमार मौर्या को चौकी प्रभारी धौकलगंज से वाचक अपर पुलिस उपायुक्त गोमती जोन, लवकुश यादव को महिला पुलिस परामर्श केंद्र बड़ागांव बनाया गया है। वसीम उल्लाह खान को सिंधौरा थाना से महिला पुलिस परामर्श केंद्र बड़ागांव, नंदलाल कुशवाहा को थाना बड़ागांव, देवेंद्र कुमार दुबे को थाना कपसेठी, आयुष कुमार ओझा को जंसा थाना, अरूण कुमार दुबे को थाना राजातालब और गणेश प्रसाद पटेल को चौकी प्रभारी कछ्वां रोड बनाया गया है। डीसीपी प्रमोद कुमार ने सभी उपनिरीक्षकों को तत्काल कार्यभार ग्रहण करते हुए आख्या भेजने का आदेश दिया है।

# संभल में खुदाई के समय पीएसी की बटालियन की रहेगी तैनाती

एजेंसी

**संभल।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद मंडल में आने वाला जिला संभल में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की चार सदस्यीय टीम के नेतृत्व में सर्वे एवं खुदाई का कार्य जारी है। संभल में प्राचीन कूपों को खोजकर पुनर्जीवित करने की प्रशासनिक मुहिम के बीच भी खुदाई का कार्य जारी रहा। दो दिन पूर्व चंदौसी तहसील में मिली लगभग 150 साल पुरानी बावड़ी की तीसरे दिन भी खुदाई जारी है। शुक्रवार-शनिवार को संभल में छह तीर्थ स्थलों और 19 कुओं का सर्वे किया गया था। रविवार एवं सोमवार को चंदौसी तहसील में खुदाई के दौरान प्राचीन बावड़ी, चार कक्ष के साथ प्राचीन नैमिषारण्य तीर्थ पर जल प्रवाहित कूप आदि मिले। चंदौसी नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी के अनुसार संभल में खुदाई वाली जगह भीड़ इकट्ठा होने



के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था में अब पीएसी के जवानों की तैनाती रहेगी। संभल के 19 प्राचीन कूपों और 68 तीर्थों का वर्णन तमाम धर्मग्रंथों में मिलता है। जिले के खग्गू सराय में बीती 13 दिसंबर को लगभग 46 साल से बंद प्राचीन शिव मंदिर खुलने के बाद जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया ने धर्मग्रंथों में वर्णित इन कूपों सहित तमाम प्राचीन कूपों को खोजकर उन्हें पुनर्जीवित कराने की मुहिम चला रखी है। संभल में 46 साल पुराने मंदिर मिलने के बाद जिलाधिकारी ने जांच के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को पत्र लिखकर जिले के प्राचीन तीर्थ स्थलों और कुओं का निरीक्षण कराने की मांग की थी।

एएसआई की टीम ने भी संभल में कई तीर्थ व मंदिरों के साथ ही प्राचीन कूपों का सर्वे पिछले चार दिन में किया है। वहीं, जिले के चंदौसी के लक्ष्मण गंज इलाके में 21 दिसंबर को खुदाई के दौरान लगभग 150 साल पुरानी और 400 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैली बावड़ी मिली है। चंदौसी नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी (ईओ) कृष्ण कुमार सोनकर ने पत्रकारों को बताया कि बावड़ी की खुदाई को तीसरा दिन है। उन्होंने कहा अभी तक मिट्टी ऊपर थी तो जेसीबी और ट्रैक्टर लगाकर मिट्टी हटाई गई। अब नीचे बावड़ी का निर्माण दिखने लगा तो श्रमिकों को लगाकर फावड़े से मलबा और मिट्टी हटाई जा रही है।

ईओ कृष्ण कुमार सोनकर ने आगे कहा कि परत दर परत क्या निकलेगा, अभी कहना मुश्किल है, वैसे अभी तक बावड़ी में कमरे ओर सीढ़ियां मिली हैं। खुदाई में आने वाली चुनौतियों के बारे में उन्होंने कहा कि लगभग 50 लोग काम कर रहे हैं, लेकिन भीड़ होने से दिक्कत हो रही है और काम करना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने कहा सुरक्षा व्यवस्था में अब पीएसी की तैनाती होगी। अंदर रोशनी की भी समस्या है उसका भी इंतजाम किया जा रहा है। अंदर ऑक्सीजन की कमी भी है, इसके लिए मेडिकल टीम की भी व्यवस्था की जा रही है।

# मायावती ने बसपा के सफल आंदोलन पर कार्यकर्ताओं का जताया आभार, बोलीं- बाब साहेब का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान

एजेंसी

**लखनऊ।** संसद में बीते दिनों गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर के खिलाफ दिए गए बयान पर बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती बेहद नाराज हैं। उनके आह्वान पर उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश में अमित शाह के खिलाफ शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया गया। पार्टी की मांग है कि अमित शाह माफी मांगें और अपना बयान वापस लें। आंदोलन सफलतापूर्वक होने पर बसपा प्रमुख मायावती ने देर शाम एक्स पर पोस्ट करते हुए पार्टी के सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व परमपूज्य बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर के उन सभी अनुयाइयों का अति-आभार प्रकट किया है। मायावती ने कहा कि बाबा साहेब विरोधी टिप्पणी वापस नहीं लेने व पश्चाताप नहीं करने पर बसपा के



आह्वान पर आयोजित ऐसे प्रदर्शन आदि समस्या का स्थायी हल नहीं, बल्कि इसके लिए बहुजनों को सत्ता की मास्टर चाबी प्राप्त करके शासक वर्ग बनकर ही अपना उद्धार स्वंय करने योग्य बनना होगा तभी मुक्ति व सम्मान संभव। आज के सफल आन्दोलन से यह साबित है कि भाजपा हो या कांग्रेस या कोई अन्य पार्टी। बाबा साहेब का अपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तान। वास्तव में लोगों के 'अच्छे दिन' अर्थात् जनहित व जनकल्याण-युक्त देश निर्माण के लिए बाबा साहेब के संविधान पर पूरी निष्ठा व ईमानदारी से अमल करना जरूरी।मायावती ने आगे कहा कि अहमदाबाद में बाबा साहेब की प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने व छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में एक दलित की पीट कर की गई हत्या अति-दुखद व शर्मनाक है। उस गरीब पर चावल चोरी का आरोप है तो क्या वह पीड़ित गरीबी व भूख से बदहाल करोड़ों लोगों में से एक नहीं है? सरकार ऐसे लोगों का जरूर सहारा बने।

## तीन दिवसीय दौरे पर झारखंड पहुंचे केंद्रीय मंत्री मुरुगन ने पलामू आकांक्षी जिले में प्रगति कार्यों की समीक्षा की, दिए कई निर्देश

एजेंसी

**पलामू।** तीन दिवसीय आधिकारिक दौरे पर झारखंड पहुंचे केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन ने आंकाक्षी जिला पलामू के समाहरणालय सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले की प्रगति के संबंध में विभिन्न इन्डीकेटरों पर किये गये कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कई दिशा-निर्देश भी दिए। जिले के उपायुक्त शशि रंजन ने मंत्री को जिले की भौगोलिक स्थिति से अवगत कराया। केन्द्रीय मंत्री ने स्वास्थ्य और पोषण के तहत किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान उन्हें बताया गया कि जिले में 90 प्रतिशत से अधिक संस्थागत प्रसव किये जा रहें हैं, जो मातृ और शिशु के मृत्यु दर में कमी लाने की दिशा में सहायक हैं। इस दौरान मंत्री ने गंभीर कुपोषित बच्चों के विषय के बारे में जानकारी लेते हुए इनकी देखभाल और उपचार की पूरी जानकारी ली। साथ ही सिविल सर्जन एवं समाज कल्यान पदाधिकारी को आपस में बेहतर समन्वय स्थापित कर महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की बात कही। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान मंत्री ने कक्षा पांच और छह के तहत ड्रॉप आउट बच्चों की संख्या की जानकारी ली। उन्होंने शिक्षा पदाधिकारी को ड्रॉप आउट विषय पर विषय ध्यान देने की बात कही। साथ ही कहा कि शिक्षा में पलामू की डेल्टा रैंकिंग 44 है। इसे कम किये जाने की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है। बैठक में मंत्री को कृषि पदाधिकारी ने जिले में कृषि विभाग के जरिये किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी। इस दौरान बीज वितरण सहित अन्य की जानकारी दी गयी। बैठक में मंत्री ने एनीमल वैक्सीनेशन में तेजी लाने पर बल दिया।

# आज राजनीति में होता तो शराब कांड में हिसाब दे रहा होता: कुमार विश्वास

एजेंसी

**लखनऊ।** लखनऊ में अटल गीत गंगा कार्यक्रम में प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास ने श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी को नमन कर एकल काव्य पाठ किया। कवि कुमार विश्वास ने कविता पाठ के दौरान दिल्ली की सत्ता में बैठी पार्टी की ओर इशारा करते हुए कहा कि जो आज राजनीति में होता तो शराब कांड में मैं भी हिसाब दे रहा होता। भारत रत्न भूतपूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी की 100वीं जन्म जयंती की पूर्व संध्या पर



उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और अटल फाउण्डेशन द्वारा आयोजित अटल गीत गंगा कार्यक्रम में कवि कुमार विश्वास ने राधा से मिलने पहुंचें श्रीकृष्ण के प्रसंग पर एकल कविता पाठ किया। इस दौरान अपनी कविता की पंक्तियों की व्याख्या करते हुए कुमार विश्वास ने श्रोताओं का मन मोह लिया।

कवि कुमार विश्वास ने एकल काव्य पाठ में सप्रसंग व्याख्या करते हुए कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि यह बड़ा कवि हो गया है। मैं उन्हें कहना चाहता हूं कि मैं बड़ा कवि नहीं, बल्कि कवि के विचार बड़े हैं। अच्छे विचार मैंने बचपन में ही पढ़े थे। रामायण और महाभारत दोनों सभी को पढ़ना चाहिए। इससे आप अपने मित्र के दुर्योधन होते ही तुरंत रथ से उतर कर भाग सकेंगे।

अटल गीत गंगा कार्यक्रम में कुमार विश्वास ने कविता पाठ से पहले भीड़ को शांत कराते हुए कहा कि मैं बचपन से ही वामपंथ से दूर रहा हूं। इस कार्यक्रम में मेरे शिक्षा वक्त के मित्र ब्रजेश पाठक के आमंत्रण पर आया हूं। इस दौरान मंच पर विराजमान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की ओर इशारा कर कवि कुमार विश्वास ने कई वाक्य बोले, जिसे भी श्रोताओं ने हाथों हाथ लिया।




# ज्योतिष में है भविष्य

**पृथ्वी से कई प्रकाश वर्ष दूर ग्रहों का मानव पर क्या प्रभाव पड़ेगा। इसका अध्ययन ज्योतिष में किया जाता है। ज्योतिष के द्वारा ज्ञात हो सकता है कि कौन से ग्रह उस पर अच्छा प्रभाव डालेंगे और कौन से ग्रह बुरा। हर ग्रह का अपना एक तत्व होता है उस तत्व के द्वारा उस ग्रह के बुरे प्रभाव को खत्म किया जा सकता है। वर्तमान में ज्योतिष एक संभावनाओं वाले क्षेत्र के रूप में उभर कर आया है।**

ज्योतिष ग्रहों को जानने की एक प्राचीन विद्या है। यह हमारे ऋषि-मुनियों द्वारा प्रदत्त एक ज्ञान है। ज्योतिष ग्रहों की गणितीय गणना है। ज्योतिष का सबसे बड़ा लाभ यह है कि व्यक्ति को अपनी अनुकूल और प्रतिकूल स्थिति का ज्ञान हो जाता है, जिससे वह उसके अनुसार कार्य करता है तो विपरीत परिस्थितियों में भी उसे संबल मिलता है। पृथ्वी से कई प्रकाश वर्ष दूर ग्रहों का मानव पर क्या प्रभाव पड़ेगा। इसका अध्ययन ज्योतिष में किया जाता है। ज्योतिष के द्वारा ज्ञात हो सकता है कि कौन से ग्रह उस पर अच्छा प्रभाव डालेंगे और कौन से ग्रह बुरा। हर ग्रह का अपना एक तत्व होता है उस तत्व के द्वारा उस ग्रह के बुरे प्रभाव को खत्म किया जा सकता है। वर्तमान में ज्योतिष एक संभावनाओं वाले क्षेत्र के रूप में उभर कर आया है। इस विद्या में कंप्यूटर के प्रयोग से ज्योतिष का क्षेत्र सरल एवं व्यापक हुआ है। भारत में ज्योतिष से संबंधित लगभग 1800 वेबसाइट्स हैं। विदेशों में ज्योतिष से संबंधित लगभग 2 लाख से अधिक वेबसाइट्स हैं। युवा ज्योतिष विद्या का अध्ययन कर इसमें भी कैरियर बना सकते हैं। शासकीय संस्कृत महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. विनायक पांडे के अनुसार ज्योतिष वर्तमान में एक अच्छे कैरियर क्षेत्र के रूप में उभरा है। कई युवा इस प्राचीन भारतीय विद्या के बारे में जानने-समझने को उत्सुक हैं। अभी इस विद्या का पूर्ण और सही ज्ञान रखने वालों की भारत में अभी भी कम है।

उन्होंने बताया कि ज्योतिष के दो प्रकार होते हैं- 1. सिद्धांत ज्योतिष और 2. फलित ज्योतिष। सिद्धांत ज्योतिष के अंतर्गत पंचांग आदि का निर्माण शामिल है। इसका अध्ययन कर युवा खुद स्वरोजगार स्थापित कर सकते हैं, बल्कि दूसरों को भी रोजगार दे सकते हैं। फलित ज्योतिष के अंतर्गत भविष्य देखना, पत्रिका बनाना, ग्रहजन्य पीड़ा, निदान आदि का अध्ययन किया जाता है।

डॉ. पांडे कहते हैं कि ज्योतिष में रुचि रखने वाले युवा ज्योतिष में डिप्लोमा कर सकते हैं। 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद आप किसी भी विषय में स्नातक की पढ़ाई के साथ यह डिप्लोमा कर सकते हैं। यह डिप्लोमा कोर्स तीन वर्षीय है। पहले साल में उत्तीर्ण होने पर प्रमाण-पत्र दिया जाता है। दूसरे वर्ष में डिप्लोमा और तीसरे वर्ष में एडवांस डिप्लोमा होता है। यह युवाओं के लिए उभरता हुआ कैरियर क्षेत्र है। ज्योतिष के साथ में आध्यात्मिक जुड़ाव भी होना चाहिए।

**आइए जानते हैं कुछ इंटरव्यू टिप्स, जिन्हें अपनाकर आप इंटरव्यू में सफल हो सकते हैं। समय से पहले न पहुचें- समय से पहले पहुंचने पर इंटरव्यूअर पर आपके प्रति नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। समय का पाबंद रहना अच्छा गुण है। इस बात का ध्यान रखें कि आप न देर से पहुंचे और न समय से पहले पहुंच कर वहां खाली बैठे रहें। कुछ हायरिंग मैनेजरों को कैंडिडेट्स का बिना वजह खाली बैठे रहना पसंद नहीं आता।**

# इंटरव्यू की खास बातें

कहते हैं फर्स्ट इंप्रेशन इज़ लास्ट इंप्रेशन। किसी जॉब के लिए इंटरव्यू देते समय आपको इन्हीं बातों का ध्यान रखना पड़ता है। आप इंटरव्यू में अपने आपको सही तरीके से प्रस्तुत करेंगे तो आपको जॉब मिलने में आसानी होगी। आइए जानते हैं कुछ इंटरव्यू टिप्स, जिन्हें अपनाकर आप इंटरव्यू में सफल हो सकते हैं। समय से पहले न पहुचें- समय से पहले पहुंचने पर इंटरव्यूअर पर आपके प्रति नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। समय का पाबंद रहना अच्छा गुण है। इस बात का ध्यान रखें कि आप न देर से पहुंचे और न समय से पहले पहुंच कर वहां खाली बैठे रहें। कुछ हायरिंग मैनेजरों को कैंडिडेट्स का बिना वजह खाली बैठे रहना पसंद नहीं आता।

हरेक गतिविधि पर नजर- इंटरव्यू देते वक्त आपका ध्यान सिर्फ उसी पर रहता है। इंटरव्यूअर आपसे सवाल-जवाब करने के दौरान आपकी प्रत्येक हलचल पर ध्यान रखता है। कई कंपनियों में तो कैंडिडेट्स के व्यवहार को देखने के लिए रिसेप्शन पर कैमरे तक लगाए जाते हैं। हायरिंग मैनेजर इन कैमरों से यह देखते हैं कि आप रिसेप्शनिस्ट और दूसरे इंटरव्यू देने आए प्रतिभागियों से कैसा व्यवहार कर रहे हैं। बातों को बढ़ा-चढ़ाकर न बोलें- इंटरव्यू के दौरान अनावश्यक न बोलें। आपसे जो सवाल किया जाए, उसी का सीधे तरीके से जवाब दें। कई लोगों की आदत जरूरत से ज्यादा बोलने की होती है। इंटरव्यूवर को इस बात से सख्त नफरत होती है कि आप उसके सवाल का जवाब देने की बजाय इधर- उधर की बातें करें। अगर आप फालतू की बात करेंगे तो यही माना जाएगा कि आपको कुछ पता नहीं है। सकारात्मक जवाब- इंटरव्यू के दौरान अपने पॉजीटिव एटीट्यूट को प्रदर्शित करें। इंटरव्यू के दौरान आपसे चाहे जितने नकारात्मक प्रश्न पूछे जाएं, आप उनका जवाब पॉजीटिव ही दें। इंटरव्यू के दौरान ज्यादा कम्फर्टेबल और फ्रेंडली होने का प्रयास भी न करें। अपने इंप्लोयर की न करें आलोचना- आप अपने वर्तमान जॉब से चाहे कितने ही असंतुष्ट क्यों न हों, लेकिन इंटरव्यू के दौरान अपने इंप्लोयर की किसी भी तरह की आलोचना न करें। अगर आप ऐसा करते हैं तो इंटरव्यू पैनल में आपके बारे में गलत संदेश जाएगा।



**प्रचलित चिकित्सा पद्धति के नुकसान के चलते जहां लोगों में आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा का प्रचलन बढ़ रहा है वहीं कुछ वर्षों से योग के प्रति भी लोगों का रुझान तेजी से बढ़ा है। यदि कोई व्यक्ति योग शिक्षक बनना चाहता है तो उसे योग की तमाम अपेक्षित जानकारी होनी चाहिए।**

# योग में संवारे कैरियर



इस क्षेत्र में अनेक संभावनाएं हैं। योग शिक्षा और प्रशिक्षण के बाद आप स्वयं योग-कक्षाएं लगा सकते हैं। इसके लिए सिर्फ आपके पास साफ-सुथरा स्थान तथा स्वस्थ माहौल होना चाहिए। खुली जगह सर्वोत्तम रहती है। यदि मान्यता प्राप्त संस्थान से प्रशिक्षण लिया है तो आप स्कूल, कॉलेज में भी कक्षाएं ले सकते हैं। चिकित्सक और शोधकर्ता के रूप में आप रोगों तथा विकारों के संबंध में कार्य कर सकते हैं। योग में अनेक क्षेत्र हैं, लेकिन दो प्रमुख क्षेत्र हैं -1. अध्यापन और अनुसंधान तथा 2. रोगों का उपचार। जहां तक रोगों के उपचार का संबंध है, योग मन और शरीर- दोनों का इलाज करता है। किंतु यह जानना जरूरी होता है कि किस आसन और प्राणायाम से कौन-सा रोग ठीक होता है। इसके लिए विद्यार्थियों के लिए विशेष कक्षाएं लगाई जाती हैं, जहां उन्हें विभिन्न आसन और योग के अन्य पहलू सिखाए जाते हैं। योग पर अनेक ग्रंथ हैं। उक्त ग्रंथों का अध्ययन कर योगाभ्यास की सही तकनीक समझ सकते हैं। योग में प्रशिक्षण लेना बेहद जरूरी है क्योंकि यदि व्यायाम सही ढंग से नहीं किया जाता है तो समस्या बढ़ सकती है। यदि समुचित प्रशिक्षण के बिना योग किया जाता है तो यही योग हानिकारक भी हो सकता है।

## रोजगार की संभावनाएं

वर्तमान में भारत में 30 से ज्यादा कॉलेजों में योग विषय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम चलाए जाते हैं। किसी भी क्षेत्र के स्नातक योग से संबंधित पाठ्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तर पर ये पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं, अथवा स्नातकोत्तर डिप्लोमा स्तर का एक वर्ष का पाठ्यक्रम भी कराया जाता है। यहां यह भी जानना आवश्यक है कि कॉलेजों के अलावा देशभर में कई योग अध्ययन केंद्र भी हैं। योग पाठ्यक्रम में निम्नलिखित विषय शामिल हैं- शरीर रचना, दर्शन, ध्यान, व्यायाम तथा योग और ध्यान का सिद्धांत व नियम। व्यावहारिक पक्ष में योगासन, सूर्य नमस्कार तथा प्राणायाम जैसे विभिन्न आसन दिखाए जाते हैं।

# फोटोग्राफी में ध्यान दें बारीकियों पर

फैशन और वाइल्ट लाइफ फोटोग्राफी में रुचि रखने वाले युवा इसे अपना पेशन मानते हैं। इस फील्ड में क्रिएटीविटी, टेक्निक, ट्रेनिंग, हार्डवर्क, ग्लैमर, एडवेंचर सब कुछ है। सही ट्रेनिंग और गाइडेंस से इस फील्ड में कैरियर बनाने का स्कोप बढ़ गया है। कई डिग्री होल्डर फोटोग्राफर्स भी फैशन और वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफी की बारीकियां सीख रहे हैं। कैरियर संभावनाएं- फैशन इंडस्ट्रीज, कार्पोरेट और इंडस्ट्रीयल सेक्टर के विकसित होने से इस फील्ड में संभावनाएं बढ़ गई हैं। फैशन इंडस्ट्री के फलने-फूलने के साथ ही फैशन फोटोग्राफी में ग्लैमर जुड़ चुका है। आज हर कंपनी अपने प्रोडक्ट के साथ कैलेंडर, मैगजीन, विज्ञापन ब्रोशर प्रकाशित करती है। इनमें आकर्षक और स्टाइलिश फोटो की खास भूमिका



होती है। इन सबके लिए फैशन फोटोग्राफर की बहुत जरूरत है। तकनीकी रूप से सक्षम होने पर इस क्षेत्र में भविष्य बहुत उज्जवल है। शैक्षणिक योग्यता- फोटोग्राफी के लिए कम से कम ग्रेजुएशन होना जरूरी है। देशभर में कई इंस्टीट्यूट फोटोग्राफी में डिग्री या सर्टीफिकेट कोर्स करवाते हैं। एक सक्सेसफुल फोटोग्राफर बनने के लिए डीप स्टडी और अच्छे विजन का होना जरूरी है। अहमदाबाद, मुंबई, दिल्ली, औरंगाबाद जैसे शहरों में संस्थानों द्वारा फोटोग्राफी का विधिवत प्रशिक्षण दिया जाता है। इन संस्थानों में दो-तीन वर्षों के डिग्री कोर्स एवं ट्रेनिंग दी जाती है।

## ब्राजील के पूर्व डिफेंडर राफिन्हा अपने मूल क्लब कोरीतिबा में लौटे

**एजेंसी**

**रियो डी जेनेरियो।** ब्राजील के पूर्व अंतरराष्ट्रीय डिफेंडर राफिन्हा ने अपने मूल क्लब कोरीतिबा में मुफ्त ट्रांसफर पर फिर से शामिल होने पर सहमति व्यक्त की है। ब्राजील के सेरी बी क्लब ने यह जानकारी दी। 39 वर्षीय खिलाड़ी ने इस महीने की शुरूआत में साओ पाउलो से अलग होने के बाद इस क्लब के साथ एक साल का अनुबंध किया है, जिससे उनके पेशेवर करियर की शुरुआत हुई थी राफिन्हा ने सोशल मीडिया पर प्रकाशित एक वीडियो में कहा, मैं आपको यह बताने के लिए यहां हूं कि मैं लगभग 20 साल पहले जब मैं यहां से गया था, तो मैंने जो वादा किया था, उसे पूरा करने में मैं कभी असफल नहीं हो सकता। मैं एक बच्चे के रूप में यहां से चला गया था और आज मैं कोरीतिबा को उसके मूल स्थान पर वापस लाने में मदद करने के लिए वापस आया हूं। 2005 में राफिन्हा कोरीतिबा छोड़कर जर्मनी के शाल्के में शामिल हो गए और उसके बाद से राइट-बैक ने जेनोआ, बायर्न म्यूनिख और फ्लेमेंगो सहित अन्य क्लबों में खेला है। वह ब्राजील की राष्ट्रीय टीम के लिए चार बार खेल चुके हैं।

## बेंगलुरु बुल्स पर जीत के साथ अंक तालिका में तीसरे सथान पर पहुंचे यूपी योद्धाज

**पुणे।** यूपी योद्धाज ने बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 131वें मैच में बेंगलुरू बुल्स को 44-30 के अंतर से हराते हुए अंक तालिका में तीसरा स्थान हासिल कर लिया है। दूसरी ओर, अच्छा खेलने के बावजूद बुल्स 22 मैचों में 19वीं हार के साथ इस सीजन से विदा हुए। यूपी की जीत में शिवम चौधरी (13), लंबे समय बाद वापसी कर रहे सुरेंदर गिल (9) का अहम रोल रहा। यूपी को 22 मैचों में 13वीं जीत मिली। वह बीते नौ मैचों से अजेय है। बुल्स के लिए सुशील धनकर ने सबसे अधिक 12 अंक लिए जबकि इस मैच में 1800 रेड प्वाइंट्स पूरा करने वाले परदीप नरवाल ने 6 अंक जुटाए। अब यूपी एलिमिनेटर-1 में खेलती दिखेगी। यूपी के लिए यह मैच काफी अहम था लेकिन बुल्स ने अच्छी शुरुआत करते हुए छह मिनट के खेल में 4-3 की लीड बना रखी थी। इसका कारण यह था कि धीमी गति से चल रहे मैच में परदीप ने अपेक्षित शुरुआत की और दो बार गंगाराम को आउट किया। फिर सुशील ने मल्टीप्वाइंटर के साथ स्कोर 6-3 करते हुए यूपी को आलआउट की कगार पर ला दिया। इसके बाद परदीप ने मल्टीप्वाइंटर के साथ आलआउट ले लिया।

## पीकेएल मेलबर्न रेड में खेलेंगे प्रो कबड्डी के दिग्गज खिलाड़ी

**पुणे।** ऑस्ट्रेलिया के जॉन कैन एरिना में शुरु होने वाले पीकेएल मेलबर्न रेड में प्रो कबड्डी के अजय ठाकुर, परदीप नरवाल, अनूप कुमार, राकेश कुमार, मनिंदर सिंह, सचिन तंवर और अन्य दिग्गज खिलाड़ी खेलेंगे। इस ऐतिहासिक स्पर्धा में चार दुर्जेय टीमें एक दूसरे का सामना करेंगी। पीकेएल ऑल स्टार मावेरिक्स, पीकेएल ऑल स्टार मास्टर्स और प्रो कबड्डी ऑल स्टार्स ऐसी तीन टीमें होंगी, जिनमें पीकेएल के सर्वश्रेष्ठ भारतीय कबड्डी खिलाड़ी शामिल होंगे। साथ ही स्टार खिलाड़ियों से सजी ऑस्ट्रेलियाई टीम आसीज रेडर्स भी इस अनोखी प्रतियोगिता में वर्चस्व के लिए संघर्ष करेगी। इस अनूठे आयोजन से पहले पीकेएल के लीग कमिश्नर अनुपम गोस्वामी ने कहा, हम मेलबर्न में पीकेएल




परफॉर्मेंस के लिए दुनिया के सबसे प्रमुख स्पोर्ट्स डेस्टीनेशन शहरों में से एक-विजिट विक्टोरिया-द्वारा आमंत्रित किए जाने से रोमांचित हैं। पीकेएल मेलबर्न रेड कबड्डी की बढ़ते ग्लोबल अपील को दर्शाता है, जो दिग्गजों के साथ-साथ मौजूदा सितारों को भी एक साथ लाता है। भारत में जारी पीकेएल सीजन 11 के अंतिम चरण में आने से, यह हमारी लीग की क्षमताओं को प्रदर्शित करने के साथ-साथ वास्तव में विश्व स्तरीय खेल के रूप में कबड्डी की ऊर्जा को प्रदर्शित करने का एक शानदार अवसर है।

## राष्ट्रीय खेलः मेजबानी को उत्तराखंड में जोर-शोर से तैयारी

**हरिद्वार।** 38 वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी के लिए उत्तराखंड में जोर-शोर से तैयारियां की जा रही है। आगामी 28 जनवरी से 14 फरवरी तक होने वाले राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी उत्तराखंड करेगा और उत्तराखंड के विभिन्न जनपदों में राष्ट्रीय खेलों का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रमुख रूप से हरिद्वार, देहरादून, टिहरी, उधमसिंह सिंह नगर और अल्मोड़ा जिले शामिल हैं। हरिद्वार में रोशनाबाद स्टेडियम में राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता के अलावा कबड्डी एवं कुश्ती की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। ओलंपिक संघ के राष्ट्रीय सचिव डी के सिंह ने बताया कि यह पहला मौका है कि उत्तराखंड को राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी मिली है। इससे जहां उत्तराखंड के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा वहीं विभिन्न जनपदों में खेल प्रतियोगिता होने से खेल प्रेमियों को भी अपने चाहते खिलाड़ियों के दीदार हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि हरिद्वार और देहरादून स्टेडियम में मुख्य प्रतियोगिता होगी जबकि ऋषिकेश और टिहरी में जल खेल की प्रतियोगिताएं होंगी।

# ऑस्ट्रेलिया पहले खो-खो विश्व कप के लिए तैयार, पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों में लेगा हिस्सा

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया 13-19 जनवरी, 2025 के बीच दिल्ली में होने वाले पहले विश्व कप का हिस्सा बनने के लिए तैयार है।ऑस्ट्रेलिया की ताकतवर टीम हमेशा से ही अपनी समृद्ध खेल संस्कृति के लिए जानी जाती है। क्रिकेट से लेकर रग्बी तक, वे हमेशा से ही अपनी ताकत का लोहा मनवाते आए हैं और खो-खो में भी वे अपना जलवा दिखाने के लिए तैयार हैं, जहां वे पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों में भाग लेंगे। 15 खिलाड़ियों वाली प्रत्येक टीम में, कुछ भारतीयों के अलावा, ऑस्ट्रेलियाई मूल के 6 पुरुष और 8 महिला खिलाड़ी भी हैं।

टीम के एक सदस्य गस डॉडल ने भारत आने और इतिहास का हिस्सा बनने पर खुशी और उत्साह व्यक्त किया। खो को फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से जारी एक बयान में उन्होंने कहा, एक महान खेल राष्ट्र के रूप में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करना सम्मान की बात है, हम हमेशा ऐसे खेलों को आजमाने के लिए तैयार रहते हैं जिन्हें हमने पहले नहीं खेला है और



मेरे लिए यह एक अद्भुत अवसर है कि मैं ऑस्ट्रेलिया के खेल मूल्यों जैसे निष्पक्ष खेल, प्रतिस्पर्धा और दृढ़ता को विश्व कप में ला पाऊं। मैंने पाया है कि यह बहुत तेज़ और कठिन खेल है। साथ ही, यह बहुत मज़ेदार है और मैं वैश्विक आयोजन में खेलने के लिए बहुत उत्साहित हूं। उन्होंने कहा, हमें प्रशंसकों से बहुत समर्थन मिल रहा है, वे सभी यह जानकर बहुत उत्साहित हैं कि ऑस्ट्रेलिया की टीम विश्व कप में है। जो लोग खो-खो के बारे में जानते हैं, उनके लिए यह बहुत बढ़िया है और जो लोग इस खेल के बारे में पता लगा रहे हैं, वे सभी यह जानकर बहुत उत्साहित और गौरवान्वित हैं कि ऑस्ट्रेलिया की टीम है। खो खो ऑस्ट्रेलिया महासंघ देश में खेल को विकसित करने और एक ऐसी टीम विकसित करने के लिए बहुत उत्सुक है, जिसका सम्मान किया जा सके। खेल के निरंतर विकास को सुनिश्चित करने के लिए जमीनी स्तर पर खो खो को विकसित करने पर दीर्घकालिक ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। किसी खेल का सांस्कृतिक महत्व, विशेष रूप से वह जिसकी जड़ें किसी विशेष देश में हों, उसके अर्थ और प्रभाव को और गहरा बनाता है। जब खो खो जैसा कोई भारतीय मूल का खेल ऑस्ट्रेलिया में खेला जाता है, तो सामुदायिक आदान-प्रदान और सांस्कृतिक उत्सव के लिए जगह खुलती है।

भारतीय टीम के अभिन्न अंग ओजस कुलकर्णी, जो एक दशक से भी अधिक समय से खेल से जुड़े हुए हैं, के शब्दों में, इस सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण खेल में भाग लेने के सामाजिक और भावनात्मक लाभ शारीरिक स्वास्थ्य से कहीं बढ़कर हैं। यह समावेशिता, विविधता के प्रति सम्मान और विभिन्न समुदायों के बीच आपसी समझ को बढ़ावा देता है। जैसे-जैसे ये खेल लोकप्रिय होते जाते हैं, वे संस्कृति, पहचान और सामुदायिक मूल्यों के बारे में बातचीत को सुविधाजनक बनाने वाले पुल भी बनते हैं।

## भारत के खिलाफ दूसरे वनडे में शतक लगाने पर मैथ्यूज ने कहा–टीम में योगदान देना अच्छा है




**एजेंसी**

**वडोदरा।** वेस्टइंडीज महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हेले मैथ्यूज ने भारत के खिलाफ चल रही तीन एकदिनी मैचों की श्रृंखला के दूसरे मैच में शतकीय पारी खेलने के बाद खुशी व्यक्त की। हेले मैथ्यूज ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन में कहा, आप वास्तव में 350 से अधिक रनों का पीछा करते हुए पारी खत्म नहीं करना चाहते। उनके बल्लेबाजों की तारीफ करें, उनके पास प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं जिन्होंने आगे बढ़कर काम किया है। हमें उन्हें थोड़ा और रोकना होगा और कुछ शुरुआती विकेट भी लेने होंगे। यह सीरीज हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है और हमें इस तथ्य पर ध्यान देना होगा कि एक और मैच बचा है। वे अंक हमारे लिए महत्वपूर्ण हो सकते हैं और हमें अच्छी स्थिति में ला सकते हैं (विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के लिए)। टीम में योगदान देना अच्छा है। हारना थोड़ा कड़वा है, लेकिन मैदान पर कुछ समय बिताना अच्छा है और उम्मीद है कि मैं अगले मैच में इसका फायदा उठा पाऊंगी।

## वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे वनडे में मिली जीत के बाद भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने की बल्लेबाजों की तारीफ

**एजेंसी**

**वडोदरा।** वेस्टइंडीज खिलाफ तीन मैचों की एकदिनी सीरीज के दूसरे वनडे में 115 रन की जीत के बाद, भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अपने बल्लेबाजों की जमकर तारीफ की। दाएं हाथ की बल्लेबाज हरलीन देओल की दमदार पारी और गेंदबाजों के सामूहिक प्रयास से भारतीय महिला टीम ने कोटांबी स्टेडियम में तीन मैचों की सीरीज के दूसरे वनडे में कैरेबियाई टीम पर 115 रनों से जीत दर्ज की।

कौर ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन में कहा, हमने वही किया जिसकी हमें उम्मीद थी। जिस तरह से हमारे सलामी बल्लेबाजों ने हमें शुरुआत दी, उसके बाद हरलीन की बल्लेबाजी और जेमी ने भी टीम का साथ दिया। जिस तरह से हमने बल्लेबाजी की, उससे निश्चित रूप से वाकई बहुत खुश हूं। दूसरी पारी में भी, जिस तरह से




मैथ्यूज बल्लेबाजी कर रही थी, उससे यह संकेत मिल रहा था कि यह पिच बल्लेबाजों के लिए बेहतर थी। हमने बोर्ड पर अच्छा स्कोर बनाया था और जिस तरह से हमारे गेंदबाज गेंदबाजी कर रहे थे, हमें उन पर भरोसा था कि वे किसी भी समय विकेट लेकर मैच का रुख बदल सकते हैं। हमारे गेंदबाज अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। बीच में, हमने कुछ रन गंवाए लेकिन फिर दीप्ति ने वापसी की, रन कम बनाए रखे और फिर तीतास ने वापसी की और दूसरे छोर से विकेट लिया।

## भारत ने दूसरे एकदिनी में वेस्टइंडीज को 115 रन से हराया

**एजेंसी**

**वडोदरा।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने तीन मैचों की एकदिनी श्रृंखला के दूसरे मुकाबले में वेस्टइंडीज को 115 नरों से मात दी है। टी20 श्रृंखला में बाद अब एकदिवसीय सीरीज में भी भारतीय महिला टीम ने अपनी मजबूत पकड़ बनाते हुए अजेय बढ़त हासिल कर ली है। वडोदरा के मैदान पर खेले गया यह मुकाबला ऐतिहासिक रहा। दोनों टीमों ने मिलकर एक मैच में 601 रन बनाए।

भारत की ओर से मिले 359 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज का बल्लेबाजी क्रम पूरी तरह बिखर गया। हालांकि कप्तान हीली मैथ्यूज एक छोर पर टिकी रहीं और उन्होंने शानदार शतक जड़ा। हीली के अलावा, शैमिने कैम्बेल ने 38 रन, जायदा जेम्स ने 25 रन, एफी फ्लेचर ने 22 तथा क्वीना जोसेफ ने 15 रन बनाए। भारत की तरफ से प्रिया मिश्रा ने तीन विकेट चटकाए। जबकि प्रतिका रावल, दीप्ति शर्मा और टिटास साधु को दो-दो सफलता मिली। एक विकेट रेनुका




सिंह के खाते में गया।इसेस पहले, टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 50 ओवर में 5 विकेट खोकर 358 रन बनाए, जो एकदिनी क्रिकेट में भारत का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर रहा। ओपनर स्मृति मंधाना (53 रन) और प्रतिका रावल (76 रन) ने टीम को सधी शुरुआत दिलाई। पहले विकेट के लिए दोनों के बीच 110 रन की साझेदारी हुई। इसके बाद हरलीन देओल ने मोर्चा संभाला और 103 गेंदों पर 115 रन की शानदार पारी खेली। वहीं, जेमिमा रोड्रिग्स ने 52 और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 22 रनों का योगदान दिया। बेहतरीन प्रदर्शन के लिए हरलीन को प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। वेस्टइंडीज के लिए डियांड्रा डॉटिन, एफी फ्लेचर, जायदा जेम्स और क्वीना जोसेफ को एक-एक सफलता मिली।

## मोहम्मद रिजवान, पीसीबी प्रमुख ने चैंपियंस ट्रॉफी कार्यक्रम की सराहना की; जय शाह उत्साहित

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की सीमित ओवरों की टीम के कप्तान मोहम्मद रिजवान और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने चैंपियंस ट्रॉफी को हाइब्रिड मॉडल में आयोजित करने के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के फैसले को देश के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर करार दिया। पाकिस्तान 28 साल बाद किसी आईसीसी इवेंट की मेज़बानी करेगा, क्योंकि यहां आखिरी वैश्विक टूर्नामेंट 1996 विश्व कप था, जिसका संयुक्त मेजबान भारत भी था1 पीसीबी मीडिया विज्ञप्ति में रिजवान ने कहा, एक क्रिकेट प्रेमी देश के रूप में, हम सभी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेज़बानी करने के लिए बहुत उत्साहित हैं। यह एक शानदार अवसर है क्योंकि पाकिस्तान 28 वर्षों में अपने तटों पर




पहली बार आईसीसी इवेंट का स्वागत कर रहा है और खासकर इसलिए क्योंकि हम गत विजेता हैं। हम अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेलने के लिए उत्सुक हैं।

हाइब्रिड मॉडल का मतलब है कि भारत अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा और 23 फरवरी को पाकिस्तान के खिलाफ़ मुकाबला होगा। नकवी हाइब्रिड सिस्टम के तहत शोपीस के एक हिस्से की मेजबानी पाकिस्तान द्वारा किए जाने से बहुत खुश हैं। नकवी ने विज्ञप्ति में कहा, हमें खुशी है कि समानता और सम्मान के सिद्धांतों के आधार पर एक समझौता हुआ है, जो सहयोग और सहभागिता की भावना को दर्शाता है जो हमारे खेल को परिभाषित करता है।टूर्नामेंट का पहला मैच 19 फरवरी को कराची में खेला जाएगा, जिसमें पाकिस्तान का सामना न्यूजीलैंड से होगा और फाइनल 9 मार्च को होगा। 50 ओवरों का यह टूर्नामेंट, जो पिछली बार 2017 में खेला गया था, में 15 मैच होंगे, जिनमें से कम से कम 10 मैच पाकिस्तान में खेले जाएंगे। पाकिस्तान में तीन मेज़बान स्थल रावलपिंडी, लाहौर और कराची होंगे। उन्होंने कहा, चैंपियंस ट्रॉफी की मेज़बानी पाकिस्तान के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो उच्चतम स्तर पर क्रिकेट को बढ़ावा देने और एक प्रमुख आयोजनकर्ता के रूप में हमारी क्षमताओं को प्रदर्शित करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हम आईसीसी सदस्यों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने पारस्परिक रूप से लाभकारी समाधान प्राप्त करने में हमारी मदद करने में रचनात्मक भूमिका निभाई।

## बंगाल वारियर्स पर जीत के साथ यू मुंबा प्लेआफ में

**एजेंसी**

**पुणे।** यू मुंबा ने बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 132वें और अंतिम लीग मैच में बंगाल वारियर्स को 36-27 के अंतर से हराकर औपचारिक रूप से प्लेआफ का टिकट हासिल कर लिया है। दूसरी ओर, बंगाल की टीम हार के साथ घर लौटी। मुंबा ने 12वीं जीत के साथ 71 अंक लेकर तालिका में पांचवां स्थान हासिल किया जबकि बंगाल को 22 मैचों में 14वीं हार के साथ विदाई लेनी पड़ी। अब एलिमिनेटर-2 में मुंबा का सामना 26 दिसंबर को पटना पाइरेट्स से भिड़ना है जबकि इसी दिन के पहले एलिमिनेटर में यूपी योद्धाज का सामना जयपुर पिंक पैंथर्स से होगा। मैच की धीमी और सावधान शुरुआत हुई। शुरुआती छह मिनट में स्कोर 4-4 था लेकिन नितेश ने अजीत का शिकार कर बंगाल को लीड दिला दी। इस बीच प्रणय ने डू ओर डाई रेड पर दो अंक लेकर लीड तीन की कर दी। अब मुंबा के लिए सुपर टैकल आन था लेकिन मंजीत ने इस स्थिति को टाल दिया। इस बीच आदित्य ने मंजीत को आउट कर 10 मिनट की समाप्ति तक बंगाल को 8-5 से आगे किया और साथ ही मुंबा के लिए सुपर टैकल आन कर दिया। ब्रेक के बाद परवेश ने प्रणय को सुपर टैकल कर स्कोर 7-8 कर दिया। फिर अजीत ने डू ओर डाई रेड पर सिद्धेश को आउट कर स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद सुनील ने सुंदर को टैकल कर मुंबा को लीड दिलाई और फिर अजीत ने मल्टीप्वाइंटर के साथ न सिर्फ स्कोर 11-8 किया बल्कि बंगाल को आलआउट की ओर भी धकेल दिया।

## पंजाब एफसी ने आरएफडीएल क्षेत्रीय क्वालीफायर्स के लिए घोषित की टीम

**एजेंसी**


**मोहाली।** गत चैंपियन पंजाब एफसी ने रिलायंस फाउंडेशन डेवलपमेंट लीग (आरएफडीएल) क्षेत्रीय क्वालीफायर्स 2024-25 के लिए एक मजबूत टीम की घोषणा की है। यह प्रतियोगिता 27 दिसंबर से शुरू हो रही है। क्लब ने 41 खिलाड़ियों की प्रारंभिक टीम घोषित की है, जिसमें 10 सीनियर खिलाड़ियों और 12 रिजर्व खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। पिछले सीज़न की प्रीमियर लीग नेक्स्ट जनरेशन कप 2024 में पंजाब एफसी का प्रतिनिधित्व करने वाले 15 खिलाड़ी इस बार अपनी टीम का खिताब बचाने लौट रहे हैं।

टीम में सीनियर खिलाड़ियों जैसे टेकचम अभिषेक सिंह, रिकी शाबोंग, मंगलेंथांग किपगेन और नितेश दार्जी के साथ युवा खिलाड़ी जैसे सिंगमयूम शामी, मोहम्मद सुहैल एफ., प्रमवीर, और लीकम्बम राकेश मैतेई शामिल हैं, जिन्होंने इस सीज़न में सीनियर टीम में डेब्यू किया है। रिजर्व गोलकीपर आयुष देशवाल और जसकरणवीर सिंह को भी टीम में शामिल किया गया है। टीम में अंडर-17 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी करिश सोरम, विशाल यादव और थौगंबा उशाम सिंह को भी शामिल किया गया है। 2023-24 सीज़न के गोल्डन बॉल विजेता ओमंग डोडुम और पिछले सीज़न के गोल्डन बूट विजेता मोहम्मद सुहैल एफ. भी टीम का हिस्सा हैं। पंजाब एफसी के फुटबॉल निदेशक, निकोलाओस टोपोलियाटिस ने कहा, हमने हर श्रेणी के अकादमी खिलाड़ियों को शामिल करते हुए एक संतुलित टीम तैयार की है, ताकि अनुभव का समावेश हो और युवा खिलाड़ियों को सीखने का अवसर मिले। हमारा हमेशा से होमग्रोन टैलेंट को निखारने पर ध्यान रहा है, और यह टीम उसी प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसमें पंजाब के कई खिलाड़ी शामिल हैं। मुझे उम्मीद है कि खिलाड़ी इस वर्ष के युवा टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करेंगे और अपनी मेहनत से सीनियर टीम तक का सफर तय करेंगे। पंजाब एफसी आरएफडीएल क्षेत्रीय क्वालीफायर्स नॉर्थ 2024-25 में अपना पहला मुकाबला 27 दिसंबर 2024 को सुदेवा अकादमी, सिविल लाइन्स, नई दिल्ली में गढ़वाल हीरोज एफसी के खिलाफ खेलेगी। 2023-24 संस्करण में पंजाब एफसी ने बिना कोई मैच हारे क्षेत्रीय क्वालीफायर्स और राष्ट्रीय चैंपियनशिप का खिताब जीता था। इसके अलावा, इंग्लैंड में प्रीमियर लीग नेक्स्ट जनरेशन कप 2024 में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले तीन क्लबों में से एक बनकर इतिहास रचा। पंजाब एफसी विदेशी धरती पर एवर्टन और एस्टन विला जैसी टीमों को हराने वाला पहला भारतीय क्लब बना।

## गुजरात में पांच जनवरी से शुरु होगी 74वीं सीनियर नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप

**एजेंसी**

**अहमदाबाद।** गुजरात में पांच जनवरी से 74वीं सीनियर नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप शुरु होगी। बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया ने महिला और पुरुष वर्ग में होने वाली इस सीनियर नेशनल बॉस्केटबॉल चैंपियनशिप की जिम्मेदारी गुजरात स्टेट बास्केटबॉल एसोसिएशन को सौंपी है। पांच से 12 जनवरी तक चलने वाली यह चैंपियनशिप गुजरात स्पोर्ट्स अथॉरिटी के सिदसर भावनगर स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एक इनडोर स्टेडियम और तीन आउटडोर बास्केटबॉल कोर्ट में आयोजित की जायेगी। अब तक विभिन्न राज्यों की 31 पुरुष और 28 महिला टीमों ने इस चैंपियनशिप में अपनी भागीदारी की पुष्टि की है। चैंपियनशिप लीग कम नॉकआउट आधार पर खेली जाएगी। पिछले साल की रैंकिंग के अनुसार शीर्ष दस टीमों को 5-5 टीमों के 2 समूहों (ग्रुप ए और ग्रुप बी लेवल 1) में विभाजित किया जाएगा। शेष टीमों को चार समूहों



(ग्रुप सी, ग्रुप डी, ग्रुप ई और ग्रुप एफ लेवल-2) में विभाजित किया गया है। ग्रुप ए और ग्रुप बी से चार-चार टीमें नॉकआउट चरण के लिए तथा लेवल दो से दो शीर्ष टीमें नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई करेंगी।

## जिम्बाब्वे के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट से बाहर हुए राशिद खान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के स्टार खिलाड़ी राशिद खान निजी कारणों से जिम्बाब्वे के खिलाफ दो मैचों की सीरीज के शुरुआती टेस्ट से बाहर हो गए हैं। 26 वर्षीय राशिद अपनी पीठ की चोट के बाद अपने चिकित्सक की सलाह के अनुसार लाल गेंद वाले क्रिकेट से दूर थे और इसके बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से चूक गए।

बाद में, अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने घोषणा की कि वह नवंबर तक टेस्ट क्रिकेट से दूर रहेंगे और इस बात पर संदेह था कि वह जिम्बाब्वे दौरे के लिए टेस्ट टीम में जगह बना पाएंगे या नहीं। हालांकि, राशिद को अंततः बुलावायो के क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में 26 दिसंबर से शुरू होने वाली श्रृंखला के लिए 18 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। दिग्गज लेग स्पिनर ने अपने आधिकारिक फेसबुक पेज पर अपनी



एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें वह नीदरलैंड में पोज देते हुए दिखाई दे रहे हैं। उसी दिन अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बुलावायो में अपनी टीम की पहले टेस्ट के लिए तैयारियों की तस्वीरें पोस्ट की थीं। एसीबी द्वारा शेयर की गई उन तस्वीरों में राशिद का कोई निशान नहीं था।

# आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का कार्यक्रम घोषित, 19 दिन में आठ टीमों के बीच होंगे 15 मुकाबले

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए कार्यक्रम की घोषणा की है, जो 19 फरवरी से 09 मार्च तक पाकिस्तान और यूएई में होगी। 19 दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में आठ टीमों के बीच 15 मैच खेले जाएंगे। वर्ष 1996 के बाद पहली बार पाकिस्तान वैश्विक क्रिकेट टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। बांग्लादेश, भारत, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान ग्रुप ए में होंगे, जबकि ग्रुप बी में अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका होंगे। पाकिस्तान में लाहौर, कराची और रावलपिंडी के स्टेडियम मैचों की मेजबानी करेंगे, जबकि दुबई संयुक्त अरब अमीरात में मैचों की मेजबानी करेगा। चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत 19 फरवरी को कराची में मेजबान पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच मैच के शुरुआती दिन से होगी। अन्य प्रमुख मुकाबलों में दुबई में प्रतियोगिता के दूसरे दिन बांग्लादेश का भारत से मुकाबला और 21 फरवरी को कराची में अफगानिस्तान का दक्षिण अफ्रीका से मुकाबला शामिल है। 22 फरवरी को क्रिकेट की सबसे प्रसिद्ध प्रतिद्वंद्विता में से एक लाहौर में ऑस्ट्रेलिया का मुकाबला इंग्लैंड से होगा। इससे पहले 23 फरवरी को दुबई में पाकिस्तान बनाम भारत मुकाबला होगा। प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल 04 मार्च को दुबई में और दूसरा सेमीफाइनल 05 मार्च को लाहौर में खेला जाएगा। लाहौर में 09 मार्च को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। हालांकि अगर भारत फाइनल के लिए क्वालीफाई करता है तो यह दुबई में खेला जाएगा। सेमीफाइनल और फाइनल दोनों में आरक्षित दिन होंगे। आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने कहा है कि आईसीसी को पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए शेड्यूल जारी करते हुए खुशी हो रही है, जो 2017 के बाद से टूर्नामेंट की बहुप्रतीक्षित वापसी का प्रतीक है। रोमांचक प्रतियोगिता, जिसमें आठ टीमें प्रतिष्ठित सफेद जैकेट पर दावा करने के लिए प्रतिस्पर्धा करती हैं। प्रशंसकों को अविस्मरणीय मनोरंजन के 15 मैच प्रदान करेगा। उन्होंने आगे कहा कि यह संस्करण पाकिस्तान और यूएई में होगा, और दुबई आईसीसी मुख्यालय के घर के रूप में भी काम करेगा, यह विरासत और आधुनिकता के साथ सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट का प्रदर्शन करने का अवसर दर्शाता है। यह चैंपियंस ट्रॉफी वास्तव में विश्व क्रिकेट के बेहतरीन प्रदर्शन का एक अविस्मरणीय उत्सव बनने के लिए तैयार है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा, हमें खुशी है कि समानता और सम्मान के सिद्धांतों के आधार पर एक समझौता हुआ है, जो सहयोग और सहयोग की भावना को दर्शाता है जो हमारे खेल को परिभाषित करता है। हमारा हार्दिक आभार आईसीसी सदस्यों के प्रति है, जिन्होंने पारस्परिक रूप से लाभकारी समाधान प्राप्त करने में हमारी मदद करने में रचनात्मक भूमिका निभाई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के हितों को बढ़ावा देने में उनके प्रयास अमूल्य रहे हैं। मोहसिन नकवी ने कहा कि चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करना पाकिस्तान के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो उच्चतम स्तर पर क्रिकेट को बढ़ावा देने और एक प्रमुख कार्यक्रम आयोजक के रूप में हमारी क्षमताओं को प्रदर्शित करने की हमारी प्रतिबद्धता को उजागर करता है। हम यह सुनिश्चित करने के लिए समर्पित हैं कि यह टूर्नामेंट खिलाड़ियों, अधिकारियों और प्रशंसकों के लिए एक यादगार अनुभव होगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी में दुनिया का स्वागत करने के लिए उत्साहित है।

## बॉयफ्रेंड विजय वर्मा संग गोवा में हॉलीडे एंजॉय कर रही हैं

# तमन्ना भाटिया

## शेयर की रोमांटिक तस्वीरें





साउथ सिनेमा और बॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया इन दिनों गोवा में छुट्टियां एंजॉय कर रही हैं. एक्ट्रेस ने कुछ तस्वीरें और वीडियो शेयर किए हैं, जिनमें उनकी कुछ सहेलियां दिख रही हैं, जिनके साथ एक्ट्रेस की मस्ती भरी तस्वीरें शामिल हैं. वहीं तमन्ना ने अपने बॉयफ्रेंड विजय वर्मा के साथ भी एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें दोनों वीडियो गेम खेल रहे हैंतस्वीरें शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन लिखा, गोवा गेटवे. इन पोस्ट में तमन्ना की कई खूबसूरत तस्वीरें हैं, जिन्हें देखकर आप उनके दीवाने हो जाएंगे. तमन्ना इन तस्वीरों में बेहद खूबसूरत लग रही हैं और ऐसा कमेंट बॉक्स में फैंस भी लिख रहे हैं. पहली तस्वीर में तमन्ना भाटिया ने फूलों के साथ शेयर की है. वहीं अगली तस्वीर में तमन्ना अपनी सहेलियों के साथ सो रही हैं. वो खुश नजर आ रही हैं.

**तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा की लव स्टोरी**

'लस्ट स्टोरीज 2' की शूटिंग के दौरान तमन्ना और विजय की पहली मुलाकात हुई थी. इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक, विजय वर्मा ने बताया था कि उस फिल्म की रैपअप पार्टी के बाद दोनों में बातचीत शुरू हुई और फिर एक-दूसरे को डेट करने लगे. वहीं एक पॉडकास्ट में तमन्ना भाटिया ने कहा था कि वो विजय के साथ खुश महसूस करती हैं और वो उनकी परवाह भी करते हैं. तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा का रिलेशनशिप अब पब्लिक है, लेकिन शादी के सवाल पर ये कपल हमेशा मुस्कुराकर बात टाल देते हैं.

**तमन्ना भाटिया का फिल्मी करियर**

35 साल की तमन्ना भाटिया ने साल 2005 में फिल्म 'चांद सा रोशन चेहरा' से हिंदी फिल्मों में डेब्यू किया था. वहीं उसी साल उन्होंने तेलुगू फिल्मों में भी डेब्यू किया था. उसके बाद तमन्ना भाटिया ने 'खामोशी', 'बबली बाउंसर', 'हमशक्ल', 'हिम्मतवाला', 'एंटरटेनमेंट' जैसी फिल्मों काम किया है. वहीं 2024 में आई फिल्म 'स्त्री 2' में भी नजर आईं, जिसमें उनका गाना 'आज की रात' साल का सबसे बड़ा गाना बना.

# अविनाश मिश्रा

## से प्यार का नाटक कर रही हैं ईशा सिंह, ईडन रोज ने किया फेक लव स्टोरी का पर्दाफाश



सलमान खान के 'बिग बॉस 18' से ईडन रोज और यामिनी मल्होत्रा का सफर खत्म हो गया है. भले ही वो कलर्स टीवी के रियलिटी शो से बाहर हो गई हों, लेकिन उनका मानना है कि बिग बॉस के घर में फिलहाल उनसे भी कई कमजोर खिलाड़ी हैं, जो उनसे पहले इस शो से बाहर होने चाहिए थे. हाल ही में टीवी9 हिंदी डिजिटल के साथ की एक्सक्लूसिव बातचीत में यामिनी मल्होत्रा और ईडन रोज ने बिग बॉस के घर में चल रही अविनाश मिश्रा और ईशा सिंह की फेक लव स्टोरी का पर्दाफाश किया.दरअसल बिग बॉस जैसे रियलिटी शो में आगे बढ़ने के लिए अक्सर सेलिब्रिटी झूठी लव स्टोरी बनाते हैं. फिलहाल ईशा सिंह और अविनाश मिश्रा सलमान खान के शो में एक दूसरे के साथ रोमांस करते हुए नजर आ रहे हैं. हालांकि ईशा ने हमेशा ये कहा है कि अविनाश उनके दोस्त हैं. लेकिन उनकी हरकतें दोस्ती से पूरी तरह से अलग हैं. अविनाश और ईशा की कहानी के बारे में बात करते हुए ईडन रोज ने कहा कि मैंने ईशा से बात की है और उसकी जिंदगी में कोई और है. वो अविनाश को लेकर सीरियस नहीं है.


**अविनाश पर पूरी तरह से फिदा हैं ईशा**

इस बातचीत के दौरान आगे ईडन रोज और यामिनी ने कहा कि भले ही ईशा की तरफ से अविनाश के लिए कुछ भी नहीं हो. लेकिन अविनाश ईशा पर पूरी तरह से फिदा हैं. वो उसे पूरी तरह से पैम्पर करता है. वो ईशा के पैर दबाता है, उसका सिर दबाता है. उसके लिए खाना बनाता है, उसको खाना खिलाता है. सुबह-सुबह उसे जो ग्रीन टी चाहिए होती है, वो उसके लिए बनाकर दे देता है. अब ईशा के अपना पक्ष सामने रखने के बावजूद अविनाश की तरफ से उसका प्यार कम नहीं हुआ. तो हम क्या समझे ? अब वो दोनों ऑडियंस को सच्चाई से पूरी तरह से अलग कहानी क्यों बता रहे हैं ? ये हम नहीं जानते.

**झूठी लव स्टोरी ?**

पिछले दो हफ्तों से अविनाश ही नहीं ईशा सिंह की तरफ से भी ऑडियंस के सामने एक क्यूट लव स्टोरी दिखाने की कोशिश की जा रही है. बिग बॉस के घर में अक्सर अविनाश और ईशा एक दूसरे के साथ समय बिताते हुए नजर आते हैं. हाल ही में हुए नॉमिनेशन टास्क के दौरान दोनों ने आपस में प्लानिंग करते हुए विवियन डीसेना को नॉमिनेट कर दिया था. यानी भले ही विवियन डीसेना अविनाश मिश्रा और ईशा सिंह के साथ पक्की दोस्ती होने का दावा कर रहे हों, लेकिन असल में अविनाश और ईशा एक दूसरे की प्रायोरिटी हैं. अब ये 'झूठी' लव

## मेरे मुंह से कुछ और ही शब्द निकल गए...शहनाज-सिद्धार्थ पर कमेंट कर पछता रहीं यामिनी मल्होत्रा



यामिनी मल्होत्रा का 'बिग बॉस 18' का सफर खत्म हो गया है. सलमान खान के शो में उन्होंने बतौर 'वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट' एंट्री की थी. बिग बॉस के घर में यामिनी मल्होत्रा की तुलना अक्सर शहनाज गिल से की जाती थी. उनपर कई बार ये इल्जाम भी लगाया गया है कि शहनाज गिल को वो कॉपी कर रही हैं. हालांकि जब शहनाज और सिद्धार्थ शुक्ला के रिश्ते को लेकर यामिनी ने कहा था कि शहनाज लड़के के पीछे थीं, तब उन्हें सोशल मीडिया पर बुरी तरह से ट्रोल होना पड़ा था. टीवी9 हिंदी डिजिटल के साथ की एक्सक्लूसिव बातचीत में यामिनी मल्होत्रा ने कहा है कि उन्हें इस बात का पछतावा है.

यामिनी ने कहा, मेरे साथ ये हुआ कि शुरुआत में करणवीर मेहरा ने मेरे बारे में बोला कि ये शहनाज गिल की वाइब देती हैं और वो मुझे अच्छा लगा. मेरे साथ बिग बॉस के 13वें सीजन से ये हो रहा है कि जबसे शहनाज गिल को हमने देखा है. लोग मुझे यही बोल रहे हैं कि तुम दोनों एक ही जैसी लगती हो और मुझे इस बात पर गर्व है. लेकिन बिग बॉस के घर में लोग इस बात को लेकर एक अलग नैरेटिव सेट कर रहे थे. वो ये बोलने लग गए थे कि मैं इस खेल में रहने के लिए शहनाज गिल को कॉपी करने लग गई हूं. जो बिल्कुल भी सही नहीं था.

**श्रुतिका ने उकसाया था**

आगे यामिनी मल्होत्रा ने कहा, रियलिटी शो में कोई भी किसी को कॉपी नहीं कर सकता. कितने दिन तक कैमरा के सामने हम किसी को कॉपी कर सकते हैं. टास्क में, झगड़ों में हम किसी और की तरह तो नहीं एक्टिंग कर सकते. लेकिन इस बात को लेकर श्रुतिका ने मुझे बहुत उकसाया था और मैंने गलती से कुछ बोल दिया. दरअसल मुझे ये कहना था कि शहनाज गिल अलग थीं. मैं बतौर वाइल्ड कार्ड शो में आई हूं. हम दोनों पंजाबी हैं, इसलिए लोगों को हमारा फ्लेवर एक जैसा लगता है. लेकिन हम कॉपी नहीं करते. लेकिन उस वक्त मेरे मुंह से कुछ और ही शब्द निकल गए.

**गलत बात बोलने पर है पछतावा**

यामिनी बोलीं, मैंने गलती से बोल दिया कि शहनाज लड़के के (सिद्धार्थ शुक्ला) पीछे थीं. हालांकि मेरा वो मतलब बिल्कुल भी नहीं था. मुझे सिर्फ ये कहना था कि उसके पास एक लव एंगल था. वो ओरिजिनल कंटेस्टेंट थीं, उनके पास उनके ज्यादा फ्रेंड्स थे. मुझे खुद को शो में आगे लेकर जाने में बहुत स्ट्रगल करना पड़ रहा है. लेकिन मेरे बोलने से पहले वो बात उन्होंने खत्म कर दी. लेकिन मुझे उस लाइन पर पछतावा है. मुझे बिल्कुल भी प्राउड नहीं है, कि मैंने शहनाज को लेकर ये बात बोली. मुझे वो बहुत पसंद है.

## 2024 में टीवी के इन 5 पॉपुलर स्टार्स ने रातों-रात छोड़ दिया शो, फैंस को लगा था झटका



2024 खत्म होने वाला है और इस साल कई खबरें सुर्खियों में रही हैं. अगर बात टीवी इंडस्ट्री की करें तो कई ऐसे सितारे हैं, जिन्होंने अच्छे-खासे चलते शोज को अलविदा कह दिया. इसमें 'अनुपमा' जैसे पॉपुलर सीरियल के चार सितारे शामिल हैं, जिन्होंने रातों-रात शो छोड़ दिया था. दर्शक इन सितारों को शो में पसंद भी करते हैं.जिन सितारों ने अपने चलते हुए शो को छोड़ा उन्होंने कोई न कोई कारण बताया. इनमें से कोई शो से बोर हुआ तो कुछ की प्रोड्यूसर्स से नहीं बनी. 2024 में जिन सितारों ने अपने पॉपुलर शोज को छोड़ दिया, उसके पीछे की वजह उन्होंने किसी न किसी इंटरव्यू में खुद बताई है.

**सुधांशु पांडे**

स्टार प्लस के मोस्ट पॉपुलर शो अनुपमा में वनराज शाह का रोल करने वाले एक्टर सुधांशु पांडे ने भी इसे अलविदा कह दिया है. दर्शकों को उनके जाने से काफी झटका भी लगा, लेकिन बाद में सुधांशु पांडे ने इसकी वजह बताई थी. एक इंटरव्यू में सुधांशु पांडे ने बताया था कि वो इस शो से 4 सालों से जुड़े थे और उन्हें लग रहा था कि वो इस शो में इतना बिजी हो गए थे कि उनकी पर्सनल ग्रोथ नहीं हो पा रही थी इसलिए उन्होंने शो छोड़ दिया.

**गौरव खन्ना**

'अनुपमा' का ही दूसरा अहम किरदार गौरव खन्ना का भी था. गौरव ने 2024 में ये शो छोड़ दिया, जबकि दर्शक उन्हें काफी पसंद करते थे. मेकर्स ने शो से अनुज के रोल को हटाया, जिस वजह से गौरव को भी शो छोड़ना पड़ा था.

**मदालसा शर्मा**

'अनुपमा' के तीसरे अहम किरदार में मदालसा शर्मा भी थीं. इन्होंने भी शो छोड़ने की वजह ये बताई कि कई लोग शो से बाहर चले गए थे और वो भी उस किरदार से काफी बोर हो गईं थीं इसलिए उन्होंने ये शो छोड़ दिया.

**शहजादा धामी**

'ये रिश्ता क्या कहलाता है' से शहजादा धामी को अचानक निकाल दिया गया था. 'बिग बॉस 18' में शहजादा धामी आए थे और इसमें उन्होंने सलमान खान को बताया था कि अचानक उन्हें निकाला गया, जिसकी वजह कुछ लोग थे, जिनका नाम वो नेशनल चैनल पर नहीं ले सकते.